आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 137 | उज्जैन, मंगलवार 02 जून, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण 2 (अधिकमास) संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## दैनिक अवन्तिका के पक्षी सेवा अभियान से जुड़े पूर्व केंद्रीय मंत्री, सकोरा लेकर तत्काल रखवाया पक्षी सेवा में

# डॉ. जटिया बोले- अभिनंदन अवन्तिका, सेवा और सूचना एक साथ

### नौतपा और पुरूषोत्तम मास में सकोरा वितरण अभियान को सराहते हुए शुभकामनाएं दी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दैनिक अवन्तिका के पक्षी सेवा अभियान के तहत सकोरा वितरण से सोमवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. सत्यानारायण जटिया भी जुड़े। उन्होंने सकोरा लेकर तत्काल ही पक्षी सेवा के लिए उन्हें रखवाया। इस दौरान डॉ. जटिया ने अवन्तिका के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह अभिनंदनीय पहल है और सेवा और सूचना एक साथ। इसे अवन्तिका परिवार बखूबी निभा रहा है।

उन्होंने अवन्तिका परिवार एवं प्रतिनिधियों के साथ ही संवाददाताओं को इस सेवा कार्य के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दी। डॉ. जटिया को उनके निवास पर पक्षियों की सेवा के लिए सकोरा भेंट करने के दौरान उनके पुत्र राजकुमार जटिया एवं उनका निजी स्टाफ साथ में थे। उन्होंने तत्काल ही निवास परिसर एवं सामने के उद्यान में सकोरा को पानी से भरकर रखने एवं पक्षियों के लिए दाना रखने के निर्देश निजी स्टाफ को देते हुए कहा कि पक्षियों के लिए प्रति दिन सकोरा में पानी भरने एवं दाना भी रखें। इस सेवा से पुरूषोत्तम मास में विशेष फलदायी भी उन्होंने बताया।

जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर ने अपने सदस्यों के घरों पर सकोरे वितरित किए। संस्था के सदस्य अब अपने-अपने घरों की छतों पर इन सकोरों में पानी रखकर पक्षियों की प्यास बुझा रहे हैं। संस्था के संरक्षक और संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन ने कहा कि गर्मी का प्रकोप इस कदर बढ़ गया है कि मानव तो अपनी बुद्धि से पानी की व्यवस्था कर लेता है, लेकिन उड़ते आजाद परिंदे पानी के अभाव में दम तोड़ देते हैं। कार्यक्रम में कार्यकारिणी सदस्य शोभा चौधरी, कैलाश अग्रवाल, मनोज तीर्थानी, आर.एस. ठाकुर, रविंद्र महाजन, अरुण जोशी, देवचंद शर्मा, रजनी गट्टानी, विवेक हकीम सहित सदस्य उपस्थित रहे।



दिल्ली में डॉ. सत्यनारायण जटिया ने पुत्र राजकुमार जटिया के साथ अपने निवास से बांटे सकोरे।





नीमच में भारत माता चौराहे पर पक्षियों के लिए जल पत्र सकोरा वितरण कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने भी जल पात्र वितरण किया।



नागदा में महिला मंडल अध्यक्ष वर्षा मेहता के नेतृत्व में स्थानीय प्रकाश नगर स्थित माधव गार्डन में महिला मंडल सदस्य गण मौजूद रहे।



मुरैना में दिलीप सिंह तोमर ने प्लास्टिक के जल पात्र बनाए।

## देश विदेश

### कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 53.50 रुपए तक महंगा

**नई दिल्ली।** कॉमर्शियल सिलेंडर 1 जून से 53.50 रुपए तक महंगा हो गया है। दिल्ली में ये 3113.50 रुपए में मिल रहा है। 5 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 11 रुपए का इजाफा किया गया है। इस बढ़ोतरी के बाद अब इस सिलेंडर की कीमत 821.50 रुपए हो गई है। इसके अलावा पेट्रोल, डीजल और एटीएफ यानी हवाई जहाज के ईंधन पर नई एक्सपोर्ट ड्यूटी आज से लागू हो गई है। तेल कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 53.50 रुपए तक महंगा कर दिया है। दिल्ली में इसकी कीमत 3113.50 हो गई है। पहले ये 3071.50 में मिल रहा था। कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ने से रेस्टोरेंट मालिकों का खर्च बढ़ेगा। ऐसे में वे चाय, नाश्ते और थाली महंगी कर सकते हैं।

### पश्चिम बंगाल में कैबिनेट विस्तार, 35 मंत्रियों ने शपथ ली

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सोमवार को सरकार का पहला मंत्रिमंडल विस्तार हुआ। लोकभवन में हुए कार्यक्रम में राज्यपाल आरएन रवि ने 35 नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। सीएम शुभेंदु अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। 13 नेताओं को कैबिनेट मंत्री, 3 को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 19 को राज्य मंत्री बनाया गया। इस विस्तार के साथ बंगाल में मंत्रिपरिषद की मंत्रियों की संख्या 41 हो गई है। इससे पहले 9 मई को शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उनके साथ दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, निशीथ प्रमाणिक, अशोक कीर्तनिया और क्षुदीराम टुडू ने भी मंत्री पद की शपथ ली थी। संविधान के 91वें संशोधन के अनुसार, राज्य मंत्रिमंडल में विधायकों की संख्या विधानसभा की कुल संख्या के 15% तक सीमित है।

#### गायिका सुमन कल्याणपुर का निधन

### राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई



**आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे, ना ना करते प्यार जैसे गाने मशहूर रहे**

**मुंबई।** गायिका सुमन कल्याणपुर का रविवार शाम को मुंबई में 89 की उम्र में निधन हो गया। रिपोर्ट्स में मौत की वजह उम्र से जुड़ी दिक्कतें बताई जा रही हैं। उनकी करीबी दोस्त मंगला खाडिलकर ने बताया कि सुमन ने रात करीब 8 बजे अंतिम सांस ली। वे पिछले कुछ दिनों से अपने ही गाए हुए गाने सुन रही थीं। उन्होंने बहुत शांति से दुनिया को अलविदा कहा। सुमन की आवाज की तुलना अक्सर लता मंगेशकर की आवाज से होती थी। फिल्मफेयर की एक रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने 11 भाषाओं में 3000 से ज्यादा फिल्मी-नॉन फिल्मी गाने गाए। सोमवार दोपहर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुमन कल्याणपुर को श्रद्धांजलि देते हुए आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से लिखा- लोकप्रिय गायिका सुमन कल्याणपुर जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ। उनकी मधुर आवाज और भावपूर्ण गायकी ने हमारे सांस्कृतिक जगत को समृद्ध बनाया। अपने गीतों के माध्यम से उन्होंने संगीत प्रेमियों और भारतीय सिनेमा के प्रशंसकों के दिलों में एक विशेष स्थान बनाया। उनके परिवारजनों और चाहने वालों के प्रति मेरी गहरी संवेदनां हैं। ओम शांति। सुमन कल्याणपुर ने 1960 और 1970 के दशक में अपनी सुरीली आवाज से संगीत जगत में एक खास पहचान बनाई थी। उस दौर में लता मंगेशकर जैसी महान गायिका के रहते हुए भी उन्होंने अपनी अलग जगह बनाई। उनके गाए आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे, ना ना करते प्यार तुम्हीं से और तुमने पुकारा और हम चले आए जैसे गाने आज भी लोकप्रिय हैं। उन्होंने हिंदी के अलावा मराठी, असमी, कन्नड़, बंगाली और ओडिया समेत कई भाषाओं में गाने गाए।

### शादी के दिन हेलिकॉप्टर क्रैश में भारतवंशी पायलट की मौत

**जॉर्जिया।** अमेरिका के जॉर्जिया में शादी के कुछ घंटों बाद भारतीय मूल के पायलट की हेलिकॉप्टर हादसे में मौत हो गई। उनकी पत्नी घायल हो गईं और करीब 6 घंटे तक मलबे में फंसी रहीं। डेव फिजी और जेस्नी की शादी 29 मई को डॉसनविल के 'द रिवेर' वेडिंग वेन्यू में हुई थी। समारोह में करीब 400 मेहमान शामिल हुए थे। नवविवाहित जोड़ा शादी के बाद हेलिकॉप्टर से अटलांटा के लिए रवाना हुआ था, लेकिन उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अमेरिका की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड इस मामले की जांच कर रही है। हालांकि, एजेंसी ने अभी तक दुर्घटना की वजह नहीं बताई है। शुरूआती जांच रिपोर्ट अगले 30 दिनों में आने की उम्मीद है।

### अमेरिका ने ईरान की रडार-ड्रोन कंट्रोल साइट्स पर हमला किया

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका ने कहा कि हमने ईरान के गोरुक और केश्म आइलैंड पर रडार और ड्रोन कंट्रोल साइट्स को निशाना बनाया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया है कि यह कार्रवाई ईरान की आक्रामक गतिविधियों के जवाब में की गई। अमेरिका ने आरोप लगाया कि ईरान ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में एक अमेरिकी एमक्यू1 ड्रोन को गिराया था। केंटकॉम के मुताबिक, अमेरिकी सेना ने ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम, एक ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन और दो ड्रोन को तबाह कर दिया। दूसरी तरफ, ईरान की इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया कि हमने उस एयरबेस को निशाना बनाया, जिसका इस्तेमाल सीरिक आइलैंड के पास अमेरिकी ऑपरेशन में हुआ था।

## गुजरात में 12 शेर, मध्यप्रदेश में 10 बाघों की मौत

एजेंसी ▸▸ अमरेली

एशियाटिक लायंस के लिए फेमस गुजरात के पूर्वी और पश्चिमी गिर फॉरेस्ट में 12 शेरों की मौत का मामला केंद्र सरकार तक पहुंच गया है। वन विभाग ने 30 से अधिक शेरों को एनीमल केयर सेंटर में रखा है। हालांकि, शेरों की लेबोरेटरी रिपोर्ट अभी तक जारी नहीं की गई है। ऐसा ही हाल मध्यप्रदेश में बाघों का है। कान्हा टाइगर रिजर्व में 2 अप्रैल से अब तक 10 बाघों की मौत हो चुकी है। बाघों में कैनाइन डिस्टेंपर वायरस के गंभीर लक्षण मिलने के बाद वन विभाग ने अलर्ट मोड में अभियान शुरू किए हैं। गुजरात के शेरों में उऊश्र वायरस के लक्षण मिलने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों और राज्य के वन मंत्री अर्जुन मोढवाडिया ने रविवार को जसाधार पशु देखभाल केंद्र का दौरा किया।

## हाथियों ने पति-पत्नी को कुचलकर मार डाला



दैनिक अवन्तिका ▸▸ सीधी

प्रदेश के सीधी जिले की ग्राम पंचायत गांजर अंतर्गत चिनगी (तिलिया) गांव में रविवार 31 मई की देर रात जंगली हाथियों ने बुजुर्ग दम्पती को कुचलकर मार डाला, जिसने समूचे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया।

मृतकों की पहचान भैयालाल यादव (60 वर्ष) पिता लालमन यादव एवं उनकी पत्नी के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम और आक्रोश का माहौल है। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए हैं और शवों को उठाने से इन्कार कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि यह हादसा केवल हाथियों के हमले का नहीं बल्कि प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है। उनका कहना है कि गांव के कई परिवारों को वन क्षेत्र से विस्थापित किया गया। भैयालाल यादव के परिवार समेत लगभग 40 लोगों को विस्थापन योजना का लाभ नहीं दिया गया। इसी कारण पूरा गांव खाली नहीं हो पाया और लोग आज भी हाथियों के खतरे के बीच रहने को मजबूर हैं।

#### राहुल गांधी का दावा

## 12वीं की आंसरशीट मोबाइल से स्कैन करवाई

### खास वेंडर को फायदा पहुंचाया, रीवैल्युएशन फीस पर कहा- सीबीएसई के जेबकतरों से सावधान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सीबीएसई की टेंडर प्रक्रिया में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि छात्रों की आंसरशीट को ऑटोमैटिक रोबोटिक स्कैनर की बजाय मोबाइल फोन से स्कैन किया गया।

राहुल गांधी ने छात्र सार्थक सिद्धांत की पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि अगस्त में ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम का टेंडर दोबारा जारी किया गया था। उस समय कई जरूरी शर्तें हटा दी गईं और स्कैनिंग की क्वालिटी भी 300 डीपीआई से घटाकर 200 डीपीआई कर दी गई। राहुल ने कहा कि धुंधली आंसरशीट, गायब पन्ने और कई कॉपियों का स्कैन न होना सिर्फ तकनीकी गलती नहीं है। उनके मुताबिक, यह सब किसी खास वेंडर को फायदा पहुंचाने के लिए किए गए कॉन्ट्रैक्ट का नतीजा है।



### सीबीएसई के ओएसएम सिस्टम और टेंडर प्रोसेस पर राहुल का बयान

यह एक धोखा है। और हर वह बच्चा, जिसके अंकों का गलत मूल्यांकन हुआ है, वह इस धोखे का शिकार है। धर्मेंद्र प्रधान अभी भी अपने पद पर बने हुए हैं। मोदी जी की यह चुप्पी अब सिर्फ उनकी उदासीनता नहीं रही। यह इस अपराध में उनकी मिलीभगत को दर्शाती है। जब शिक्षा को सेवा नहीं, कारोबार बना दिया जाए तब गलती सुधारी नहीं जाती।

#### प्रो. भीम सिंह के जीवन एवं विरासत को समर्पित

## विश्व शांति समारोह में क्यूबा के राजदूत रहे मुख्य अतिथि


एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

डिप्लोमैटिक एन्क्लेव स्थित अशोक होटल के फ्रेंडशिप लाउंज में लगभग 200 राष्ट्रीय नेताओं, राजनयिकों और सार्वजनिक जीवन की प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति में विश्व शांति हेतु प्रो. भीम सिंह स्मृति व्याख्यान आयोजित किया गया। यह आयोजन दिवंगत राजनेता की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर किया गया।



प्रो. भीम सिंह सर्वोच्च न्यायालय के एक प्रखर अधिवक्ता, लोकतंत्र के निर्भीक पक्षधर, जम्मू-कश्मीर नेशनल पैंथर्स पार्टी के संस्थापक तथा सद्दाम हुसैन से लेकर यासिर अराफात तक अनेक अंतरराष्ट्रीय नेताओं के घनिष्ठ मित्र थे। उनकी विरासत ऐतिहासिक कानूनी विजय, जनआधारित राजनीतिक आंदोलनों तथा धर्मनिरपेक्षता एवं सांप्रदायिक सौहार्द के प्रति अटूट प्रतिबद्धता से परिपूर्ण है।

उनके साहस का सबसे सशक्त उदाहरण वर्ष 1988 का उधमपुर संसदीय उपचुनाव माना जाता है, जो राज्य में उग्रवाद के चरम काल के दौरान आयोजित हुआ था। जब चुनावी तंत्र ने, उनकी 32 हजार मतों की अजेय बढ़त के बावजूद रात के अंधेरे में कथित रूप से धांधलीपूर्ण मतगणना कर परिणाम बदल दिए, तब प्रो. सिंह ने हिंसा के आह्वानों को अस्वीकार करते हुए न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। इस कार्यक्रम का आयोजन अंकित लव के साथ दिल्ली पैंथर्स पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव जॉली खोसला तथा स्वर्गीय प्रो. भीम सिंह के प्रेस सचिव सुदेश डोगरा द्वारा किया गया।




#### मानसून 2-3 दिन में केरलम पहुंचेगा

## एमपी-बिहार समेत 5 राज्यों में आंधी-बारिश

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मौसम विभाग ने कहा है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले 2 से 3 दिनों में केरल पहुंच सकता है। आमतौर पर मानसून 1 जून के आसपास केरल पहुंचता है, लेकिन इस बार इसमें थोड़ी देरी हुई है।

आईएमडी के मुताबिक अरब सागर, लक्षद्वीप, केरलम और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए मौसम अनुकूल है। बंगाल की खाड़ी के कई इलाकों में भी मानसून आगे बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने पहले अनुमान लगाया था कि मानसून 26 मई को केरलम पहुंचेगा, लेकिन बाद में इसकी रफ्तार धीमी पड़ गई। अब इसके जून के पहले सप्ताह में पहुंचने की संभावना है।



देशभर में फिलहाल हीटवेव का असर खत्म हो गया है। राजस्थान के अजमेर, नागौर और चित्तौड़गढ़ में सोमवार को ओलावृष्टि हुई। मध्य प्रदेश के 4 जिलों में आंधी और बारिश का दौर जारी है। उत्तर प्रदेश के झांसी और ललितपुर में तेज बारिश हुई, जबकि 63 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी है। बिहार के सासाराम में भी दोपहर बाद बारिश हुई। वहीं झारखंड, छत्तीसगढ़, हरियाणा और पंजाब समेत 27 राज्यों में हल्की से भारी बारिश की संभावना जताई गई है। इस साल कम हो सकती है बारिश मौसम विभाग ने कहा है कि इस साल देश में मानसून के दौरान सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## अब गली कुचों की तरफ हो नजरें इनायत...

शहर में महाआयोजन के लिए आमूल-चूल परिवर्तन का दौर देखा जा रहा है। जिन क्षेत्रों में आमूल-चूल परिवर्तन किए जा रहे हैं वहां तो वैसे भी सब कुछ नया किया जाना है। मूलभूत सुविधा में नाली, सड़क, बिजली के खंबे, पानी की पाइप लाइन सब कुछ नया होगा। शहर में पिछले कई सालों में गड्ढा खोदने वाली कंपनी ने शहर के मुख्य मार्गों के साथ गली-कुचों में जमकर खुदाई की है। वहां के रोडों को उबड़-खाबड़ कर दिया है। रोड की रिपेयरिंग भी ऐसी ही की गई हैं। कहीं पर चेंबर उंचा है तो कहीं पर सडक । ऐसे में गड्ढों की स्थिति सामान्य बात है। पिछले कई वर्षों से कुछ मुख्य मार्गों एवं गली कुचों में ऐसे ही हालाता में आम आदमी का आवागमन हो रहा है। बरसात में आम आदमी के घरों के सामने जल जमाव हो रहा है। अन्यानेक हालात ऐसे में बन रहे हैं। इसके लिए पूर्व के महाआयोजन की तरह ही अबकी बार भी शहर के मुख्य मार्गों एवं गली कुचों में भी अभी से योजनाबद्ध रूप से गुणवत्ता के साथ सड़कों के निर्माण किया जाना जरूरी हो गया है। महाआयोजन के तहत ये संभव हो भी सकेगा अन्यथा शहर की संस्था आर्थिक रूप से पिछड़ी हुई है उसके पास इसके लिए पर्याप्त राशि होना संभव भी नहीं है। शहर के आंतरिक मार्गों के तहत मुख्य एवं गली कुचों में ही करीब 450 किलोमीटर मार्ग के लगभग होगा। ऐसे में इस काम को करने में पर्याप्त समय भी लगेगा। इसके साथ ही अन्यानेक क्षेत्रों में पुरानी नालियां भी ध्वस्त हो चली हैं या खुदाई वाली कंपनी की खुदाई के कारण ही नालियां धसक गई हैं उन्हें रिपेयरिंग एवं नया किया जाना भी आवश्यक हो चला है। इनके लिए भी पूरी तरह से एक योजना बनाने की आवश्यकता है। महाआयोजन के तहत ऐसा किया जाना संभव भी हो सकेगा। खुसूर-फुसूर है कि इस बार सड़कों को बनाने में पूर्व की सड़क की परत की खुदाई करवा कर उस पर निर्माण करवाया जाएगा तो उससे नागरिकों को परेशानी भी नहीं होगी और रोड उंचे और मकान नीचे जैसी समस्या भी नहीं बन सकेगी। अब तक तो यही होता आया है कि पुरानी सड़क पर ही नई परत चढ़ा दी जाती है जिससे गली कुचो में पिछले दो तीन दशकों में मकान नीचे और रोड ऊपर हो चली है जिससे बारिश का पानी घरों में घुसता है और परेशानी बनती है। समय रहते इस बार अगर योजनबद्ध काम किया जाएगा तो शहर के गली कुचों के नागरिकों की समस्या का भी समाधान हो सकेगा।




## न्यूज कॉलम

### सलमान बना शांतनु, शिप्रा में डुबकी लगाकर विधि विधान से अपनाया सनातन धर्म

**उज्जैन।** मौनतीर्थ पीठ आश्रम में रविवार को मुस्लिम युवक ने स्वैच्छा से सनातन धर्म अपनाया है। धार्मिक क्रिया के बाद स्वामी सुमनानंद महाराज ने सलमान को घर वापसी कराकर शांतनु नाम दिया है। युवक का कहना है कि वह बचपन से ही सनातन हिंदू परंपरा से प्रभावित था। जानकारी के अनुसार उज्जैन के गांधी नगर निवासी सलमान खान ने रविवार को मंगलनाथ मार्ग स्थित मौनतीर्थ आश्रम में महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. सुमनानंद से दीक्षा लेकर सनातन धर्म अपना लिया। इससे पहले मौनतीर्थ स्थित गंगा घाट पर सलमान ने शिप्रा स्नान किया तथा पंच गव्य प्राशन कर पूर्ण विधि विधान से दीक्षा ली। महामंडलेश्वर ने सलमान को घर वापसी कराने के बाद शांतनु नाम दिया। बताया जाता है युवक सभी प्रमुख त्योहारों में शामिल होता था। उसने अपने एक मित्र से सनातन धर्म अपनाने की इच्छा व्यक्त की थी। इसके बाद मौन तीर्थ में घर पावसी की प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

### निगम अध्यक्ष यादव ने किया विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

**उज्जैन।** वार्ड क्रमांक 36 की क्षेत्रीय पार्षद एवं एमआईसी सदस्य दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी के प्रयासों से क्षेत्र में नगर निगम द्वारा राशी रुपए लगभग 57 लाख की लागत से होने वाले विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्य का भूमि पूजन सोमवार को निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा नगर भाजपा अध्यक्ष से संजय अग्रवाल, क्षेत्रीय पार्षद एवं एमआईसी सदस्य दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुलाल जाटवा की उपस्थिति में संपन्न किया गया। उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 36 अंतर्गत जबरन कॉलोनी में नगर निगम द्वारा राशि रुपए लगभग 57 लाख की लागत के विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्य करवाए जा रहे हैं जिसमें निगम अध्यक्ष मद की राशि रुपए लगभग 32 लाख की लागत से क्षेत्र के नागरिकों की सुविधा हेतु सर्वसुविधायुक्त मांगलिक भवन का निर्माण, निगम मद की राशि 15 लाख रुपए की लागत से नाली निर्माण एवं पार्षद मद की राशि 10 लाख रुपए की लागत से वार्ड अंतर्गत विभिन्न गलियों में बोरिंग खनन कार्य करवाए जाएंगे। इस दौरान एमआईसी सदस्य कैलाश प्रजापत, नगर उपाध्यक्ष उमेश सेंगर, महामंत्री जितेंद्र कृपलानी, संतोष कोलवाल, सर्वश्री दीपक सोलंकी, सुमित मुठेले, रोशन बोरासी, रवि बिजोरिया अशोक वर्मा, राजेश मु, मोनू जोशी, बहादुर माल, मयंक यादव आदि उपस्थित रहे।

### मौसम को लेकर पूर्व से अलर्ट पर था नगर निगम का अमला

# आंधी-तूफान, बारिश की समस्या बनी, क्षेत्रों में जुटा अमला





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में पहली बार ऐसा देखा गया कि प्री-मानसून की गतिविधि के तहत आंधी-तूफान, बारिश से निपटने के लिए निगम का अमला तत्काल ही मैदान में जुट गया और समस्याओं के निदान किए गए। पेड़ एवं टहनियों के गिरने पर तत्काल उन्हें मार्ग से हटाया गया। प्रमुख मार्ग पर बारिश के रूकते ही सफाई का काम शुरू हो गया। इसके लिए मौसम अलर्ट मिलते ही तैयारी कर ली गई थी और काम को लेकर निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा ने स्वयं टिप्स भी दिए थे।

तेज हवाओं एवं बारिश को लेकर मौसम का अलर्ट शनिवार-रविवार को ही मिल चुका था। प्रदेश स्तर के मौसम विभाग ने इसे लेकर अलर्ट जारी किया था। इसी के तहत नगर निगम ने अपनी तैयारी कर ली थी। रविवार को इसी को लेकर शाम को बैठक हुई थी और उसमें पूरी मशीनरी को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए जा चुके थे।

नगर निगम कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक यंत्री सुनील जैन के अनुसार रविवार को देर शाम को आयुक्त ने बैठक लेकर मौसम अलर्ट से अवगत करवाते हुए सभी को तैयार रहने के निर्देश दिए गए थे। बैठक में नगर निगम के सभी प्रमुख विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान निगमायुक्त ने तेज हवाओं के कारण वृक्षों के धराशायी होने एवं टहनियों के टूटने से उत्पन्न होने वाली समस्या के निदान को लेकर स्पष्ट कहा था कि सबसे पहले वृक्षों एवं टहनियों को आम रास्ते से एक और किया जाए। अगर मकानों पर गिरे हैं तो तत्काल ही सुरक्षित स्थिति बनाते हुए ऐसे पेड़ों एवं टहनियों की कटर से कटाई करते हुए उन्हें उठवाया जाए। आंधी बारिश से प्रभावित सडकों पर फैली गंदगी को तत्काल ही साफ करवाया जाए। कहीं भी प्रमुख मार्गों एवं क्षेत्रों में गंदगी की स्थिति सामने नहीं आए।

### निगमायुक्त ने एक दिन पूर्व ही मौसम अलर्ट की बैठक लेकर दिए थे मातहतों को निर्देश



### 5 स्थानों पर गिरे वृक्ष एवं टहनियां

जैन के अनुसार निगमायुक्त के निदेर्शानुसार पूरा अमला सोमवार को अलर्ट पर था। दोपहर में प्रि मानसून की स्थिति में 5 स्थानों से वृक्षों एवं टहनियों के गिरने की सूचना पर नगर निगम का अमला पहुंचा और उन्हें हटाया गया। इसमें जोन 4 कार्यालय के पास एवं फ्रीगंज में वृक्ष गिरने की सूचना शामिल रही है।

### सड़कों पर भी अमला उतरा

दोपहर में आकस्मिक रूप से मौसम में बदलाव की स्थिति बनी थी। इसके बाद तेज हवाओं के साथ बारिश ने जोर पकड़ा। करीब 20-25 मिनट की बारिश एवं आंधी में सड़कों पर चौतरफा कचरा और गंदगी के हालात कायम हो गए थे। जैसे ही बारिश थमी उसके कुछ देर बाद ही प्रमुख सडकों पर सफाई मित्र वर्दी में दिखाई दिए और उन्होंने सफाई करने की शुरूआत कर दी। इस दौरान क्षेत्र की स्थिति के अनुसार कचरे का ढेर सफाई मित्र लगाते चले गए। बाद में इन ढेरियों को भी रात तक समेट लिया गया था।

### कंट्रोल रूम के दोनों नंबर बंद

निगम का अमला अलर्ट पर रहा लेकिन आम नागरिकों के लिए निगम के कंट्रोल रूम के जारी दोनों नंबर ही बंद की स्थिति में रहे। नागरिकों ने सूचना के लिए कंट्रोल रूम पर संपर्क साधना चाहा तो उन्हें 073402535323 एवं 07342535244 दोनों ही नंबर बंद मिल रहे थे। ऐसे में नागरिकों ने कुछ अधिकारियों से संपर्क साधना चाहा लेकिन वे नोरिप्लाय हो रहे थे। इस बारे में कंट्रोल रूम प्रभारी जैन का कहना था कि चौड़ीकरण के कारण कंट्रोल रूम के दोनों नंबर की लाइन फाल्ट चल रही है। इसे लेकर भारत संचार निगम लिमिटेड के अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। मानसून के दौरान कंट्रोल रूम के नंबरों के बंद होने से आम नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है जिसका उदाहरण सोमवार को ही सामने आ गया है। नगर निगम को ऐसे हालातों में आपातकालीन नंबर भी जारी करना चाहिए।

### तेज उमस के बीच 4 मिमी बरसे बादल

सोमवार दोपहर में तेज उमस के बीच प्री-मानसून की स्थिति रही। मालवा में 15 जून के आसपास ही मानसून का आगमन होता है ऐसे में इसे प्रि मानसून गतिविधि के स्तर पर ही देखा जाता है। शासकीय जीवाजी वेधशाला के अधीक्षक डॉ. आरपी गुप्त के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बनने वाले सिस्टम से बादलों को नमी की स्थिति बनने पर बारिश के हालात बने हैं। उनके अनुसार मानसून सत्र की शुरूआत 1 जून से मान ली जाती है ऐसे में सोमवार दोपहर को कुल 4 मिली मीटर बारिश दर्ज की गई है। सुबह न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेंटीग्रेड 71 प्रतिशत आर्द्रता एवं शाम को अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री 75 प्रतिशत आर्दता के साथ दर्ज किया गया। इस दौरान 8-12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली।

### मंदसौर जिला के नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के बेटीखेड़ी गांव में

# मोर का शिकार करने वाले शिकारियों को ग्रामीणों ने पकड़ा, दोनों गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मंदसौर जिला के नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के बेटीखेड़ी गांव में राष्ट्रीय पक्षी मोर का अवैध शिकार करते हुए ग्रामीणों ने दो आरोपियों को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द किया था। बाद में पुलिस की सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची एवं आरोपी प्रकाश पिता मनोहर बांछडा 39 वर्ष एवं नाबालिग निवासी छोटी बेटीखेड़ी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था। न्यायालय ने आरोपियों को 13 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजा है।

डीएफओ संजय रायखेरे ने बताया कि पुलिस थाना नाहरगढ़ से प्राप्त सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम द्वारा ग्राम बेटीखेड़ी, तहसील सीतामऊ में त्वरित कार्यवाही की गई। सूचना अनुसार दो व्यक्तियों को राष्ट्रीय पक्षी मोर का अवैध शिकार करते हुए ग्रामीणों द्वारा पकड़ा गया था। वन विभाग की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर आरोपियों के कब्जे से एक मृत मोर एवं शिकार में प्रयुक्त एक नग गिलोल



जप्त की गई। प्रकरण में नाबालिग एवं प्रकाश पिता मनोहर बांछड़ा, 39 वर्ष, निवासी छोटी बेटीखेड़ी को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

- गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने आरोपी प्रकाश पिता मनोहर बांछड़ा को जिला जेल मंदसौर तथा नाबालिग को बाल सुधार गृह, रतलाम में 13 जून 2026 तक निरुद्ध किए जाने के आदेश दिए गए हैं। प्रकरण में विवेचना एवं अन्य विधिक कार्यवाही जारी है।
- रायखेरे के अनुसार भारतीय मोर वैज्ञानिक नाम पावो क्रिस्टेटस भारत का राष्ट्रीय पक्षी है तथा वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची-क (भाग-इ) के अंतर्गत सूचीबद्ध होकर संरक्षित प्रजाति है। इस संरक्षित वन्यजीव के अवैध शिकार अथवा उससे संबंधित अपराधों पर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार 3 से 7 वर्ष तक के कारावास एवं न्यूनतम 25 हजार के अर्थदंड का प्रावधान है।

## स्वामी मुस्कुराके का किया गया विशिष्ट खेल बहुमान




दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बास्केटबॉल कॉरपोरेशन एरिया द्वारा आयोजित खेलो अस्मिता इंडिया राज्य स्तरीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप के समापन अवसर पर विगत 40 वर्षों से खेल, सामाजिक, सांस्कृतिक साहित्यिक एवं हास्य मंचों पर विशिष्ट शैली में सूत्रधार की भूमिका निर्वहन करने वाले राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित, बॉडी बिल्डिंग खेल के नेशनल रेफरी शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके का खिलाड़ियों, खेल पदाधिकारी एवं खेल प्रेमियों की उपस्थिति में जोरदार करतल ध्वनि के मध्य विशिष्ट खेल बहुमान किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर उप प्रशासक, महाकाल मंदिर सिमी यादव, इंडियन बास्केटबॉल फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी कुलविंदर सिंह गिल, व्यवसायी राहुल यादव बास्केटबॉल के पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी शैलेंद्र टाइट्स, कला गुरु पद्मजा रघुवंशी ने शाल, श्रीफल, आकर्षक मोमेंटो के द्वारा स्वामी मुस्कुराके का अभिनंदन किया। संचालन कॉरपोरेशन एरिया की सचिव पूर्व इंटरनेशनल बास्केटबॉल खिलाड़ी रितु शर्मा ने किया। आभार मध्य प्रदेश की प्रथम एनआईएस कोच बास्केटबॉल ज्योति शर्मा ने किया।

### उच्च न्यायालय द्वारा स्टे खारिज करने के बाद निगम ने तत्काल कार्यवाही करते हुए सिंहस्थ क्षेत्र को कराया

# 5 करोड़ से अधिक लागत की 1 हेक्टेयर भूमि अतिक्रमण मुक्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम द्वारा सोमवार को जूना सोमवारिया क्षेत्र में पानी की टंकी के पास सिंहस्थ क्षेत्र की लगभग 1 हेक्टेयर से अधिक भूमि जिसकी अनुमानित लागत 5 करोड़ से अधिक है जिसे निगम द्वारा अतिक्रमण मुक्त करवाया गया, उक्त भूमि पर 18 से 20 मकान, दुकान एवं गोडाउन बना लिए गए थे, उक्त मामला कोर्ट में पहुंचा था जिसके क्रम में उच्च न्यायालय द्वारा स्टे खारिज किया गया, निगम द्वारा स्टे खारिज होने के पश्चात तत्काल अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई।

उक्त बेशकीमती भूमि पर कबाड़ वाले, लकड़ी की टाल वालों के साथ क्षेत्र के नागरिकों द्वारा मकान एवं गोडाउन बनाकर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था सिंहस्थ की दृष्टि से यह स्थल अत्यंत ही महत्वपूर्ण एवं बेशकीमती जमीन होने से नगर निगम द्वारा इन्हें हटाना तय किया गया लेकिन कब्जाधारी कोर्ट पहुंच गए निगम के वकीलों ने भी अपना पक्ष मजबूती से रखा साथ ही






हाल ही में जब उच्च न्यायालय द्वारा जो स्टे खारिज हुआ तो नगर निगम द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।

उक्त अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर अपर आयुक्त संतोष टैगोर के मार्गदर्शन में अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता, भवन अधिकारी राजकुमार राठौर, भवन निरीक्षक शिवम गुप्ता की उपस्थित में की गई कार्यवाही के दौरान तहसीलदार शेफाली जैन, नगर निगम रिमूवल गैंग एवं पुलिस प्रशासन उपस्थित रहे।

नं.1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | मंगलवार, 02 जून, 2026 | www.awantika.com


## न्यूज ब्रीफ

### 35 हजार छात्रों, प्राध्यापकों ने सामूहिक योग कर बनाया विश्व रिकॉर्ड

**इंदौर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर आयुष मंत्रालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के अंतर्गत देशभर में आयोजित किए जा रहे योग महोत्सव एवं काउंटडाउन कार्यक्रमों की श्रृंखला की शुरूआत हो गई है। सोमवार को नेमावर रोड़ स्थित मालवांचल यूनिवर्सिटी इंदौर में सामूहिक योग महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के योगगुरू एवं एस. व्यासा यूनिवर्सिटी के कुलगुरू पद्मश्री डॉ. एच. आर. नागेन्द्र, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदरसिंह परमार, नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, संस्थान के डायरेक्टर सुरेश सिंह भदोरिया सहित संस्थानों के छात्र, सामाजिक संगठन आदि शामिल हुए।

### एथलेटिक्स चैंपियनशिप्स के पदक विजेताओं को दी मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 22वीं एशियन अंडर 20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप्स में ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए भारतीय खिलाड़ियों को बधाई दी हैं। भारतीय दल ने इस प्रतियोगिता में 10 स्वर्ण सहित कुल 19 पदक जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संपूर्ण भारतवर्ष के लिए यह गौरवशाली क्षण है। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगलकामनाएं करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी अपने प्रदर्शन और प्रतिभा से देश व प्रदेश का नाम रोशन करते रहें, यही कामना है।

### आकाशीय बिजली एवं सर्पदंश से बचाव के लिये परामर्श जारी

**इंदौर।** मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह विभाग, द्वारा प्रदेश में लू-तापघात, आकाशीय बिजली एवं सर्पदंश जैसी मौसमी एवं प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली जनहानि एवं दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से संचार माध्यमों से जनजागरूकता करते हुए परामर्श दिया जा रहा है। सचिव (गृह) एवं समन्वयक मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण श्रीमती कृष्णावेणी देशावतु ने बताया कि विभिन्न संचार माध्यमों के जरिए आमजन तक सुरक्षा संबंधी संदेश पहुँचाए जा रहे हैं, जिससे शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकाधिक नागरिकों को समय रहते आवश्यक जानकारी उपलब्ध हो सके। अभियान का उद्देश्य लोगों में जोखिमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा आपदा की स्थिति में त्वरित एवं उचित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में ग्रीष्मकाल में बढ़ता तापमान लू-तापघात की स्थिति उत्पन्न कर सकता है।

### यूसीसी के लिए आम नागरिकों से किये गये है सुझाव आमंत्रित

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यू.सी.सी) लागू करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। वर्तमान समय में विभिन्न धर्मों में विवाहित बहनों के लिए प्रचलित अलग-अलग रीति-रिवाज और नियमों की आवश्यकता नहीं है। मध्यप्रदेश को आज समान नागरिक संहिता की ओर बढ़ने की आवश्यकता है। वर्तमान में देश के तीन राज्यों उत्तराखंड, गुजरात और असम ने समान नागरिक संहिता को लागू किया है। मध्यप्रदेश सरकार ने भी यूसीसी (यूनिफॉर्म सिविल कोड) को लागू करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह जानकारी आज सोमवार को मंत्रालय में मीडिया को जारी वक्तव्य में दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में यूसीसी के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है। अलग-अलग क्षेत्र के विद्वानों को इस समिति में स्थान दिया गया है। यह समिति प्रदेश के विभिन्न जिलों में अलग-अलग धर्म-समुदाय के लोगों से सुझाव प्राप्त करेगी।

### रोजगार मेले में 113 युवाओं को प्रतिष्ठित कंपनियों में मिला रोजगार

**इंदौर।** मध्यप्रदेश शासन और जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार बेरोजगार आवेदकों को एक छत के नीचे रोजगार और स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय द्वारा आज सोमवार को रोजगार मेले (युवा संगम कार्यक्रम) का आयोजन किया गया। इस युवा संगम कार्यक्रम में कुल 11 कंपनियों द्वारा 113 युवाओं का चयन रिक्त पदों की पूर्ति हेतु किया गया। जिला रोजगार कार्यालय के उप संचालक पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि इस रोजगार मेले में कुल 237 उम्मीदवारों ने पंजीयन कराया था, जिसमें से कुल 172 युवक एवं 65 युवतियों शामिल है। कुल 113 आवेदकों का प्रारंभिक रूप से फार्मासिस्ट, एचआर, सेल्स एक्जीक्यूटिव, सहायक प्रबंधक, डिजिटल मार्केटिंग, टेलीकॉलर, बेक ऑफिस, ट्रेनी, फीटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, कोपा, टर्नर, ऑपरेटर आदि पदों के लिए चयन किया गया।

रोजगार मेले में जिला उद्योग केंद्र के मैनेजर द्वारा स्वरोजगार के इच्छुक 08 आवेदकों को शासन द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी और मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही स्वरोजगार हेतु प्रकरण तैयार करने के लिए प्रेरित किया गया। शासन की अप्रेन्टिशिप योजना अंतर्गत 04 आवेदकों का चयन कर कंपनी में भेजे गये। उक्त कार्यक्रम तीनों विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की सहभागिता से सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

---

### इंदौर के जल संकट की स्थिति पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक ली

# अधिकारियों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

### संकटग्रस्त वार्डों में विशेष जलापूर्ति योजना लागू की जाए

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को इंदौर स्थित संभागायुक्त कार्यालय पहुंचकर शहर में उत्पन्न जल संकट की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की तथा अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 247 जल नियंत्रण कक्ष के माध्यम से प्रतिदिन सुबह एवं शाम जलापूर्ति की समीक्षा की जाए। संकटग्रस्त वार्डों में विशेष जलापूर्ति योजना लागू कर प्रभावित क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर राहत प्रदान की जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिये कि नल से जल सप्लाई के समय में असमानता और विसंगतियों को तत्काल दूर किया जाये। साथ ही सभी क्षेत्रों में संतुलित जल वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शासकीय महाविद्यालयों, छात्रावासों तथा अन्य आवासीय संस्थानों में जल उपलब्धता की विशेष चिंता करने के निर्देश दिए। साथ ही जल चोरी करने वालों एवं मोटरों के माध्यम से अवैध रूप से पानी खींचने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई करने को कहा।




#### जल टंकियों का पूर्ण क्षमता से उपयोग सुनिश्चित करें

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि शहर की बड़ी जल टंकियों का पूर्ण क्षमता से उपयोग सुनिश्चित किया जाए। निजी एवं नगर निगम के टैंकरों की मिनट-टू-मिनट मॉनिटरिंग की जाए। पाइपलाइन लीकेज एवं वितरण हानि को तत्काल सुधारकर जल की बबार्दी रोकी जाए। इउन्होंने कहा कि भोपाल से वरिष्ठ अपर मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी पूर्व में भी इंदौर का दौरा कर चुके हैं तथा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें पुनः भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों और नागरिक समितियों के साथ नियमित संवाद तथा समन्वय बनाए रखने तथा जल संकट की स्थिति से संबंधित जानकारी एवं प्रतिवेदन मुख्यमंत्री कार्यालय को निरंतर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

#### इंदौर शहर में खोले जाएंगे तीन नए थाने, पुलिस बल की पूर्ति भी की जाएगी

मध्यप्रदेश में तकनीक आधारित सुशासन की पहल के तहत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को इंदौर में ह्यडिस्ट्रिक्ट ड्रोन यूनिटह्न का लोकार्पण तथा इंदौर ट्रैफिक साथी मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने 18 अत्याधुनिक हाईटेक ड्रोन्स का और 10 पुलिस वाहनों का लोकार्पण कर इन्हें इंदौर पुलिस के बेड़े में शामिल कराया। यह ड्रोन्स पुलिस की तीसरी आंख के रूप में हर वक्त कानून-व्यवस्था बनाए रखने, यातायात प्रबंधन और निगरानी व्यवस्था को और भी अधिक प्रभावी बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों की मांग पर इंदौर शहर में तीन नए पुलिस थाने खोलने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पुलिस बल की कमी की पूर्ति भी क्रमबद्ध रूप से की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम हर साल पुलिस विभाग के 22 हजार 500 पदों पर भर्ती कर रहे हैं। लगभग सभी पदों पर भर्ती जारी है।

---

## उज्जैन- गरोठ फोरलेन पर ट्रक कार दुर्घटना 3 साल की मासूम की मौत

### इंदौर से दिल्ली जा रहा था परिवार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

सोमवार सुबह 6:00 बजे इंदौर से दिल्ली जा रहे परिवार की इनोवा सुवासरा के समीप उज्जैन-गरोठ फोर लाइन पर अन्त्रालिया के यहां ट्रक में जा घुसी इस कार में सवार एक ही परिवार के दो व्यक्ति घायल हो गए जबकि एक 3 साल की मासूम बेटी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है। हाईवे टोल की एम्बुलेंस की मदद से उनको सुवासरा सिविल अस्पताल लाया गया जिसके बाद प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को इंदौर के लिए रेफर कर दिया गया है जबकि एक मासूम बेटी का उनके परिजनों को पोस्टमार्टम के बाद शव सुर्पुद कर दिया । जानकारी के अनुसार दिल्ली का परिवार राहुल पिता पदमचंद जैन खुद गाड़ी चला रहे थे जो घायल हो गए उसमें उनकी सासू श्रीमती निर्मला पति अनिल अग्रवाल उम्र 72 साल , घायल हो गए उनके साथ सफर कर रही उनकी पत्नी भुर्वी अग्रवाल उम्र 41 साल को चोट नहीं लगी वहीं उनकी एक बड़ी बेटी आनवी जैन उम्र 11 साल उसको भी चोट नहीं लगी।



---

### एक से डेढ़ लाख शासकीय कर्मचारी होंगे प्रभावित

# नई तबादला नीति के तहत कल से शुरू हुए तबादले

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मप्र में नई तबादला नीति के तहत सरकारी कर्मचारियों के तबादले एक से 15 जून तक हो सकेंगे। तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के स्थानांतरण जिला स्तर पर प्रभारी मंत्री के अनुमोदन से हो सकेंगे। प्रथम और द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों के तबादले राज्य स्तर से किए जाएंगे। स्वेच्छा से स्थानांतरण चाहने वालों के लिए पद रिक्त होने पर प्राथमिकता दी जाएगी। पति-पत्नी (दंपती) दोनों के शासकीय सेवा में होने पर पदस्थापना एक स्थान पर की जाएगी। इसके लिए पति-पत्ती समायोजन नीति बनाई गई है। बने गंभीर बीमारी से पीड़ित शासकीय सेवकों को भी तबादले में रियायत दी जाएगी। राज्य स्तर पर प्रभारी मंत्रियों की अनुशंसा को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

अनुमान है कि इस प्रक्रिया में एक से डेढ़ लाख अधिकारी और कर्मचारी प्रभावित होंगे। मंत्रिपरिषद से तबादला नीति को मंजूरी मिलने के बाद विभागों ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सामान्य प्रशासन विभाग के निदेर्शों के मुताबिक सबसे पहले रिक्त पदों को भरा जाएगा, इसके बाद अधिसूचित क्षेत्रों में पदस्थापना की जाएगी। फिर स्वेच्छिक और अंत में प्रशासनिक आधार पर तबादले होंगे। अधिकांश विभागों ने संभावित तबादलों की सूची तैयार कर ली है। नई नीति के तहत एक ही स्थान पर तीन वर्ष से अधिक समय से पदस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों को प्राथमिकता से स्थानांतरित किया जाएगा। विधायक-सांसद या अन्य जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा होने पर भी निर्णय विभागीय लेंगे। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई कैबिनेट की बैठक में बुधवार को स्थानांतरण नीति-2026 को अनुमति दी गई। कैबिनेट ने प्रतिबंध शिथिल करते हुए 15 दिन के लिए तबादले के अनुमति दी है।

#### पुलिस विभाग में भी बड़ी कवायद

पुलिस मुख्यालय ने सिपाही से लेकर उपनिरीक्षक स्तर तक के तबादलों के लिए 5 जून की समय-सीमा तय की है। सभी पुलिस अधीक्षकों को अपने जिलों में पांच वर्ष से अधिक समय से पदस्थ पुलिसकर्मियों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि किसी कर्मचारी की पुन उसी थाने में पदस्थापना न हो, जहां वह पहले कार्य कर चुका हो।

**इंजीनियरिंग विभागों में तैयारी तेज** -जल संसाधन, लोक निर्माण और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभागों ने इंजीनियरों एवं कर्मचारियों की वर्तमान पदस्थापना, अतिरिक्त प्रभार और सेवा अवधि का ब्यौरा मांगा है। जिन अधिकारियों का प्रदर्शन कमजोर रहा है या जिनके खिलाफ अधिक शिकायतें मिली हैं, उन्हें भी तबादला सूची में शामिल किया जा सकता है।

#### शिक्षकों को मिलेगी राहत

स्कूल शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों के तबादले 27 फरवरी 2027 तक नहीं किए जाएंगे। विभाग ने सभी जिलों से शिक्षकों का अद्यतन डेटा मांगा है ताकि तबादला प्रक्रिया में किसी प्रकार की त्रुटि न हो। सरकार ने पारिवारिक, स्वास्थ्य और बच्चों की शिक्षा जैसी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए स्वेच्छिक तबादलों के लिए तीन विकल्प देने की व्यवस्था की है। अधिकारियों और कर्मचारियों से पसंदीदा पदस्थापना के तीन विकल्प मांगे गए हैं। वहीं अतिरिक्त प्रभार पर कार्यरत कर्मचारियों को नियमित पदस्थापना देने और विभिन्न विभागों में अटैच कर्मचारियों को उनके मूल विभाग में वापस भेजने की भी तैयारी है।

---

## कार्यरत शिक्षकों को बता दिया रिटायर्ड और मृत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर अपलोड जानकारी के बारे में सनसनीखेज शिकायतों के दर्ज होने के बाद लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) ने विशेष सत्यापन अभियान शुरू किया है। जिसके चलते जिला शिक्षा अधिकारियों को स्कूलवार स्वीकृत, कार्यरत और रिक्त पदों का मिलान कर रिकॉर्ड दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि एजुकेशन पोर्टल पर सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की तैनाती और रिक्त पदों के डिजिटल रिकॉर्ड में कई सनसनीखेज और चौंकाने वाली जानकारी अपलोड होने की शिक्षा आई थी, जिसमें कई है। कार्यरत शिक्षक एजुकेशन पोर्टल पर मृत या रिटायर्ड दर्ज के मिले, जबकि कुछ स्कूलों में वर्षों पहले सेवा से बाहर हो चुके शिक्षकों के नाम अब भी सक्रिय दिखाई हैं। इतना ही नहीं, कई स्कूलों में विषयवार रिक्त पदों और वास्तविक पदस्थापना के आंकड़ों में भी बड़ा अंतर पाया गया एजुकेशन पोर्टल पर विज्ञान और गणित जैसे महत्वपूर्ण विषयों पद कई स्थानों पर गलत तरीके से रिक्त बताए गए हैं। सबसे ज्यादा शिकायतें भोपाल और इंदौर से प्राप्त हुई हैं। इसकी चलते ही डीपीआई ने विशेष सत्यापन अभियान हेतु जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। यदि डेटा शुद्धिकरण समय पर नहीं किया गया तो नए शिक्षा सत्र में शिक्षकों की तैनाती और पदस्थापना को लेकर गंभीर समस्याएं खड़ी हो सकती हैं।

---

## विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा की अलख जगाने वाले 31 शिक्षकों का हुआ सम्मान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को इंदौर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उज्जैन संभाग के समर्पित 31 शिक्षकों का सम्मान किया। यह सम्मान समारोह मध्य प्रदेश कुश्ती संघ द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें उन शिक्षकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया जिन्होंने कठिन परिस्थितियों के बावजूद शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने उन शिक्षकों की सराहना की जो दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में पदस्थ रहते हुए नदी-नाले पार कर, लंबी दूरी पैदल तय कर तथा विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए बच्चों तक शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में उन शिक्षकों के समर्पण, सेवा भावना और कर्तव्यनिष्ठा को रेखांकित किया गया, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा की लौ को निरंतर प्रज्ज्वलित रखा। सम्मान समारोह में मध्य प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष उमेश ठाकुर, सचिव सुरेंद्र यादव, संजय सिंह ठाकुर, नारायण यादव, स्वामीनारायण आश्रम से स्वामी आनंद जीवन दास एवं स्वामी हरिनंद स्वामी, प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी, श्री जय सिंह दरबार, शिवाप्रताप सिंह सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

---

### आरटीओ का सघन चेकिंग अभियान

## दो बसों पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

कलेक्टर शिवम वर्मा के निदेर्शानुसार संभागीय आरटीओ उड़नदस्ता, इंदौर द्वारा आज रेडिसन चौराहा, तीन इमली चौराहा एवं नेमावर रोड पर सुबह सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व आरटीओ इंदौर एवं उड़नदस्ता प्रभारी द्वारा किया गया।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि चेकिंग के दौरान 50 से अधिक बसों की गहन जांच की गई। इस दौरान बसों में उपलब्ध इमरजेंसी गेट, अग्निशामक यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर), फर्स्ट एड बॉक्स, आपातकालीन निकास व्यवस्था, वाहन के दस्तावेज, परमिट, फिटनेस, बीमा तथा अन्य सुरक्षा मानकों का परीक्षण किया गया, ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। जांच के दौरान एक बस ललितपुर से इंदौर तक बिना वैध परमिट के यात्रियों का परिवहन करते हुए पाई गई। इस पर मौके पर ही चालानी कार्रवाई करते हुए 50 हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। इसी प्रकार एक अन्य बस मुंबई से इंदौर के अस्थायी परमिट पर संचालित पाई गई, जबकि वह नागपुर से इंदौर तक यात्रियों का परिवहन कर रही थी। परमिट की शर्तों के उल्लंघन पर भी कार्रवाई करते हुए 50 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।




---

### सिंहस्थ 2028 से पहले अखाड़ा परिषद की बड़ी पहल

# उज्जैन में बनेगा माईवाड़ा, वृद्ध साध्वी माताओं को मिलेगा आश्रय

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

अखाड़ा परिषद का पूरा जोर है कि माईवाड़ा का निर्माण सिंहस्थ 2028 से पहले पूरा कर लिया जाए। उज्जैन में अगला सिंहस्थ अप्रैल-मई 2028 में होगा। उससे पहले लाखों श्रद्धालुओं और संतों का आना शुरू हो जाता है।

धर्म और साधना की नगरी उज्जैन में सिंहस्थ 2028 से पहले एक ऐतिहासिक पहल होने जा रही है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने यहां संन्यास ले चुकी वृद्ध साध्वी माताओं और सन्यासिनी महिलाओं के लिए ह्यमाईवाड़ाह्न बनाने का निर्णय लिया है। परिषद के अध्यक्ष महंत डॉ. रविंद्र पुरी ने इसकी घोषणा करते हुए बताया कि इस विशेष परिसर में साध्वी माताओं के लिए आवास, अन्नक्षेत्र, स्नान और भजन-पूजन की संपूर्ण व्यवस्था रहेगी।

महंत रविन्द्र पुरी ने कहा कि हर सिंहस्थ में देशभर से लाखों साधु-संत और साध्वी माताएं उज्जैन पहुंचती हैं। पुरुष संतों के लिए अखाड़ों और आश्रमों में पर्याप्त व्यवस्था रहती है, लेकिन वृद्ध और एकाकी जीवन जी रही सन्यासिनी माताओं के लिए कोई व्यवस्थित स्थान नहीं है। कई बार उन्हें खुले या असुरक्षित स्थानों पर ठहरना पड़ता है। सिंहस्थ जैसे विशाल आयोजन में भीड़ और अव्यवस्था के बीच सबसे अधिक परेशानी इन्हीं माताओं को होती है।

इसी जरूरत को देखते हुए अखाड़ा परिषद ने माईवाड़ा की परिकल्पना की है। इसे शिप्रा नदी के तट के समीप विकसित करने का प्रस्ताव है। यह केवल आवासीय परिसर नहीं होगा, बल्कि एक धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

परिसर में वृद्ध और सन्यासिनी माताओं के लिए अलग-अलग कुटिया और कमरे बनाए जाएंगे। बिजली, पानी और शौचालय की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यहां स्थायी अन्नक्षेत्र संचालित होगा, जहां माताओं को सम्मानपूर्वक सात्विक भोजन परोसा जाएगा। शिप्रा स्नान के लिए विशेष घाट तक आने-जाने की व्यवस्था रहेगी, जबकि अस्वस्थ माताओं के लिए परिसर में ही स्नान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद देश के 13 प्रमुख अखाड़ों की सर्वोच्च संस्था है। कुंभ और सिंहस्थ जैसे आयोजनों में अखाड़ों की पेशवाई, शाही स्नान और व्यवस्थाओं का निर्धारण परिषद ही करती है। वर्तमान में महंत डॉ. रविन्द्र पुरी इसके अध्यक्ष हैं। वे निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर भी हैं।

#### वैद्य और डॉक्टर की नियमित उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी

इसके अलावा भजन-कीर्तन, पूजा-पाठ और ध्यान के लिए अलग हॉल और मंदिर बनाया जाएगा। प्राथमिक उपचार के लिए वैद्य और डॉक्टर की नियमित उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी। महंत रविन्द्र पुरी ने कहा,हमारा उद्देश्य सिर्फ छत देना नहीं है। जिन माताओं ने अपना पूरा जीवन धर्म और समाज के लिए समर्पित किया है, उनका शेष जीवन सम्मान, सुरक्षा और आध्यात्मिक शांति के साथ बीते, यही हमारी कोशिश है।



#### सिंहस्थ 2028 से पहले पूरा करने का लक्ष्य

अखाड़ा परिषद का लक्ष्य माईवाड़ा का निर्माण सिंहस्थ 2028 से पहले पूरा करना है। उज्जैन में अगला सिंहस्थ अप्रैल-मई 2028 में प्रस्तावित है। उससे पहले बड़ी संख्या में संत और श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो जाता है। ऐसे में समय पर निर्माण पूरा होने पर देशभर से आने वाली सैकड़ों वृद्ध साध्वी माताओं को इसका सीधा लाभ मिलेगा। महंत रविन्द्र पुरी के अनुसार, परियोजना के लिए भूमि चिन्हांकन का काम शुरू हो चुका है। प्रशासन और राज्य सरकार से चर्चा जारी है ताकि सभी जरूरी अनुमतियां समय पर मिल सकें। अखाड़ा परिषद के साथ अन्य धार्मिक और सामाजिक संगठन भी इस कार्य में सहयोग के लिए आगे आ रहे हैं।

---

## अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की कार्रवाई

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आबकारी आयुक्त अभिषेक तिवारी के निदेर्शानुसार आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कंट्रोलर देवेश चतुवेर्दी एवं डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज अग्रवाल के मार्गदर्शन में वृत्त बम्बई बाजार की प्रभारी अधिकारी उप निरीक्षक मीरा सिंह द्वारा महूनाका (अर्जुनपुरा मल्टी) एवं लुनियापुरा क्षेत्र में विशेष कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों अमित पिता लालाराम साहू एवं हेमू पिता नंदलाल को पकड़ा गया। उनके कब्जे से 145 पाव देशी मदिरा (26.1 बल्क लीटर) तथा एक बिना नंबर का एक्सेस स्कूटर जब्त किया गया। जप्त मदिरा एवं वाहन का अनुमानित बाजार मूल्य 78 हजार 500 रुपये आंका गया है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

# न्यूज कालम




## आईटी–जेईई अग्रिम 2026 में मेक्रोविजन एकेडमी बुरहानपुर का दमदार प्रदर्शन,

**बुरहानपुर।** जिले की उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्था मेक्रोविजन एकेडमी ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-संयुक्त प्रवेश परीक्षा अग्रिम 2026 में फिर इतिहास रच दिया है। संस्था के विद्यार्थियों ने देशभर में बेहतर रैंक हासिल कर बुरहानपुर का नाम रोशन किया है। ओजस अग्रवाल ने हासिल की अखिल भारतीय रैंक-1118 संस्था के ओजस अग्रवाल ने अखिल भारतीय रैंक 1118 प्राप्त की। इसके अलावा उत्तम सिंह किराडे अखिल भारतीय रैंक-564, पियुषी शिकारी अखिल भारतीय रैंक-615, युवराज पाटीदार अखिल भारतीय रैंक-817, ईशित सिंह ठाकुर अखिल भारतीय रैंक-1194, कोष्तुभ साहु अखिल भारतीय रैंक-1377, तनिष्का पटेल अखिल भारतीय रैंक-1647, विनय मकोडे अखिल भारतीय रैंक-1697, पंशुल पाटिदार अखिल भारतीय रैंक-1723, सोम्य जैसवाल अखिल भारतीय रैंक-1820, समर्थ प्रेकलिन अखिल भारतीय रैंक-2712, सुषांत पटेल अखिल भारतीय रैंक-8196, उत्कृष्ठ अग्रवाल अखिल भारतीय रैंक-8473 और चिराग गुप्ता अखिल भारतीय रैंक-9636 के साथ सफल हुए। संस्था से कुल 47 विद्यार्थियों का चयन हुआ है।इस उपलब्धि पर मेक्रोविजन एकेडमी के संचालक आनंद प्रकाश चौकसे, मंजूषा चौकसे, कबीर चौकसे, देवांषी चौकसे, अंतरा चौकसे, प्राचार्य जसवीर सिंह परमार, उप प्राचार्या मोनिका अग्रवाल, विजय सुखवानी, डॉ. संतोष सिलोरिया, डॉ. अरुण शर्मा, विभा जेटली, शीतल पोपली, प्रतिभा नायर सहित समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों को बधाई दी।

## तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला चिकित्सालय में नुक्कड़ नाटक का किया आयोजन





**आलीराजपुर।** जिला चिकित्सालय आलीराजपुर में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश अतुलकर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में श्रीनाथ कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों ने प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर एवं जानलेवा बीमारियों, विशेषकर कैंसर, मुंह के कैंसर तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में जानकारी दी। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को तंबाकू सेवन से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में नशामुक्ति एवं तंबाकू नियंत्रण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना रहा।इस दौरान राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम से जिला समन्वयक एवं परामर्शदाता नूतन सोलंकी,नोडल अधिकारी डॉ. प्रमेय रेवड़िया,सिविल सर्जन, समस्त चिकित्सकीय एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।

## अस्पताल परिसर में तंबाकू के सेवन से दूर रहने की शपथ दिलाई



**टांडा।** शासकीय अस्पताल परिसर में रविवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान तंबाकू सेवन से दूर रहने तथा समाज को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। चिकित्सक डॉ यत्न जैन ने स्वास्थ्य कर्मचारियों व आसपास में मोजूद मरीज तथा उनके साथ आए परिजनों को तंबाकू मुक्त जीवन अपनाने का संकल्प दिलाते हुए कहा कि तंबाकू का सेवन से कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारी, उच्च रक्तचाप और श्वास संबंधी कई बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। उन्होनें लोगों को तंबाकू सेवन से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की।इस अवसर पर फार्मासिस्ट रंजना बघेल समेत स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## ऑल इज वेल हॉस्पिटल का नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर, 65 से अधिक मरीजों ने उठाया लाभ



**बुरहानपुर।** ऑल इज वेल हॉस्पिटल द्वारा 31 मई रविवार को ऑल इज वेल सुपर क्लीनिक, शनि मंदिर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 65 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य जांच और परामर्श का लाभ लिया। शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. दिव्येश लाड़, जनरल मेडिसिन रोग विशेषज्ञ, और डॉ. पीयूष सूर्यवंशी, शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ, ने मरीजों की समस्याएं सुनकर परामर्श दिया। सभी को मौसमी विकारों से बचाव और सुरक्षित रहने की सलाह दी गई।शिविर में सभी मरीजों का निःशुल्क जनरल चेकअप के साथ ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और  की जांच भी की गई। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक श्री कबीर चौकसे के दिशा-निर्देशन में शिविर का सफल आयोजन किया गया।

# केला फसल की वास्तविक स्थिति समझकर करें सर्वे -अर्चना चिटनिस

## 24-31 मई की आंधी-तूफान से केला उत्पादकों को भारी नुकसान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

24 एवं 30-31 मई को जिले में आए तेज आंधी, तूफान और खराब मौसम ने किसानों की मेहनत पर बड़ा संकट खड़ा कर दिया। अनेक गांवों में खेतों में खड़ी फसलें बुरी तरह प्रभावित हुईं, विशेषकर केला उत्पादक किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर खेतों में पहुंचकर नुकसान का प्रत्यक्ष जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने राजस्व, कृषि और उद्यानिकी विभाग के संयुक्त सर्वे दल, जनप्रतिनिधियों और किसानों के साथ विस्तृत बैठक कर अधिकारियों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से सर्वे की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सर्वे कार्य पूरी पारदर्शिता, संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ किया जाए तथा किसी भी किसान के साथ अन्याय न हो।



अर्चना चिटनिस ने अधिकारियों को विशेष रूप से केला फसल के सर्वे को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर केले की फसल पूरी तरह जमीन पर गिर चुकी है, जबकि अनेक पौधे बाहर से सुरक्षित दिख रहे हैं लेकिन अंदर से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हैं। केला अत्यंत संवेदनशील फसल है। तेज हवा या तूफान से एक बार पौधा हिल जाने पर उसकी वृद्धि रुक जाती है और वह आर्थिक रूप से अनुपयोगी हो जाता है। कई खेतों में पौधे जमीन पर गिरकर नष्ट हो गए हैं, जबकि जो पौधे खड़े दिख रहे हैं, वे भी मृतप्राय स्थिति में हैं और आने वाले दिनों में पूरी तरह खराब हो जाएंगे।

सर्वे दल को निर्देश दिए गए कि केवल खोड़ यानी केले के पौधों की संख्या के आधार पर आकलन न किया जाए, बल्कि वास्तविक क्षति का प्रतिशत आधारित मूल्यांकन किया जाए, ताकि किसानों को उनकी वास्तविक हानि के अनुरूप राहत मिले। अधिकारियों से कहा गया कि पीड़ित किसानों के साथ सद्भावनापूर्वक संवाद करें, उनकी समस्याएं संवेदनशीलता से सुनें और पूरा सम्मान दें। किसानों को पूर्व सूचना देकर बताया जाए कि सर्वे दल कब खेतों पर पहुंचेगा, ताकि वे स्वयं उपस्थित रहकर क्षति से अधिकारियों को अवगत करा सकें। सर्वे कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए और कोई भी पात्र किसान सर्वे से वंचित न रहे।

सर्वे पूर्ण होने के बाद क्षतिपूर्ति और मुआवजा प्राप्त करने वाले पात्र किसानों की सूची संबंधित ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक रूप से चस्पा करने के निर्देश दिए गए, ताकि प्रक्रिया में पारदर्शिता रहे। सूची चस्पा होने के बाद अगले ५ दिन तक किसानों से दावे और आपत्तियां आमंत्रित की जाएं, ताकि किसी पात्र किसान का नाम छूटा हो या सर्वे में कोई त्रुटि हो तो उसका समय रहते निराकरण किया जा सके। इसके बाद अंतिम सूची तैयार कर राहत और मुआवजा वितरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाए। चिटनिस ने कहा कि किसानों की हितैषी सरकार ने 50 प्रतिशत से अधिक फसल नुकसान होने पर प्रति हेक्टेयर 2 लाख रुपये तक मुआवजा देने का प्रावधान किया है। सर्वे में किसी भी प्रकार की लापरवाही या त्रुटि स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि वे हर स्तर पर लगातार प्रयास कर रही हैं और यह सुनिश्चित करेंगी कि प्रभावित किसानों को राजस्व पुस्तक परिपत्र आरबीसी 6/4 के अंतर्गत नियमानुसार क्षतिपूर्ति मुआवजा प्राप्त हो।

बैठक में अर्चना चिटनिस ने कहा कि मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री और उद्यानिकी मंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार उद्यानिकी फसलों को पूर्ण रूप से बीमा दायरे में लाने की दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है। पूरे देश और प्रदेश के इतिहास में उद्यानिकी फसलों के लिए आरबीसी 6/4 के तहत मुआवजा मिलना अत्यंत दुर्लभ रहा है, लेकिन वर्तमान सरकार किसानों के हितों के प्रति प्रतिबद्ध है।

## पुष्पक बस स्टैंड पर बड़ा हादसा टला, ब्रेक फेल बस दीवार से टकराई



**बुरहानपुर।** स्थानीय पुष्पक बस स्टैंड पर सोमवार सुबह एक कंडम बस के ब्रेक फेल होने से बड़ा हादसा टल गया। बस मालिकों द्वारा पैसे बचाने के लालच में अनफिट बसें चलाने के चलते स्टैंड पर आए दिन हादसों की आशंका बनी रहती है। जानकारी के अनुसार बस चालक की लापरवाही के कारण ब्रेक में पर्याप्त दबाव न बनने के बावजूद बस चलाने का प्रयास किया गया। ब्रेक न लगने पर चालक ने बस को सीधे दीवार में ठोक दिया। सुबह का समय होने और स्टैंड पर भीड़ कम होने के कारण कोई बड़ा नुकसान या जनहानि नहीं हुई। गौरतलब है कि जिस स्थान पर बस दीवार से टकराई, ठीक उसके ऊपर चार पहिया वाहन पार्किंग का पोस्टर लगा था। चालक ने बिना ब्रेक के बस को उसी पार्किंग क्षेत्र में खड़ा किया।स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि बस मालिक समय पर बसों की फिटनेस जांच नहीं कराते, जिससे ऐसी घटनाएं होती हैं। अब देखना होगा कि पुलिस प्रशासन इस लापरवाहीपूर्ण हादसे पर लापरवाह चालक और बस मालिक के खिलाफ क्या कार्रवाई करता है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में टीएल बैठक संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में कलेक्टर सभा कक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में आपदा प्रबंधन, अतिवर्षा एवं बाढ़ नियंत्रण की तैयारियों सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में सर्वप्रथम आपदा प्रबंधन, अतिवर्षा एवं बाढ़ नियंत्रण की तैयारियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने निर्देश दिए कि जिला एवं विकासखंड स्तर पर आपदा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाएं। उन्होंने खाद्यान्न, शेल्टर और दवाइयों का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने के साथ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति नहीं बनने देने के निर्देश दिए। सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं जनपद सीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि विकासखंड स्तर पर बैठक कर तैयारियों की समीक्षा करे तथा पेयजल स्त्रोतों के क्लोरीनेशन और उनमें गंदे पानी की मिलावट न हो इस पर विशेष ध्यान दिया जाए।



कलेक्टर श्रीमती माथुर ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में टूटी-फूटी एवं क्षतिग्रस्त पुलियों का सत्यापन कर उन्हें चिह्नित करने तथा अत्यधिक क्षतिग्रस्त पुलियों को बंद कर वैकल्पिक मार्ग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ई-केवाईसी में संतोषजनक प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर ने तीनों नगर पालिका परिषदों के सीएमओ पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे इसकी प्रतिदिन निगरानी करे। साथ ही लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा से बाहर लंबित प्रकरण रखने वाले अधिकारियों पर अर्थदंड लगाने तथा सीएम हेल्पलाइन में नॉन-अटेंडेड शिकायतें रखने वाले विभागों के अधिकारियों का दो दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

## पूर्णिमा पर खिचड़ी वितरण में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, महेश्वर में गौरव दिवस ने बढ़ाई रौनक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ महेश्वर

मां नर्मदा के पावन तट महेश्वर में पूर्णिमा पर्व के अवसर पर आयोजित खिचड़ी वितरण कार्यक्रम श्रद्धा, सेवा और सामाजिक समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर सामने आया। विभिन्न समाचार पत्रों, मीडिया संस्थानों एवं सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सेवा कार्य में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन को सफल बनाया।

31 मई को पूर्णिमा पर्व होने के साथ ही महेश्वर में गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया था। इसके चलते महेश्वर में श्रद्धालुओं, पर्यटकों और धर्मप्रेमी नागरिकों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखने को मिली। मां नर्मदा के दर्शन और पुण्य लाभ के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं ने खिचड़ी प्रसाद ग्रहण कर सेवा कार्य की सराहना की। आयोजन के दौरान सेवा भाव से जुड़े कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों ने पूरे समर्पण के साथ व्यवस्थाएं संभालीं। श्रद्धालुओं को सुव्यवस्थित तरीके से प्रसाद वितरण किया गया। धार्मिक वातावरण और सेवा की भावना से ओतप्रोत इस आयोजन ने उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बजरंग सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुनील रघुवंशी, अनिल रघुवंशी, राहुल रघुवंशी, विक्रम रघुवंशी तथा धामनोद के वरिष्ठ पत्रकार दीपक शिंदे ने विशेष सहयोग प्रदान किया। उनके सहयोग और सक्रिय सहभागिता से आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस सेवा आयोजन के पीछे वरिष्ठ पत्रकार एवं आयोजन संरक्षक संदीप सेन की प्रेरणा और नेतृत्व महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने विभिन्न मीडिया संस्थानों और सामाजिक संगठनों को एक मंच पर जोड़कर सेवा, समर्पण और सामाजिक एकता का संदेश दिया। वहीं कार्यक्रम संयोजक जीवन डोडिया ने आयोजन की संपूर्ण व्यवस्थाओं का सफल संचालन करते हुए सभी सहयोगियों और स्वयंसेवकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया



## लू-तापघात, आकाशीय बिजली एवं सर्पदंश से बचाव के लिये परामर्श जारी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह विभाग, द्वारा प्रदेश में लू-तापघात, आकाशीय बिजली एवं सर्पदंश जैसी मौसमी एवं प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली जनहानि एवं दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से संचार माध्यमों से जनजागरूकता करते हुए परामर्श दिया जा रहा है।

सचिव (गृह) एवं समन्वयक मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण श्रीमती कृष्णावेणी देशावतु ने बताया कि विभिन्न संचार माध्यमों के जरिए आमजन तक सुरक्षा संबंधी संदेश पहुँचाए जा रहे हैं, जिससे शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकाधिक नागरिकों को समय रहते आवश्यक जानकारी उपलब्ध हो सके। अभियान का उद्देश्य लोगों में जोखिमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा आपदा की स्थिति में त्वरित एवं उचित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है।

प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में ग्रीष्मकाल में बढ़ता तापमान लू-तापघात की स्थिति उत्पन्न कर सकता है। विशेष रूप से बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों, श्रमिकों तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से ग्रसित व्यक्तियों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है। नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, धूप में अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचने, हल्के एवं सूती वस्त्र पहनने तथा शरीर में जल की कमी न होने देने संबंधी आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

मानसून अवधि में आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएँ अनेक बार गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं। इस संबंध में नागरिकों को सलाह दी गई है कि मौसम में अचानक परिवर्तन, तेज गर्जना एवं बिजली की चमक को संभावित खतरे के संकेत के रूप में गंभीरता से लें।

ऐसे समय में खुले स्थानों, खेतों, जलाशयों, विद्युत खंभों तथा बड़े वृक्षों के नीचे रुकने से बचें तथा सुरक्षित भवनों में शरण लें। नागरिकों को आकाशीय बिजली संबंधी पूर्व चेतावनी प्राप्त करने के लिए दामिनी मोबाइल ऐप के उपयोग के लिये भी प्रेरित किया जा रहा है। किसानों एवं पशुपालकों को विशेष सतर्कता बरतने तथा पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर रखने की सलाह दी गई है। वर्षा ऋतु के दौरान सर्पदंश की घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। जलभराव एवं प्राकृतिक आवास प्रभावित होने के कारण साँप मानव बस्तियों के समीप आ सकते हैं। ऐसी परिस्थितियों में घर एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखना जरुरी है।

## आधुनिक सुविधाओं के साथ नए सिविल हॉस्पिटल भवन का शुभारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

लंबे समय से प्रतीक्षित नए सिविल हॉस्पिटल भवन का सोमवार शाम को शुभारंभ हो गया। इसके साथ ही अस्पताल की ओपीडी, आईपीडी सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं नए भवन से संचालित होना शुरू हो गई हैं। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस भवन के शुरू होने से क्षेत्र के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।वरिष्ठ भाजपा नेता और रोगी कल्याण समिति के सदस्य सतीश मोयदे ने इस अवसर पर कहा एक समय में नगर को मेडिकल हब कहा जाता था। यहां जिले के बड़े-बड़े डॉक्टर हुआ करते थे साथ ही बड़े अस्पताल भी थे। अब इस नए सिविल अस्पताल से आम जनता को फिर से वैसी ही सुविधा मिलने की उम्मीद जागी है। बड़े अरसे के बाद यहाँ सारे डॉक्टर, सुविधाएं यहां उपलब्ध हैं। इसलिए हर व्यक्ति को शासकीय अस्पताल का उपयोग करना चाहिए। वहीं सीएचएमओ डॉ दौलत सिंह चौहान ने कहा अस्पताल में सर्जन, एमडी मेडिसिन, एनेस्थेटिक, डेंटल चिकित्सक यहां रहेंगे। जिससे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ देवेंद्र पाटीदार,डॉ अखिलेश बर्वे, मंडल महामंत्री अनिरुद्ध हलवे, पार्षद नितिन पाटीदार, एल्डरमैन मंजुला मेवाड़े ,युवा नेता विक्की पाटीदार, पार्षद प्रतिनिधि संदीप हिरवे, हरि गाडगे , दीपक तोमर,जया वर्मा, सुरेश व्यास,जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. मनोज पाटीदार, डॉ ,बीएमओ डॉ अतुल गौर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, चिकित्सक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।नए भवन में मरीजों के उपचार, भर्ती और जांच संबंधी सुविधाओं के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

## जनजाति सांस्कृतिक समागम में शामिल हुए समाजजन

**नागझिरी।** भगवान बिरसा मुंडा की १५०वीं वर्ष जयंती के उपलक्ष्य में दिल्ली में जनजाति सांस्कृतिक समागम का आयोजन हुआ। इस समागम में देशभर से जनजाति समाज के लोग पहुंचे। जिला पंचायत उपाध्यक्ष व जनजाति विकास मंच संरक्षक बापूसिंह परिहार के नेतृत्व में जिले से समाजजन शामिल हुए। कार्यक्रम में डी-लिस्टिंग की मांग को प्रमुखता से उठाया गया। परिहार ने कहा कि वे लोग जिन्होंने अपना धर्म परिवर्तन कर लिया है, उनके द्वारा अब भी सरकार द्वारा जनजाति समाज को दी जा रही सुविधाओं, आरक्षण आदि का लाभ उठाया जा रहा है। ऐसे लोगों को संविधान में संशोधन कर जनजाति की सूची से बाहर किया जाए। परिहार ने कार्यक्रम में गीत के माध्यम से भी जनजाति समाज को एकता का संदेश दिया।

## अवैध हथियार रखने वाले 6 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही

**बड़वानी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश अनुसार, पुलिस थाना सेंधवा के अंतर्गत शस्त्र अधिनियम 1959 की धारा ३ का उल्लंघन कर अवैध रूप से शस्त्र रखने के मामले में महाराष्ट्र राज्य के ६ आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में अभियोजन चलाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस कार्रवाई के अंतर्गत आरोपी जिला पूना ग्राम केलगांव निवासी रमेश पिता बाबू करडे, जिला पूना के ग्राम कासूर्डी निवासी फिरोज पिता कचरू, जिला पूना के ग्राम वरवड निवासी विशाल पिता अनिल दामोदरे, जिला पूना के हड़पसर निवासी श्याम पिता तानाजी, जिला पूना के ग्राम बोरीपारधी संतोष पिता अन्ना शिवरकर, जिला अहिल्यानगर के ग्राम वलावणे निवासी अमोल उर्फ परशुराम पिता शिवाजी जाधव के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा के तहत न्यायालीन प्रक्रिया चलाए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई हैं।

## रेडक्रास दिवस पर जनजागरूकता कार्यक्रम

**बड़वानी।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के मार्गदर्शन में १ जून को रेडक्रास सेवा दिवस के उपलक्ष्य में जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा ग्राम नर्मदा नगर में आई डोनेशन के लिये लोगो को जागरूक कर प्रमाण पत्र वितरित किये गये । इस दौरान सचिव रमेश पंवार, कोषाध्यक्ष ललित लाड, सदस्य डॉ. चक्रेश पहाड़िया, सदस्य अशोक दोषी उपस्थित थे ।

## सभी बैंक अधिकारी ध्यान रखें शासकीय योजनाओं के प्रकरणों को बैंकों में लंबित नही रहे-कलेक्टर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने शुक्रवार को बैंक अधिकारियों के साथ जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीसीसी) की बैठक में शासकीय योजनाओं के लंबित प्रकरणों पर नाराजगी जताते हुए प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सभी बैंकों में शासकीय योजनाओं के प्रकरण लंबित है।

प्रकरणों का निराकरण करने के लिए बैंक अधिकारी मेहनत करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि शासकीय योजनाओं के प्रकरणों में प्रगति निराशाजनक है। सभी बैंक अगली बार तैयारी से आएं। अगली बार योजनाओं के प्रकरण लंबित रहे तो कार्यवाही की जाएगी।

सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन के कलेक्टर सभागृह शुक्रवार को चतुर्थ तिमाही २०२६ की जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीसीसी) की समीक्षा बैठक कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ मुख्य श्री श्रेयांस कूमट, एलडीएम श्री संजीव कुमार मिश्रा एवं एलडीओ आरबीआई श्री राम पोरवाल भी मौजूद रहे। बैठक में शासन की शासकीय योजनाओं के विषय में समीक्षा की गई।

जिसमें उद्यम क्रांति योजना, प्रधानमंत्री स्व निधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया, पीएएम एफएमई, मत्स्य-पालन, डेरी पशुपालन योजना, डॉ. भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना एवं आजीविका मिशन स्वयं सहायता समूह, डे एनयूएलएम विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई।

## पीएम आवास : 20 हजार से अधिक परिवारों की पात्रता को लेकर संशय

**उज्जैन।** जिले के अंचल में पीएम आवास के लिए 20 हजार से अधिक परिवारों की पात्रता को लेकर संशय बना हुआ है। जनपद पंचायत स्तर से वेरिफायर नियुक्त हो रहे हैं, जो बताएंगे कि इनमें से कौन पात्र है कौन नहीं।वर्तमान में पीएम आवास के लिए वर्ष 2025-26 के सर्वे की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन अंतिम चरणों में आते-आते इसमें बड़े स्तर पर संशय की स्थिति भी बनने लगी है। दरअसल आने वाले वक्त में अंचल के वे कौन से पात्र परिवार हैं, जिन्हें योजना का लाभ दिया जाना चाहिए? इसके लिए तय प्रक्रिया के तहत सबसे ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम रोजगार सहायक व सचिव ने सर्वे कर अपनी-अपनी सूची सौंपी है। इन सभी सूची में इन्होंने कुल 84,271 परिवारों को योजना के लिए पात्र करार दिया है। क्या यह वास्तव में पात्र है? इसकी पुष्टि करने के लिए विभाग ने जनपद स्तर के उपयंत्री, समन्वयक व सहायक अधिकारी को चेकर नियुक्त किया।

## न्यूज -कॉलम

### चंद घंटों में हत्या का खुलासा करने वाली टीम का सम्मान



**उज्जैन।** उन्हेल के पिपलिया डाबी में हुई भारतसिंह राजपूत की हत्या का चंद घंटो में खुलासा करने और हत्या में शामिल मृतक की पत्नी सोनाकुंवर और प्रेमी जितेन्द्र राजपूत को गिरफ्तार करने वाली उन्हेल थाना पुलिस को सोमवार को ग्रामीणों द्वारा पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने अंधाकत्ल प्रतीत हो रहे मामले में गंभीरता से कार्रवाई करते हुए मृतक के अंतिम संस्कार बाद ही रात में दोनों को गिरफ्तार करने पर पुलिस टीम की कार्यशैली की सरहाना की। थाना प्रभारी संतोष चौहान ने बताया कि रविवार शाम मामले का खुलासा करने के बाद सोमवार दोपहर दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जितेन्द्र को खाचरौद उपजेल भेजा गया है। वहीं सोनाकुंवर को उज्जैन जेल में दाखिल कराया है। जल्द मामले की विवेचना पूरी कर अभियोग पत्र भी कोर्ट में प्रस्तुत कर दोनों आरोपियों को सख्त सजा दिलाने का प्रयास किया जायेगा।

### जहरीला पदार्थ खाने वाले युवक 2 दिन बाद मौत

**उज्जैन।** माकडोन के ग्राम पलसोड़ा मकडावन से 29 मई को जहरीला पदार्थ खाने से बिगड़ी हालत के बाद किशन पिता बाबूलाल वर्मा 31 साल को परिजन उज्जैन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां हालत में सुधार नहीं होने पर उसे निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां चले उपचार के दौरान रविवार-सोमवार रात किशन की मौत हो गई। निजी अस्पताल से सूचना मिलने पर माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और शव पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल लाया गया। माधवनगर पुलिस के अनुसार मामला माकडोन थाना क्षेत्र का होने पर मर्ग डायरी जांच के लिये भेजी जायेगी। फिलहाल परिजनों ने किशन के जहरीला पदार्थ खाने का कारण स्पष्ट नहीं किया है।

### झारडा से लापता बालिका 10 घंटे बाद तराना में मिली

उज्जैन। झारड़ा थाना क्षेत्र की नई आबादी में रहने वाली बालिका अचानक घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने सभी जगह तलाश करने के बाद थाने पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई। मामला नाबालिग से जुडा होने पर अपहरण का प्रकरण दर्ज किया गया और थाना प्रभारी आनंद भाबोर ने बालिक की तलाश के लिये टीम गठित की। 10 घंटे बाद पता चला कि बालिका तराना में परिचित रिश्तेदार के यहां है। तत्काल टीम तराना पहुंची और बालिका का सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया। बालिका को झारडा लाने पर उसके बयान दर्ज किये गये। इस दौरान सामने आया कि उनके माता पिता सगाई करना चाहते थे। जिसके चलते वह नाराज होकर घर से चली गई थी। थाना प्रभारी के अनुसार बालिका को समझाईश के बाद परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

### बहू ने सास से की मारपीट, ससुर ने किया बीच-बचाव

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम अम्बोदिया में सोमवार सुबह सरलाबाई पति संतोष वाघ 53 साल को उसको उसकी बहू सपना पति प्रशांत वाघ ने मारपीट कर चोंट पहुंचाई। सरला के साथ मारपीट होती देख पति संतोष ने बीच बचाव किया। सरलाबाई चोंट लगने पर थाने पहुंची और बहू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। सरलाबाई का कहना था कि बहू आये दिन झगडा करती है। दोपहर में अचानक बहू आई और कहने लगी कि तुम अपनी लडकी से बात करती हो, जो मेरे खिलाफ तुम्हे भडकाती है। बहू को समझाने का प्रयास किया तो उसने हाथपाई शुरू कर दी और मारपीट कर चोंट पहुंचाई। एएसआई राजेश सौराष्ठी ने बताया कि शिकायत दर्ज कर जांच में ली गई है। मामला पारिवारिक विवाद से जुडा है। बहू और सास के बयान दर्ज किये जायेगें।

### पांड्याखेडी ब्रिज के पास चाकू लेकर घूम रह था युवक

**उज्जैन।** एमआर-5 मार्ग पांड्याखेडी ब्रिज के पास चाकू लेकर घूम रहे युवक की सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना एएसआई दिनेश वरकडे टीम के साथ पहुंचे और घेराबंदी कर युवक को हिरासत में लिया। जिसके पास से धारदार चाकू बरामद किया गया। युवक को थाने लाकर पूछताछ करने पर उसका नाम शानू उर्फ बाबा पिता रामचंद्र मावी 19 साल विवेकानंद झुग्गी झोपडी होना सामने आया। चाकू का वेध दस्तावेज नहीं होने पर आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 226-0 | 156-2 |
| मेन बाजार | 380-1 | 557-7 |
| कल्याण नाइट | 400-4 | 119-1 |
| मिलन डे | 499-2 | 235-0 |
| मिलन नाइट | 336-2 | 358-6 |
| मधुर डे | 245-1 | 788-3 |
| मधुर नाइट | 150-6 | 368-7 |
| शुभांक | 1 6 | 5 |

### मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा....

# इंदौर संभाग से शुरू होगा बस ऑपरेशन, सीएम डॉ. यादव ने जारी किए निर्देश

## यात्री परिवहन एंड इन्फ्रॉस्ट्रक्चर लिमिटेड के संचालक मण्डल की बैठक, पीएम ई-बस सेवा के तहत इंदौर शहर में प्रारंभ होगा 150 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन

**भोपाल/उज्जैन।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 1 जून को मंत्रालय में मध्यप्रदेश यात्री परिवहन एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के संचालक मण्डल की बैठक ली। बैठक में बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह और मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बोर्ड के प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने प्रजेंटेशन दिया। इसमें बताया गया कि मध्यप्रदेश को 7 क्षेत्रों, इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर, सागर, ग्वालियर और रीवा में विभक्त किया जाएगा। बैठक में इन शहरों में पूर्व से क्रियाशील शहरी परिवहन के लिए कंपनियों के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि पीएम ई-बस सेवा और मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना में बसों का संचालन सबसे पहले इंदौर क्षेत्र से प्रारंभ किया जाएगा। इंदौर क्षेत्र के तहत, इंदौर संभाग के समस्त जिले और इंदौर स्थित अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड (AICTSL) अब संपूर्ण इंदौर संभाग से प्रारंभ होने वाली बसों के कार्यक्षेत्र में कार्य करेंगी।

गौरतलब है कि इंदौर से मध्यप्रदेश के अन्य जिलों को जोड़ने वाली इंटरसिटी मार्गों पर बसों का संचालन। इंदौर शहर में सिटी बसों का संचालन, इंदौर संभाग के समीपवर्ती राज्यों महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान एवं उत्तरप्रदेश जाने वाले अंतर्राज्यीय मार्गों पर अनुबंध अनुसार बसों का संचालन किया जाएगा। इसके साथ-साथ यह भी अवगत कराया गया कि पीएम ई-बस सेवा की 150 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन भी इंदौर शहर में जुलाई माह से प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है। प्रबंध संचालक ने बैठक में बताया कि 7 क्षेत्रीय मुख्यालयों के 7 शहर से, प्रदेश के विभिन्न जिला मुख्यालयों तक जाने वाले



कुल 620 मार्गों को चिन्हित किया गया है। इनमें कुल 2432 बसें संचालित होगी। इसके तहत इन्दौर क्षेत्र से प्रदेश के अन्य जिलों में कुल 121 मार्ग चिन्हित किए गए हैं। जिनमें 608 बसें संचालित की जाएंगी।

**लोगों की सुविधा का रखा ध्यान**-सात क्षेत्रीय मुख्यालय इंदौर, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, सागर, जबलपुर और रीवा में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के तहत सिटी बसों का संचालन भी किया जाएगा। यह बसें आमजन की सुविधा हेतु शहर से आगे महत्वपूर्ण उप नगरीय क्षेत्रों तक भी जा सकेंगी। इस श्रेणी के सिटी रूट के तहत इंदौर में शहर के अंदर एवं उप नगरीय क्षेत्रों तक कुल 28 मार्ग चिन्हित किए गए हैं। इनमें लोगों की सुविधा के लिए 784 बसें (पीएम ई-बस सेवा की 150 बसों को मिलाकर) संचालित की जाएंगी। इंदौर क्षेत्र से महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश राज्यों के लिए जाने वाली बसों के मार्ग अनुबंध अनुसार कुल 101 हैं। इसमें कुल 276 अंतर्राज्यीय बसों का संचालन अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड (A.I.C.T.S.L) के द्वारा किया जाएगा। इस प्रकार इंदौर से प्रारंभ होने वाली इंटरसिटी सिटी बसें एवं अंतर्राज्यीय, कुल मार्गों की संख्या 250 हैं। इनमें कुल 1688 बसों का संचालन किया जाना प्रस्तावित है।

**निजी बसों पर नहीं होगा असर**-बैठक में बताया गया कि जिस प्रकार से इंदौर क्षेत्र से उक्त तीनों श्रेणी की बसों का संचालन विभिन्न मार्गों पर किया जाएगा, उसी प्रकार अन्य 6 क्षेत्रीय मुख्यालयों से भी इन तीनों श्रेणी की बसों का संचालन चिन्हित मार्गों पर उस क्षेत्र की सहायक कंपनियों द्वारा किया जाएगा। सम्पूर्ण प्रदेश के सात क्षेत्रों में कुल सभी श्रेणी के 1164 मार्गों को चिन्हित किया गया है, जिसमें कुल 5206 बसें संचालित होंगी।

बसों का संचालन मोटरयान अधिनियम 1988 के सुसंगत प्रावधानों के तहत, स्कीम के प्रकाशन उपरांत होगा। इसमें वर्तमान संचालित निजी बसों के अनुज्ञा-पत्र पर कोई प्रभाव नहीं पडेगा तथा वे यथावत पूर्व व्यवस्था अनुसार संचालित होती रहेंगी। बैठक में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के तहत गठित की गई राज्य स्तरीय कंपनी एवं सात सहायक क्षेत्रीय कंपनियों के संगठनात्मक महत्वपूर्ण अधोसंरचना एवं पदों की स्वीकृति भी संचालक मण्डल द्वारा दी गई। इन कंपनियों में प्रभावशील रहने वाले सेवा भर्ती नियम-2026 की भी स्वीकृति संचालक मण्डल द्वारा प्रदान की गई है। राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी मध्यप्रदेश यात्री परिवहन एण्डि इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड में 7 विभाग कार्य करेंगे, जो आईटी एवं आईटीएमएस विभाग, प्लानिंग एवं अनुबंध विभाग, पॉलिसी विभाग एवं अनुसंधान, मानव संसाधन एवं विधि विभाग, अधोसंरचना विभाग, प्रवर्तन एंव गुणवत्ता विभाग तथा बिजनेस डेवलपमेंट विभाग कार्य करेंगे। सभी विभागों के प्रमुख, मुख्य महाप्रबंधक रहेंगे। इन पदों पर भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के साथ अन्य तकनीकी विशेषज्ञों को लिया जा सकेगा। इस होल्डिंग कंपनी में प्रतिनियुक्ति, संविदा और संविलयन के आधार पर पदों की भर्ती की जा सकेगी। राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी में कुल 140 पद उच्च प्रबंध श्रेणी, वरिष्ठ प्रबंध श्रेणी एवं कनिष्ठ प्रबंध श्रेणी में स्वीकृत किए गए हैं।

### कई पदों को मिली स्वीकृति

बैठक में बताया गया कि राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी के अधीन 7 क्षेत्रीय सहायक कंपनियों में कुल 150 पदों की स्वीकृति दी गई है। सभी सहायक कंपनियां एक कार्यकारी संचालक के अधीन होंगी। सहायक क्षेत्रीय कंपनियों के अधीन संचालित होने वाली बसों की सुरक्षा एवं सुविधा और प्रवर्तन अमले के लिए भी पद स्वीकृत किए गए हैं। इसमें पुलिस एवं विशेष सशस्त्र बल से अधिकारी-कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर अथवा हाल ही में सेवानिवृत्त हुए अधिकारी-कर्मचारियों को संविदा पर लिया जा सकेगा। संचालित होने वाली बसों की गुणवत्ता नियंत्रण के लिये गुणवत्ता विभाग के अधीन भी पदों की स्वीकृति की गई है। इससे आमजनों की यात्रा सुरक्षित हो सकेगी। राज्य परिवहन उपक्रम के तहत संचालित होने वाली इन बसों की आवाजाही प्रदेश के सभी आईएसबीटी एवं बस स्टेण्ड तक हो सकेगी। इस प्रकार एक राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी एवं 7 सहायक क्षेत्रीय कंपनियों में कुल 1190 पद विभिन्न विभागों में सृजित करने की स्वीकृति संचालक मण्डल द्वारा प्रदान की गई है। इसमें चरणबद्ध तरीके से आगामी 4 वर्षों तक पदों को भरा जाएगा।

### सीएम डॉ. यादव ने दिए निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना के मार्गों में आने वाली बस सेवा एवं जन-सुविधाओं को संबंधित कलेक्टर एवं नगरीय निकायों के माध्य?म से आमजन के लिए व्यवस्थित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय दुबे को निर्देश दिए कि 7 शहरों में स्थित इन 7 कंपनियों की देनदारियों के संबंध में विभाग द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जाए। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन ने निर्देश दिए कि राज्य स्तरीय कंपनी की अधिकृत पूंजी 100 रुपये तक रखी जाए और पेड-अप कैपिटल राशि 35 करोड़ रुपये मंत्रि-परिषद निर्णय अनुसर रखी जाए।

# हत्या में फरार आरोपी 15 माह बाद आया था घर

## नीलगंगा पुलिस ने दबिश देकर किया गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



हत्या और हत्या के प्रयास में 15 माह से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने घर आने की सूचना मिलते ही दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। आरोपी के साथी पूर्व में गिरफ्तार हो चुके थे।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि 15 माह पहले 14 मार्च 2025 को संजयनगर क्षेत्र में रोहित सांडिया, विकास उर्फ कुक्की और उसके साथियों द्वारा रोहित डोडियार के सीने में चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी। रोहित को बचाने आये कान्हा पर जानलेवा हमला किया था। मामले में घायल कान्हा की शिकायत पर मामले में हत्या और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर अधिकांश आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। एक आरोपी अभिषेक उर्फ अमन पिता धर्मेन्द्र सांडिया 25 साल निवासी संजय नगर लगातार फरार चल रहा था। 31 मई की रात खबर मिली कि फरार आरोपी अभिषेक उर्फ अमन अपने घर आया हुआ है। तत्काल एसआई वेदप्रकाश साहू, आरक्षक लोकेश प्रजापति को रवाना किया और 15 माह से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

# हत्या के बाद पत्नी- पुत्र में नाले में फेंकी लाश

## चंद घंटो में पुलिस ने किया ट्रेस, मारपीट से परेशान था परिवार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पानी से भरी खाल (नाला) में मिली हाथ बंधी लाश का मामला हत्या का होने पर तराना पुलिस ने जांच शुरू की और मृतक की पहचान के प्रयास शुरू किये। कुछ देर में पहचान होने के साथ मामले का खुलासा होगा। मृतक को पत्नी और पुत्र ने मारने के बाद नाले में फेंका था।

तराना थाना प्रभारी रामनारायण सिंह भदौरिया ने बताया कि सुबह कुछ लोगों ने सूचना देकर बताया था कि ग्राम कनासिया स्थित आमडी की खाल (नाला) में एक युवक की लाश पडी है। पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंची। नाले में पानी भरा था, मृतक का शव बाहर निकाला गया। उसके हाथ कपडे के धागे से बंधे थे, सिर पर चोंट के निशान दिखाई दे रहे थे। उसके दाहिने हाथ पर मदनलाल सोलंकी लिखा था। उसकी पहचान करने पर सामने आया कि मदनलाल पिता तोलाराम सोलंकी 45 साल निवासी ग्राम नायता पोलाय थाना टोंकखुर्द जिला देवास हाल मुकाम कनासिया है। उसके परिजनों को सूचना दी गई, लेकिन घर पर कोई नहीं मिला। आसपास पूछताछ करने पर पत्नी सौरमबाई और पुत्र संजू सोलंकी के साथ रहने की जानकारी सामने आई। दोनों की तलाश शुरू की गई और शाम को थाने लाया गया। पूछताछ करने पर दोनों ने टूट गये और मारकर नाले में फेंकना कबूल कर लिया। थाना प्रभारी के अनुसार फिलहाल दोनों से पूछताछ की जा रही है।

### घर पर मारा और बाइक पर लाये लाश

बताया जा रहा है कि प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि घटनाक्रम 30 मई का है। पत्नी और पुत्र ने पत्थर से मारा था। उसके बाद तडके बाइक से लाश लेकर नाले तक आये थे। जिसके बाद पानी से भरा गड्ढा देख फेंककर चले गये थे। पत्नी और पुत्र ने कबूल किया कि मदनलाल शराब पीने का आदी था और आये दिन मारपीट करता था। सुबह नींद खुलने के बाद शराब का नशा कर लेता था। परिवार के साथ आसपास के लोगों से भी विवाद करता था।लगातार प्रताडना और विवाद से परेशान होकर पत्थर मारकर हत्या कर दी।

### घटनास्थल जांच के लिये पहुंची पुलिस

लाश मिलने और हत्या का खुलासा होने पर तराना थाना पुलिस की टीम साक्ष्य एकत्रित करने और विवेचना के लिये मृतक के घर कनासिया पहुंची। पुत्र और पत्नी की निशानदेही पर पत्थर की तलाश की गई। दोनों से पूछताछ पूरी होने के बाद मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश किया जायेगा।

# हिरासत में फर्जी मालिक बन जमीन का सौदा करने वाले आरोपी



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जमीन का फर्जी मालिक बनकर कई 36 लाख की धोखाधडी में शामिल 2 आरोपियों को सोमवार सुबह पुलिस ने हिरासत में ले लिया। दोनों से पूछताछ की जा रही है। आज दोपहर न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा।

माधवनगर थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि ग्राम मानपुरा में रहने वाले रविन्द्रसिंह तंवर और उसके भतीजे कुलदीपसिंह को कृषि भूमि का मुआवजा मिलने पर मंगलसिंह ने उन्हे घट्टिया तहसील के ग्राम सलामता में 12 बीघा खसरा नंबर 256/2 जमीन दिखाई थी। मंगलसिंह ने रजिस्ट्रार ऑफिस में एक अज्ञात व्यक्ति को असली भू-स्वामी दिलीप सिंह बनाकर और उसका फर्जी आधार कार्ड दिखाकर चाचा भतीजे को झांसे में लिया था और 95 हजार का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करा लिया था।

यहीं नहीं 9 मई को जमीन का सौदा 1.39 करोड में तय कर अनुबंध करते हुए 10 लाख नगद और 25 लाख का चैक प्राप्त कर लिया था। रविन्द्रसिंह को अपने साथ धोखाधडी का उस वक्त चला जब वह परिवार के साथ सौदा की गई जमीन पर पहुंचा। जहां उसका सामना असली जमीन मालिक दिलीपसिंह से हुआ। 31 मई को मामले की शिकायत रविन्द्रसिंह ने दर्ज कराई। पुलिस ने मंगल सिंह पिता हाकमसिंह, निवासी ग्राम रलायती और तथाकथित भूमि स्वामी दिलीपसिंह की तलाश शुरू की। दोनों को रविवार रात विक्रमनगर ब्रिज के पास से स्वीफ्ट कार में सवार होकर जाते पकडा गया। जिनके पास से मोबाइल फोन, भूमि अनुबंध संबंधी दस्तावेज, कई नामों से तैयार फर्जी पहचान पत्रों की प्रतियां बरामद की गई। थाने लाकर पूछताछ करने पर कथित दिलीपसिंह का असली नाम भैरूसिंह पिता करणसिंह निवासी ग्राम खेडा चितावलिया थाना माकडोन सामने आया। जमीन का सौदा करने वाले मंगलसिंह का नाम भी सौदानसिंह होना बताया जा रहा है। दोनों फर्जी पहचान पत्र और कूटरचित दस्तावेजों से भूमि स्वामी बनकर लोगों के साथ ठगी का काम करते है। फिलहाल पूछताछ जारी है।

# गिरफ्त में मादक पदार्थ बेचने वाला आरोपी



**उज्जैन।** मादक पदार्थ मामले में 2 माह से फरार चल रहा आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गया। जिसे सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

बडनगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 1 अप्रैल को को रूनिजा मार्ग यात्री प्रतिक्षालय के पास से शेरू पिता इफ्तकार हुसैन 25 साल निवासी नटराज टॉकिज के पीछे बडनगर को पकडा गया था। जिसके पास से 36.58 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई थी। पूछताछ में उसने ड्रग्स शाहरुख पिता सलीम खान 28 साल निवासी अडान मोहल्ला बडनगर से लाना कबूल किया था। पुलिस ने उसे भी आरोपी बनाकर तलाश शुरू की थी, लेकिन उसकी लोकेशन लगातार गोवा, कश्मीर, गुजरात, राजस्थान में मिल रही थी। उसे पकड़ने का प्रयास किया गया लेकिन वह हर बार पुलिस से बचकर निकल जाता था। रविवार को लोकेशन इंदौर की मिलते ही पुलिस ने उसकी घेराबंदी शुरू की। वह धार की ओर जाना सामने आया। पुलिस टीम ने पीछा शुरू किया और बदनावर से उसे गिरफ्तार कर लिया। फरार आरोपी शाहरूख ट्रक पर क्लीनर करता है और फरारी के दौरान भी वह ट्रक पर एक राज्य से दूसरे राज्य में पहुंच रहा था। उसे सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है। उसकी गिरफ्तारी में एसआई सुरेन्द्रसिंह गरवाल, प्रधान आरक्षक राहुलसिंह राठौर, हेमराज खरे, आरक्षक महेश मौर्य, अजय चौहान, नारायण सरा, और टीम का सहयोग रहा।

# नाबालिगों ने किया था वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव

**उज्जैन।** वंदे भारत एक्सप्रेस पर हुए पथराव के मामले में आरपीएफ की टीम ने 7 दिनों की जांच के बाद 3 नाबालिगों को कस्टडी में लिया। क्रिकेट खेलने के दौरान बॉल गुम होने पर आपसी विवाद में पथराव किया गया था। तीनों को परिजनों के सुपुर्द कर किशोर न्याय बोर्ड में उपस्थित करने के निर्देश दिये गये है।

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) निरीक्षक नरेन्द्र यादव ने बताया कि 25 मई की रात नागपुर से इंदौर जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस पर गदापुलिया क्षेत्र में पथराव हुआ था। 6 कोच के कांच क्षतिग्रस्त हो गये थे। मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। सहायक उपनिरीक्षक शिवसिंह बघेल, प्रधान आरक्षक कमल, जीआरपी के प्रधान आरक्षक हेमंत के साथ पथराव करने वाले अज्ञात युवकों की तलाश में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये और लोगों से पूछताछ शुरू की गई। इस दौरान सामने आया कि रात में कुछ युवक रेलवे लाइन पर क्रिकेट खेल रहे थे। युवकों की पहचान के प्रयास शुरू किये गये और क्षेत्र के रहने वाले 3 नाबालिगों को कस्टडी में लिया गया। जिनसे पूछताछ करने पर सामने आया कि क्रिकेट खेलने के दौरान उनकी बॉल (गेंद) गुम हो जाने पर काफी ढूंढा गया, रेलवे लाइन पर बॉल नहीं मिलने पर आपस में विवाद हुआ और रेलवे ट्रैक पर पडी गिट्टियां उठाकर आपस में मारने लगे। तभी ट्रेन गुजरी और पत्थर ट्रेन की खिडकी पर लगे। तीनों बच्चों ने अपना कृत्य स्वीकार किया और कहा कि उनके द्वारा जानबूझकर नहीं किया था, तीनों ने भविष्य में इस प्रकार की गलती नहीं करने का भरोसा दिलाया गया। निरीक्षक यादव के अनुसार तीनों बच्चों से घटनास्थल की तस्दीक कराई गई, उनके खिलाफ रेल अधिनियम 153 में प्रकरण दर्ज किया गया और नाबालिग होने पर परिजनों से बांड भरवाकर उनके सुपुर्द करते हुए किशोर न्याय बोर्ड के समझ उपस्थित करने के निर्देश दिये गये।

# रिश्तों का एहसास



अमेरिका में बस गए बेटे को मां ने फोन किया, कैसे हो बेटा? कार चला रहे बेटे ने थोड़ा झुंझलाकर बोला, मैं ठीक हूं मां। मां के अगले सवाल थे, तुमने खाना खाया? क्या खाया? अब बेटा चिढ़ गया। वह ट्रैफिक में था, ऑफिस के लिए देर हो रही थी, बोला, मां, तुम्हें और कुछ नहीं पूछना है क्या? हमेशा बस बेवकूफी भरे सवाल पूछती हो, तुमने क्या खाया? क्या कर रहे हो? तुमने कौन सा गाना सुना? मां ने नहले पर दहला दिया, ठीक है, ठीक है, तो बताओ मुझे, वर्ल्ड बैंक को करेंसी मार्केट में दखल देकर इस महंगाई के ट्रेंड से कैसे लड़ना चाहिए? बेटा क्लीन बोल्ड। कुछ सेकंड की चुप्पी के बाद उसने कहा, मां, मैंने अचार और सलाद के साथ दही-चावल खाया। इसे पढ़कर मुझे एक घटना याद आई। ऐसे ही एक मां-बेटे थे। बेटा बड़ा कारोबारी हो गया, लेकिन जब भी घर आता, तो मां उससे पूछती, पानी पिया कि नहीं? दरअसल, वह अक्सर काम के चक्कर में पानी पीना भूल जाता था। आम तौर पर सभी लोग बिना प्यास के पानी पीते ही नहीं। आज की जीवनशैली में डिहाइड्रेशन बहुत जल्दी होता है। हर चीज कृत्रिम है, प्लास्टिक के पैकेट के खाने और जहां जाओ, वहीं वातानुकूलित कमरे, इससे शरीर में पानी की कमी बहुत बढ़ गई है। मां नैसर्गिक जीवन के पक्ष में थी, खान-पान के काफी नियम पालन करती, इसलिए स्वस्थ थी। स्वभावतः दूसरों से भी आग्रह करती। जिस तरह बच्चे मां-बाप की नसीहतों से चिढ़ते हैं, वैसे वह भी चिढ़ता। सिर्फ बेटे को ही नहीं, उसके साथ जो भी होते, सबको मां पानी पीने के लिए कहती, उनकी कार में बोतलें रखवा देतीं। एक बार बेटे के साथ कुछ विदेशी लोग थे, कोई बड़ी डील करने आए थे। उनके साथ भी मां ने वही किया। आदमी कितने ही बड़े पद पर क्यों न हो, मां के लिए वह सिर्फ एक डिहाइड्रेटेड प्राणी होता है। पहले उन्होंने बड़े प्यार से उनका हाल-चाल पूछा, बाद में उन्हें पानी पिलाया और पानी पीने का महत्व भी बताया। बेटा बहुत शर्मिंदा हुआ, उसने लौटते हुए मेहमानों से माफी मांगी कि उसकी मां को यह जुनून है। चेयरमैन ने बेटे की पीठ पर हाथ रखा, उनकी आंखों में आंसू थे। वह बोले, आप नसीब वाले हैं कि अभी तक आपकी फिक्र करने वाली मां है। मेरी मां तो मुझे छोड़कर कब चली गई, याद ही नहीं। इतने हक से, इतने प्यार से मुझे खिलाने-पिलाने वाला कोई नहीं है। मां-बेटे के पानी का सिलसिला सिर्फ एक बार टूटा- आखिरी बार। उस दिन बेटा जब वापस जाने लगा, तो उसके पैर दहलीज पर ठिठक गए। आज उसे पानी चाहिए था, लेकिन देने वाला कोई न था, क्योंकि अभी तीन दिन पहले ही तो मां के अंतिम संस्कार किए थे।



सम्पादकीय

## सुरक्षित सोशल मीडिया

एक ऐसे वक्त में, जब भारत सहित तमाम देशों में बच्चों पर सोशल मीडिया के बढ़ते दुष्प्रभाव को लेकर चिंताएं बढ़ती जा रही हैं, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग द्वारा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को किशोरों के लिए सुरक्षित बनाने संबंधी मार्गदर्शिका जारी करना खासा महत्वपूर्ण रखता है। बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा सुनिश्चित करना शीर्षक से ये दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जो इसलिए भी मायने रखते हैं, क्योंकि दुनिया भर में उम्र के आधार पर सोशल मीडिया पर प्रतिबंध बढ़ते जा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया में दिसंबर 2025 में ही 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर पाबंदी लग चुकी है। इसके बाद यूनान, फ्रांस, स्पेन, डेनमार्क, इंडोनेशिया और मलेशिया की संसद ने भी किशोरों के लिए कुछ इसी तरह के कदम उठाए हैं। यहां तक कि ब्रिटेन में भी अगले चंद हफ्तों में प्रतिबंधात्मक निर्देश अस्तित्व में आ सकते हैं। किंतु इस तरह के सख्त प्रतिबंध बच्चों को ऐसे चोर दरवाजे की ओर भी धकेल सकते हैं, जहां उनके लिए खतरे और अधिक हों। इसीलिए संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के डिजाइन और संचालन के तरीकों को बदलने की वकालत कर रहा है, ताकि साइबर दुनिया में बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा कहीं बेहतर ढंग से हो सके।

भारत भी इन सबसे गाफिल नहीं है। यहां भी बच्चों और किशोरों के रोजमर्रा के जीवन में सोशल मीडिया अच्छा-खासा दखल रखने लगा है। आंकड़े बताते हैं कि 40 करोड़ बच्चे इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं। कोरोना-काल के बाद से इसमें खासा वृद्धि हुई है और किशोर एक तरह से डिजिटल लत के शिकार हो गए हैं। नौ से 17 वर्ष के करीब 76 फीसदी बच्चे फेसबुक, इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल समय गुजारने के लिए करने लगे हैं। जाहिर है, यहां भी 16 साल से कम उम्र के किशारों के लिए सोशल मीडिया इस्तेमाल की पाबंदी को लेकर बहस तेज है, खास तौर से कर्नाटक, आंध्र प्रदेश या गोवा जैसे राज्यों में। यहां ऐसे किसी कदम की इसलिए भी पैरवी की जाती है, क्योंकि तमाम रिपोर्टें बताती हैं कि बच्चों का इंटरनेट या सोशल मीडिया पर समय बिताना उन्हें भावनात्मक रूप से कमजोर कर रहा है। यहां तक कि उनकी सोचने-समझने की क्षमता भी प्रभावित हो रही है और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता घटती जा रही है।

देश के वर्तमान राजनीतिक हालात के चलते

# आजादी के 8 दशक: पीने का पानी भी मयस्सर नहीं

मध्यप्रदेश हो या देश के अन्य राज्य, सभी राज्यों में पीने के पानी के लिए लोग परेशान है। अधिकतर गाँव और शहरों में लोग पीने के पानी के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। चारों ओर भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में पीने के पानी की व्यवस्था करना आमजन के लिए एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। आइए, कुछ गाँवों और शहरों का जायजा लेते हैं। मध्यप्रदेश के आदिवासी जिले उमरिया के गाँव माली में तेज धूप में सिर पर घड़े रखे बच्ची और महिलाएँ पानी के लिए जद्दोजहद करती हुई दिखाई दे रही है। इस गाँव के 900 परिवारों के बीच मात्र 1 कुँआ है, वह भी 3 किलोमीटर दूर। आदिवासी बच्चे और महिलाएँ और पुरूष रोज 3 किलोमीटर दूर जाते हैं, तब जाकर उन्हें पानी नसीब होता है। बूंद-बूंद पानी उनके जीवन का संघर्ष बन गया है।



डॉ. चन्दर सोनाने
(दैनिक अवन्तिका)

अब बात करते हैं, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह नगर उज्जैन की। उज्जैन में अनेक मोहल्ले ऐसे हैं, जो पीने के पानी के लिए रोज संघर्ष कर रहे हैं। पिछले दिनों से मिल्कीपुरा और ढाबा रोड क्षेत्र के रहवासी पानी को लेकर परेशान हो रहे हैं। इसी प्रकार विक्रम नगर और आसपास के क्षेत्र में भी पानी की किल्लत बनी हुई है। कई बार शिकायत करने पर पानी का टैंकर आता है। इसके लिए भी रोज ही मशक्कत करनी पड़ती है। तब जाकर उन्हें पानी मुहैया हो पाता है। इसी प्रकार नागझिरी क्षेत्र के आदर्श नगर में कई दिनों से गंदे पानी की सप्लाई की शिकायत आ रही है।

उज्जैन के विक्रम नगर क्षेत्र की हालत और भी ज्यादा खराब है। यहाँ के 400 परिवार बूँद-बूँद पानी के लिए तरस रहे हैं। टैंकर के आने पर महिला और बच्चे धक्का-मुक्की के बीच पानी भरने के लिए मजबूर है। विक्रम नगर में पीने के पानी के लिए 64 लाख की लागत की पाईप लाईन मंजूर है। उसके बावजूद अभी तक नगर निगम ने काम ही शुरू नहीं किया है।

आज से 7 साल पहले 2019 में विक्रम नगर में 2 करोड़ 17 लाख रूपए की लागत से पानी की टंकी बनाई गई थी। इससे विक्रम नगर, विवि कैम्पस, भर्तृहरि नगर, रेलवे कॉलोनी और 3 नम्बर नाका क्षेत्र में पानी पहुंचाना था। पाईप लाईन भी डाली गई। लेकिन रेलवे लाईन पार करने की अनुमति नहीं मिलने से बीच में ही काम अटक गया। हाल ही में रेलवे से अनुमति मिल गई है, किन्तु पाईप लाईन डालने का काम अभी तक शुरू नहीं हुआ है। इस कारण उक्त मोहल्लों के रहवासी पानी का संकट झेल रहे हैं। इन मोहल्ले में टैंकर आते ही पानी प्राप्त करने के लिए पाईप लेकर टूट पड़ते हैं।

अब हम बात करते हैं, देश के सबसे स्वच्छ नगर इन्दौर की। इन्दौर के पालदा और सुखलिया के लोग पानी नहीं मिलने के कारण उनमें हाहाकार मचा हुआ है। पिछले दिनों इन्दौर-नेमावर रोड पर पानी के लिए धरना प्रदर्शन किया तो पुलिस उन्हें हटाने पहुंच गई। उन्हें तत्काल पानी तो नहीं मिला, किन्तु भँवर कुँआ पुलिस ने बिना अनुमति प्रदर्शन करने और रास्ता बाधित करने के मामले में 18 लोगों पर केस दर्ज जरूर कर लिया। भारत की आजादी के 79 वें साल हो गए। लेकिन भारत-पाक बॉर्डर के आखिरी गाँव अकली और कैर कोरी में पानी का संकट जस का तस है। यहां के लोग आज भी आजादी से पहले बनी बेरियों ( छोटे कुँए ) पर निर्भर हैं। कई महिलाएं रात में बेरियों पर पहरा देती है, ताकि रिस-रिस कर जमा हुआ पानी भर सके। बॉर्डर के इन इलाकों में 700 किलोमीटर दूर से नर्मदा का पानी घर-घर तक पहुँचाने के दावे तो अनेक हुए। कागजों में टंकियां भी खड़ी कर दी गई। लेकिन हकीकत यह है कि कई घरों तक नल कनेक्शन पहुंच ही नहीं पाए।

राजस्थान के अकली गाँव की आबादी करीब 500 है और 130 से ज्यादा छोटी बस्तियाँ भी है। यहाँ की बेरियां आजादी के पहले की है। पहले यहाँ 150 से ज्यादा बेरियां थी। लेकिन समय पर उसकी खुदाई और मरम्मत नहीं होने से 130 बेरियां रेत से भरकर सूख गई। अब केवल 15-20 बेरियों से ही पानी मिल पाता है। यहां की महिलाओं के लिए रोज बेरियों से पानी प्राप्त करना रोज की जद्दोजहद है।

पिछले दिनों मध्यप्रदेश के रायसेन जिले के आदिवासी बहुल सगौर गाँव में सुबह पानी भरने गई तीन बच्चियों की कुँए में डूबने से मौत हो गई। गाँव में नल-जल योजना होने के बावजूद नल सूखे पड़े हैं। इस कारण ग्रामीणजन दूरस्थ स्त्रोतों से पानी लाने के लिए मजबूर है। राधा गोंड (14), तनु गोंड (11) और अमृता गोंड (11) गाँव से करीब एक किलोमीटर दूर कुएं पर से पानी भरने गई थी। पानी भरने के बाद एक बच्ची का पैर फिसल गया, उसे बचाने उतरी दूसरी बच्ची भी गहरे पानी में डूब गई। इन दोनों को बचाने में तीसरी बच्ची भी पानी में डूब गई। इस हादसे से पूरे गाँव में मातम छा गया।

मध्यप्रदेश के गुना शहर से केवल 15 किलोमीटर दूर भीलपुरा मोहल्ले की तस्वीर सरकारी व्यवस्थाओं की पोल खोल रही है। मोहल्ले में करीब 32 साल से बसे लगभग 20 परिवार आज भी स्वच्छ पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हालात इतने बद्तर हैं कि ग्रामीणजन जमीन खोदकर झिर बनाते हैं और उसी गंदे पानी को कपड़े से छानकर पीने के लिए मजबूर है। यहाँ पर दूषित पानी पीने से बच्चे और बूढ़े लगातार बीमार पड़ रहे हैं। भीलपुरा पहुंचने के लिए आज भी पक्की सड़क नहीं है। गांव में जाने के लिए कच्ची सड़क और बीच में पड़ने वाले नाले को पार करना पड़ता है। बरसात के दिनों में यह रास्ता पूरी तरह से बंद हो जाता है, और ग्रामीणों का सम्पर्क बाहरी दुनिया से पूरी तरह कट जाता है। इन आदिवासियों की इस समस्या पर किसी का ध्यान नहीं है।

अब हम बात करते हैं, गुजरात के चैरापूंजी की। गुजरात के बलसाड़ जिले में गुजरात-महाराष्ट्र बॉर्डर पर बसे मोटी पलसाण गाँव के बेरस्ता फलिया में पीने के पानी के लिए लोगों को आज भी जान जोखिम में डालनी पड़ती है। यहाँ करीब 45 फीट गहरे कुएं में सीढ़ी के सहारे उतरकर पानी भरना उनकी मजबूरी है। विडंबना यह है कि इस इलाके को गुजरात का चेरापूंजी कहा जाता है। फिर भी हर गर्मियों में जल संकट खड़ा हो जाता है। सरकार की करोड़ों रूपयों की एस्टोल समूह जल आपूर्ति योजना यहां फेल साबित हो रही है। गाँव में हर घर नल कनेक्शन दे दिए गए हैं। लेकिन नलों में पानी ही नहीं आता है। आजादी के 8 दशक हो जाने के बावजूद लोगों को पीने का पानी मयस्सर नहीं होना केन्द्र और राज्य सरकार दोनों के लिए शर्मनाक है। पिछले कुछ समय से केन्द्र सरकार ने नल-जल योजना शुरू की थी।

## चौदह कंधों पर सोई हुई गजल

भीड़ का अपना कोई चेहरा नहीं होता और न ही उसका कोई ईमान होता है, भैया। वह एक ऐसी बहरी और अंधी लहर है जो तब तक ही आपके सुर में सुर मिलाती है, जब तक आपके हुनर-ए-शोहरत की महक आती रहती है। जैसे ही आपके कंठ की कशिश थमी, यह स्वार्थी दुनिया अपनी पीठ फेरकर आगे बढ़ जाती है। बशीर साहब पूरी जिंदगी अपनी गजलों और मखमली आवाज में महफिलों को यह सिखाते रहे कि 'कोई हाथ भी न मिलाएगा जो गले मिलोगे तपाक से, ये नए मिजाज का शहर है जरा फासले से मिला करो', पर उन्हें अपनी आखिरी सांस तक इस बात का इल्म नहीं रहा होगा कि यह बेरहम नया मिजाज उनके खुद के आखिरी सफर में इस कदर खौफनाक और चीरने वाली दूरी बना लेगा। गली का वह परिचित मोड़ आज इतना वीरान और सूना था, मानो वहां कभी जिंदगी धड़की ही न हो। जेठ की चिलचिलाती धूप किसी रोते हुए उदास चेहरे पर जमी हुई स्याह कालिख की तरह आसमान से टपक रही थी, जो हर देखने वाले के कलेजे को झुलसाए दे रही थी। मोहल्ले के उस पुराने चौराहे पर, जहां कभी बशीर साहब के शेर सुनकर तालियां गूंजती थीं, आज चाय की दुकान वाले ने बेहद बेरुखी से केतली को भट्टी से उतारते हुए कहा, मियां, आज वो शायर आखिरकार गुजर ही गया, जिसकी शायरी को सुनकर कभी पूरी दुनिया दीवानी होकर कहती थी कि 'लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में, तुम तरस नहीं खाते बस्तियां जलाने में', देखो आज उसी शख्स के जाने से उनका ही आशियाना हमेशा के लिए उजड़ गया। पास ही बैठे दूसरे शख्स ने सिगरेट का धुआं हवा में उड़ाते हुए बेहद लापरवाही से जवाब दिया, अरे छोड़ो यार, इन शायरों का क्या है, अपनी चाय ठंडी हो रही है, हमें दूसरों की मौत से क्या लेना-देना। इतना कहते हुए वे चाय सुड़कने लगे।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 01 जून 2026 सोमवार
सूर्योदय - 05:45 सूर्यास्त 19:05
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - एकम 16:37 उपरांत दुतिया
नक्षत्र - ज्येष्ठा 19:08 उपरांत मूल
योग - सिद्ध 06:19 उपरांत साध्य
करण - कौलव
चन्द्रमा - वृश्चिक में है। 19:08 पर धनु में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - जिल्हेज मास 14 तारिख

**मेष-** धन प्राप्ति में अवरोध दूर होंगे। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है।

**वृषभ-** अज्ञात भय सताएगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**मिथुन-** नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**कर्क-** विवाद को बढ़ावा न दें। प्रमाद से बचें। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**सिंह-** विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में बुद्धिबल से उन्नति होगी। कारोबार का विस्तार होगा।

**कन्या-** नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। निवेश लाभदायक रहेगा।

**तुला-** घर में सुख-शांति रहेगी। उत्साह बना रहेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। संतान की चिंता रहेगी। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक-** दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। आय में निश्चितता रहेगी। राजभय रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे।

**धनु-** लेन-देन में जल्दबाजी हानि देगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। अनहोनी की आशंका रहेगी।

**मकर-** व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। राज्य से प्रसन्नता रहेगी।

**कुंभ-** कोई बड़ा काम हो सकता है। नई योजना बनेगी। नया उपक्रम प्रारंभ हो सकता है। आय में निश्चितता रहेगी।

**मीन-** सामाजिक कार्य करने का अवसर मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

व्यंग्य

## प्राण जाए पर प्रचार न जाए

प्राण जाए पर प्रचार न जाए ये नया अपडेटेड वर्जन है पुराने वेरिएंट प्राण जाए पर वचन न जाए का। अंतर ये है कि वचन की जगह प्रचार ने ले ली है। प्राण बापड़ा तो पहले भी दोयम दर्जे का नागरिक था और अभी भी है।हां इतना अंतर जरूर आ गया है कि पुराने वर्जन में प्राण उसके ही जाते थे जिसका वचन होता था लेकिन इस नए वेरिएंट में प्राण दूसरों के होते है और प्रचार दूसरों का। इस नए वर्जन में चील नुमा प्रचारजीवी हमेशा ताक लगाए बैठे रहते है कि कब कोई विमान आकाश की तरफ न उड़ कर जमीन की ओर टेक ऑफ कर ले और जब कभी उन नासमिटों के भाग्य से कई भाग्यशालियो का भाग्य दुर्भाग्य में बदल जाता है, तब ये प्रचारजीवी घुटनों घुटनों तक के डिजाइनर रंग बिरंगे कुर्तों में घटना स्थल पर टूट पड़ते है। कई कई कैमरों से शूटिंग, स्पेशल इफेक्ट्स, पृष्ठ भूमि में बजता हुआ कैची म्यूजिक , दिशा निर्देश देते हुए नेताजी , और लो रील तैयार। फिर सोशल मीडिया पे वायरल होते नेताजी। वाह! क्या सीन है। निकल ही जाता है न मुंह से। भला ये निगोड़ा मुंह क्या जाने कि खाने और चापलूसी करने के अलावा सच बोलना भी इसका ही काम है।



कमलेश कंवल
(दैनिक अवन्तिका)

घटना कैसी भी क्यों न हो ये प्रचार जीवी जब तक उसको इवेंट में बदल नहीं देते तब तक उनको चैन नहीं आता है। फिर चाहे वो घटना किसी औरत की इज्जत लूटने या मां गंगा में राजसी स्नान या समंदर में नहा के और भी प्रचार जीवी होने की या किसी सुदूर जंगल में किसी गूफा में ध्यान लगाने या किसी पत्नी या पति की हत्या की हो, ये प्रचार जीवी अपना उल्लू सीधा करने से कभी बाज नहीं आते है। उल्लू से ध्यान आया। ये प्रजाति भी अपनी गर्दन को धड़ पे रोटेट कर सकती है कैमरा कही भी क्यों न हो ये रडार से उसको इंटरसेप्ट कर के ऑटोमेटिकली उसकी फ्रेम के अनुसार एडजस्ट हो जाती है।

ये प्रचार जीवी अद्भुत प्रतिभा के धनी होते है। भरत मुनि के नाट्य शास्त्र में वर्णित नायक के गुणों में इन्होंने अपनी विलक्षण प्रतिभा के चलते भारी फेर बदल कर दिया है जैसे विकास की परिभाषा और स्वरूप में पुराने मापदंड खारिज कर नए आयाम स्थापित कर दिए है वैसा ही कुछ। इन्होंने भरत मुनि के बताए नायकों के गुणों में एक नया विलक्षण गुण जोड़ दिया है। वो है कैमरे की फ्रेम मेंअकेले होना। कोई दूसरा तो वैसे भी हिम्मत नहीं करता फ्रेम में आने की फिर भी गलती से यदि फ्रेम में दिख जाए तो ये प्रचार जीवी उसको धकिया कर स्वयं आगे आते भी देखे जा सकते है। किंतु कभी कभी विवशता वश किसी विशेष व्यक्ति को हाथ पकड़कर फ्रेम में खींचते हुए भी पाये जाते है। किंतु यह एक दुर्लभ दृश्य है गुलर के फूल की तरह जो बड़ी कठिनाई से दिखता है।

भला एक प्रचार जीवी को क्या चाहिए। एक माइक, पांच दस फूल मालाएं और जय जय कार करते चमचे नुमा भक्त और यदि ऐसे में कोई घटना दुर्घटना घट जाए तो फिर क्या कहने। दौड़ पड़ते है सारे के सारे उस तरफ। प्रचार जीवी अपने अपने कैमरा जीवियों के साथ गुनगुनाते हम साथ साथ है । ये प्रचारजीवी ज्यादा समय तक किसी घटना या दुर्घटना होने की प्रतिक्षा नहीं करते तू नहीं और सही की तर्ज पे खुद के प्रचार के लिए इवेंट भी गढ़ लेते है।इस तरह की गढ़ी गई इवेंट की टाइमिंग बहुत गजब की होती है। या तो कही वोटिंग चल रही होती है या कही घाघ विपक्ष सिर उठा रहा होता है। प्रचार का ऐसा बवंडर खड़ा करते है कि प्रचार भी सोचने लगता है कि मेरा ऐसा उपयोग भी हो सकता है, मुझे तो मालूम ही नहीं था। वाह रे प्रचार जीवी! तेरा कोई तोड़ नहीं। है तो ये प्रचार जीवी आदिकाल से ही लेकिन वर्तमान काल जैसा भौकाल तो इस प्रजाति का कभी रहा नहीं। किसी और के लिए वर्तमान समय अमृत काल हो न हो, निसंदेह प्रचार जीवियों के लिए तो यह अमृत काल ही है। हालांकि बेशर्म और बेतुके कुतर्कवादी मेरे बात से रूष्ट हो सकते है। उनकी धार्मिक भावनाएं भी आहत हो सकती है फिर भी देश द्रोही कहलाने का खतरा उठाते हुए मैं यही कहूंगा कि यह काल प्रचार जीवियों का अमृत काल है और प्राण जाए पर प्रचार न जाए उनकी पंच लाईन है।

# गर्मी में प्यास, बारिश में सैलाब: विकास के मॉडल पर बड़ा सवाल

21वीं सदी का भारत एक कड़वी विडंबना के दौर से गुजर रहा है। एक ओर देश अंतरिक्ष में नई ऊंचाइयां छू रहा है, तो दूसरी ओर करोड़ों लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए जूझ रहे हैं। वर्ष 2026 की भीषण गर्मी ने विकास की चमक के पीछे छिपी हकीकत उजागर कर दी है। कई क्षेत्रों में तापमान 48 डिग्री सेल्सियस पार कर चुका है। बाड़मेर जैसे इलाकों में गांव एक हैंडपंप के सहारे हैं, महिलाएं मीलों दूर से पानी ला रही हैं और शहरों में दूषित जलापूर्ति को लेकर आक्रोश है। लेकिन कुछ ही सप्ताह बाद मानसून आते ही यही देश जल संकट से निकलकर जल प्रलय में घिर जाता है। सड़कें नदियां बन जाती हैं और जनजीवन थम जाता है। आखिर यह कैसा विकास है, जहां गर्मी में प्यास और बारिश में सैलाब नियति बन चुके हैं?



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

यह संकट प्रकृति नहीं, बल्कि विकास और जल प्रबंधन की उपेक्षा का परिणाम है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार अप्रैल 2026 में देश के 166 प्रमुख जलाशयों में जल भंडारण क्षमता का लगभग 39 प्रतिशत ही बचा था, जो मई में और घट गया। कई बड़े जलाशय आधी क्षमता से नीचे पहुंच गए। पिछले वर्षों में वर्षा के असमान वितरण, बढ़ती गर्मी और कमजोर जल प्रबंधन ने संकट को गहरा किया है। वहीं 2026 में एल-नीनो के प्रभाव से सामान्य से कम मानसून की आशंका है। दूसरी ओर भूजल का बेलगाम दोहन हालात और बिगाड़ रहा है। दिल्ली, बेंगलुरु और चेन्नई जैसे शहर जल संकट के साथ भूमि धंसाव जैसे खतरों का भी सामना कर रहे हैं। स्पष्ट है, यह केवल आज की नहीं, भविष्य की भी गंभीर चुनौती है। इस संकट की जड़ अंधाधुंध शहरीकरण है, जिसने प्रकृति और पानी का संतुलन तोड़ दिया है। कभी तालाब, झीलें और आर्द्रभूमियां वर्षा जल संजोती थीं, लेकिन आज उनकी जगह कंक्रीट के जंगल उग आए हैं। नतीजा यह है कि बारिश का पानी जमीन में उतरने के बजाय सड़कों और नालों में बह जाता है, जबकि गर्मियों में भूजल खाली पड़ जाता है। मानो हम बरसात में पानी को ठुकराते हैं और फिर गर्मी में उसकी तलाश में भटकते हैं। दुर्भाग्य से विकास की परिभाषा ऊंची इमारतों और चौड़ी सड़कों तक सिमट गई है, जबकि जल संरक्षण हाशिये पर है। यही सोच आज जल संकट और जलभराव–दोनों की सबसे बड़ी वजह है।

भारत में जल संकट का कारण केवल पानी की कमी नहीं, बल्कि उसके उपयोग और प्रबंधन की खामियां भी हैं। कृषि और शहर मिलकर देश के 80 प्रतिशत से अधिक भूजल का दोहन कर रहे हैं, फिर भी जल व्यवस्था चरमराई हुई है। शहरों में लाखों लीटर पानी पाइपलाइन लीकेज में बह जाता है, जबकि कई बस्तियां बूंद-बूंद को तरसती हैं। दूसरी ओर सीमित जल वाले क्षेत्रों में भी अत्यधिक पानी मांगने वाली फसलें उगाई जा रही हैं। नतीजा यह है कि गर्मियों में जलाशय सूख जाते हैं और बरसात में वही पानी अनियंत्रित होकर तबाही मचाता है। स्पष्ट है, यह संकट संसाधनों के अभाव से अधिक गलत प्रबंधन और विकृत प्राथमिकताओं का परिणाम है।

गर्मी की प्यास और बारिश की तबाही का सबसे भारी बोझ समाज के कमजोर वर्गों पर पड़ रहा है। गांवों में पेयजल संकट स्वास्थ्य, खेती और पशुधन–तीनों पर चोट कर रहा है। सूखती फसलें किसानों की आय घटा रही हैं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को कमजोर बना रही हैं। वहीं शहरों में जलभराव और बाढ़ यातायात, कारोबार और जनजीवन को ठप कर देते हैं, साथ ही बीमारियों का खतरा बढ़ा देते हैं। गरीब परिवारों के घर डूबते हैं, रोजगार प्रभावित होता है और जीवन स्तर गिरता है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जल संकट और जल प्रलय की सबसे बड़ी कीमत वही लोग चुका रहे हैं, जिनकी इन समस्याओं को पैदा करने में सबसे कम भूमिका है।

समाज-परिवार

# अभिभावक : जिम्मेदारियों का पर्वत, अधिकारों का अभाव

वैश्विक अभिभावक दिवस हर वर्ष हमें यह स्मरण कराता है कि परिवार की सबसे मजबूत नींव माता-पिता और अभिभावक होते हैं। बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण से लेकर उनके भविष्य की दिशा तय करने तक, अभिभावकों की भूमिका को समाज सदैव सर्वोच्च स्थान देता आया है। लेकिन एक प्रश्न आज गंभीरता से पूछा जाना चाहिए–क्या आधुनिक समाज में अभिभावकों को उतना ही सम्मान और अधिकार प्राप्त हैं, जितनी जिम्मेदारियाँ उनके कंधों पर रख दी गई हैं?



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

वास्तविकता यह है कि आज का अभिभावक अभूतपूर्व दबावों के दौर से गुजर रहा है। उसे बच्चों का प्रथम गुरु कहा जाता है, लेकिन शिक्षा व्यवस्था में उसकी राय का महत्व सीमित है। उसे भविष्य निमार्ता कहा जाता है, लेकिन भविष्य तय करने वाली नीतियों में उसकी भागीदारी नगण्य है। उससे अपेक्षा की जाती है कि वह अपने बच्चे को हर क्षेत्र में सफल बनाए, परंतु सफलता की इस दौड़ में उसे आवश्यक सहयोग, संरक्षण और सम्मान बहुत कम मिलता है।

बीते दो दशकों में शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदला है। विद्यालयों की फीस लगातार बढ़ी है, प्रतियोगी परीक्षाओं का दबाव कई गुना बढ़ गया है, कोचिंग संस्थान समानांतर शिक्षा व्यवस्था बन चुके हैं और डिजिटल माध्यमों ने प्रतिस्पर्धा को वैश्विक बना दिया है। इन सबके बीच सबसे अधिक प्रभावित वह अभिभावक हुआ है जो अपने सीमित संसाधनों में बच्चों के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है।

आज मध्यमवर्गीय परिवार की आय का बड़ा हिस्सा बच्चों की शिक्षा पर व्यय होता है। विद्यालय शुल्क, पुस्तकें, परिवहन, कोचिंग, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और तकनीकी संसाधनों का खर्च परिवारों की आर्थिक क्षमता पर भारी दबाव डाल रहा है। इसके बावजूद यदि अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं होते तो समाज सबसे पहले अभिभावक की भूमिका पर प्रश्नचिह्न लगा देता है। स्थिति केवल आर्थिक नहीं, मानसिक भी है। आज अभिभावकों पर एक अदृश्य दबाव निरंतर कार्य कर रहा है। उन्हें यह विश्वास दिलाया गया है कि यदि उनका बच्चा हर क्षेत्र में उत्कृष्ट नहीं हुआ तो इसकी जिम्मेदारी उन्हीं की होगी। यही सोच धीरे-धीरे परिवारों में तनाव, संवादहीनता और भावनात्मक दूरी का कारण बन रही है। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि शिक्षा व्यवस्था की अधिकांश कमियों का भार भी अंततः अभिभावकों पर ही आकर पड़ता है। परीक्षा संबंधी विवाद हों, मूल्यांकन की त्रुटियाँ हों, प्रवेश प्रक्रिया की जटिलताएँ हों या शुल्क वृद्धि के प्रश्न–हर बार अभिभावकों को संघर्ष करना पड़ता है। लेकिन निर्णय लेने की प्रक्रिया में उन्हें शायद ही कभी वास्तविक भागीदार माना जाता है।

निजी विद्यालयों और कोचिंग संस्थानों के बढ़ते व्यावसायीकरण ने भी स्थिति को जटिल बनाया है। शिक्षा धीरे-धीरे सेवा से अधिक उद्योग का रूप लेती दिखाई दे रही है। विज्ञापनों, रैंकिंग और परिणामों की चमक के बीच अभिभावकों की वास्तविक चिंताएँ कहीं पीछे छूट जाती हैं। कई बार उन्हें विकल्पों के अभाव में ऐसे निर्णय स्वीकार करने पड़ते हैं जिनसे वे स्वयं सहमत नहीं होते।

विडंबना यह है कि समाज में अभिभावकों से अपेक्षाएँ लगातार बढ़ रही हैं, जबकि उनके अधिकार और निर्णय क्षमता सीमित होती जा रही है। बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा होती है, जो आवश्यक भी है, लेकिन अभिभावकों के मानसिक स्वास्थ्य पर शायद ही कभी गंभीर विमर्श दिखाई देता है। आर्थिक दबाव, भविष्य की चिंता और सामाजिक अपेक्षाओं का बोझ अनेक अभिभावकों को भीतर ही भीतर तोड़ रहा है।

वैश्विक अभिभावक दिवस केवल औपचारिक शुभकामनाओं का अवसर नहीं होना चाहिए। यह आत्ममंथन का भी दिन होना चाहिए। सरकारों, शिक्षा संस्थानों और समाज को यह समझना होगा कि यदि अभिभावक सशक्त नहीं होंगे तो बच्चे भी सुरक्षित और संतुलित वातावरण में विकसित नहीं हो पाएंगे।

समय की मांग है कि शिक्षा संबंधी नीतियों में अभिभावकों की भागीदारी बढ़ाई जाए। शुल्क निर्धारण और विद्यालय प्रशासन में पारदर्शिता सुनिश्चित हो। अभिभावकों की शिकायतों के लिए प्रभावी तंत्र विकसित किया जाए। साथ ही परिवारों को प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड़ से निकालकर संवाद, संस्कार और संतुलित विकास की दिशा में प्रेरित किया जाए।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द-7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया-10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,50,400 रवा- 1,50,200 चांदी-टंच- 2,53,500 पाट- 2,53,000।


## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।


## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम में विश्व तंबाकू निषेध प्रोग्राम किया

**खाचरोद।** उमंग स्वास्थ्य केंद्र सिविल हॉस्पिटल खाचरोद ने मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् के साथ विक्रम महाविद्यालय खाचरोद में एक दिवसीय जन जागरूकता अभियान चलाया, कार्यक्रम की रूपरेखा बीएमओ डॉ. शिवराज कौशल के अनुसार बनाकर सफल आयोजन किया गया डॉ कौशल ने बताया वर्ष की 2026 की वैश्विक थीम - निकोटीन और तम्बाकू की लत के दुश्चक्र को तोड़ना है। जिसमें उमंग स्वास्थ्य केंद्र को संचालित कर रहे मध्य प्रदेश वालंटियर हेल्थ एसोसिएशन इंदौर के तत्वाधान में सिविल हॉस्पिटल खाचरोद के परामर्शदाता दिनेश चन्द्र परिहार ने 120 विद्यार्थियों को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर संपूर्ण जानकारी देकर तंबाकू मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया गया। परामर्शदाता परिहार के द्वारा कार्यक्रम में , तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। ,तंबाकू छोड़ने के लिए या इस दिशा में किसी भी सरकारी सहायता और सलाह के लिए आप भारत सरकार के राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की आधिकारिक वेबसाइट पर जा सकते हैं। नशीले पदार्थों के दुष्परिणाम एवं शरीर पर होने वाले नुकसान ओर कैंसर जैसी बीमारियों पर जानकारी दी गई,तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए किसी धीमे जहर से कम नहीं है?

## सोलंकी ने जरूरत मंद महिला को दिया रक्त, युवाओं को आगे आने का दिया संदेश

**महिदपुर रोड।** इलेक्ट्रानिक मीडिया से जुड़े युवा मांगीलाल सौलंकी ने नागदा के जनसेवा हॉस्पिटल में एक जरूरतमंद



महिला को रक्त देकर उसके स्वास्थ्य सुधार करने में मदद की सौलंकी ने जनसेवा हॉस्पिटल के ब्लड बैंक में अपना 30 वां रक्तदान किया। अब तक वे 29 बार रक्तदान कर चुके हैं और अपने समाज में जागरूकता फैलाने का काम कर रहे हैं। सौलंकी ने युवाओं से अपील की कि स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आये ताकि अस्पता लों में कभी भी आपात स्थिति में खून की कमी न हो। ब्लड बैंक के डॉ. अनिल राठौर ने बताया सौलंकी जैसे नियमित दाताओं की वजह से ही जरूरतमंदों को समय पर रक्त मिल पाता है। अस्पताल प्रबंधन ने सौलंकी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## मुंह पर काली पट्टी बांध कांग्रेस ने दिया मौन धरना: माफी मांगने की मांग की



**देवास।** देवास में कांग्रेस कार्यकताओं ने सोमवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव के बयान के विरोध में मौन धरना दिया। यह धरना भोपाल चौराहा स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को लेकर एक बयान दिया था, जिसके बाद कांग्रेस ने यह कदम उठाया। धरने के दौरान कार्यकताओं ने अपने मुंह पर काली पट्टी बांधी और विरोध जताया। उन्होंने मुख्यमंत्री की सद्बुद्धि के लिए दो मिनट का मौन भी रखा। कांग्रेस नेताओं ने मुख्यमंत्री से अपने बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के किसानों और आम जनता की समस्याओं पर चर्चा करने के बजाय कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के लिए अपशब्दों का प्रयोग करना अनुचित है। उन्होंने जोर दिया कि मुख्यमंत्री को विकास और किसानों के हितों की बात करनी चाहिए। कांग्रेस नेता मनीष चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री का बयान लोकतांत्रिक मर्यादाओं के अनुरूप नहीं है और उन्हें इसके लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम ने भी बयान की निंदा करते हुए कहा कि इस प्रकार की भाषा किसी भी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को शोभा नहीं देती। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता गांधी प्रतिमा पर एकत्रित हुए और काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस ने इस मौन धरने को मुख्यमंत्री की सद्बुद्धि के लिए एक प्रतीकात्मक विरोध बताया।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मैं हिरानंदलोंगमल के नाम से जाना जाता था अब तथा भविष्य में मुझे केवल हिरानंद के नाम से जाना पहचाना जावे।

**हिरानंद**
**पता 73/1 शुभम परिसर शास्त्री नगर के पास उज्जैन**

### दैनिक अवन्तिका

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**
**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**
**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**
**0734-4041777, मोबा. 9977755777**


ब्यावरा विधानसभा में विकास कार्यों की सौगात -

# मंत्री पंवार ने किया लगभग 1 करोड़ 59 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

### 45 डिग्री तापमान में मंत्री पंवार ने किए अनेक निर्माण कार्यों का निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।



ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जरकड़ियाखेड़ी, सलहेपुर एवं मलावर में विकास कार्यों को नई गति देते हुए मध्यप्रदेश शासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार ने लगभग 1 करोड़ 59 लाख 16 हजार रुपए की लागत से निर्मित होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया।

मंत्री नारायण सिंह पंवार ने क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए कई अहम घोषणाएं और शिलान्यास किए ग्राम पंचायत जरकड़ियाखेडी कुल लागतः ?1.27 करोड़ से अधिक, 75.16 लाख की लागत से शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अतिरिक्त कक्षों का निर्माण। 52 लाख की लागत से देव महाराज स्थान एवं आंगनवाड़ी के समीप सामुदायिक भवन, पानी की टंकी, दो पुलिया और नाली निर्माण कार्यों की आधारशिला।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री पंवार ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। उन्होंने कहा कि ब्यावरा विधानसभा का ऐसा कोई गांव नहीं बचा जहां सड़क कनेक्टिविटी न पहुंची हो।

उन्होंने कहा कि 25 वर्ष पहले गांवों की स्थिति अत्यंत खराब थी। मूलभूत सुविधाओं का अभाव था, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार में गांव, गरीब, किसान और युवाओं के जीवन में व्यापक परिवर्तन आया है। गांवों में सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी सुविधाएं तेजी से पहुंच रही हैं। मंत्री पंवार ने पूर्व की कांग्रेस सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक केवल झूठ बोलने और जनता को भ्रमित करने का काम किया। विकास के नाम पर कुछ नहीं किया। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के शासनकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय प्रदेश की स्थिति ऐसी थी कि लोग कहते थे।

**राजा लाल बत्ती में, जनता मोमबत्ती में**

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने मध्यप्रदेश को अंधेरे और अव्यवस्था से निकालकर विकास और सुशासन के मार्ग पर आगे बढ़ाया है। मंत्री पंवार ने कहा कि पहले राजगढ़ जिले में पानी का भारी संकट रहता था, लेकिन आज अनेक बड़े बांधों और जल परियोजनाओं के निर्माण से चारों ओर पानी दिखाई देता है। सिंचित क्षेत्र का रकबा बढ़ा है और किसान समृद्ध हो रहे हैं। सरकार किसानों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचा रही है।

भीषण गर्मी और लगभग 45 डिग्री तापमान के बीच भी मंत्री पंवार ने क्षेत्र में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम के पश्चात मंत्री पंवार ने शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मलावर पहुंचकर निमार्णाधीन लैब एवं अतिरिक्त कक्षों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही कपिलेश्वर महादेव एवं मऊ महादेव पहाड़ी पर प्रगति पर चल रहे सड़क निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया और साथ ही मलावर में पेयजल आपूर्ति हेतु चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया।

इस दौरान सुठालिया स्थित पीएमश्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में लगभग 6 करोड़ 06 लाख 25 हजार रुपए की लागत से बनने वाले अतिरिक्त कक्षों के प्रस्तावित निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। मंत्री पंवार ने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए सरकार निरंतर प्रतिबद्ध है तथा जनहित से जुड़े प्रत्येक कार्य की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा रही है।

कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश गुर्जर, जसवंत गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष इंदर सिंह लववंशी, नारायण सिंह सालरियाखेड़ी, मानसिंह राजपूत,दिलवर यादव, जगदीश पंवार, अमित शर्मा ,मंडल अध्यक्ष जयेंद्र गुर्जर, राजू यादव , श्याम सिंह चौहान, गोपाल जाटव, विष्णु साहू, लक्ष्मीनारायण दांगी, रवि बढ़ोने, राधे दांगी, राधेश्याम यादव ,सुमित सोलंकी, सुनील सरावत, दिलीप भार्गव, आशीष मीना,जनपद सीईओ आर.के. मंडल, एसडीओ, प्रवीण, स्वाति डोंगरे , इंजीनियर कार्तिक राजपूत,सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त, हादसे का भी डर

# सारंगपुर के पुराने हाईवे पर भूसे का अवैध परिवहन बना जी का जंजाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



सारंगपुर के पुराने हाईवे पर इन दिनों नियमों को ताक पर रखकर भूसे का अवैध और ओवरलोड परिवहन धडल्ले से जारी है। क्षमता से कई गुना अधिक भूसा भरकर रेंगते हुए निकलने वाले ये वाहन न सिर्फ रोजाना ट्रैफिक जाम की वजह बन रहे हैं, बल्कि राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए काल साबित हो रहे हैं।

**नियमों को ताक पर रखकर हो रहा परिवहन**

हाईवे से गुजरने वाले ट्रकों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भूसे को इस कदर ऊपर और आसपास फैलाकर बांधा जा रहा है कि पीछे से आने वाले वाहनों को सामने का रास्ता ही दिखाई नहीं देता। पूरी सडक घेरकर चलने वाले इन वाहनों के कारण पीछे लंबा जाम लग जाता है। सबसे ज्यादा परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को आ रही है, जिन्हें इन बडे वाहनों को ओवरटेक करने में अपनी जान जोखिम में डालनी पडती है।

**मंडरा रहा हादसों का साया**

भूसे की अत्यधिक चौडाई के कारण पीछे चल रहे वाहनों को सामने से आने वाली गाडियां दिखाई नहीं देतीं, जिससे आमने-सामने की भिडंत का खतरा हर वक्त बना रहता है। वाहनों से लगातार उडने वाला भूसा पीछे चल रहे बाइक सवारों की आंखों में जाता है, जिससे अनियंत्रित होकर गिरने और गंभीर दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। ओवरलोडिंग के कारण हवा के हल्के झोंके या जरा से गड्ढे में इन गाडियों के पलटने का डर रहता है।

**प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल**

आम आदमी पार्टी नेता अश्वेंद्र छाबड़ा और राहगीरों का कहना है कि पुराने हाईवे पर यातायात का दबाव पहले से ही रहता है, उस पर इन ओवरलोड वाहनों ने स्थिति को और बदतर कर दिया है। इसके बावजूद जिम्मेदार परिवहन विभाग और स्थानीय प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। चेकिंग के अभाव में इन वाहन चालकों के हौसले इतने बुलंद हैं कि इन्हें किसी कार्रवाई का कोई डर नहीं है। स्थानीय निवासियों ने मांग कि है कि अगर समय रहते इन ओवरलोड वाहनों पर सख्त कानूनी कार्रवाई नहीं की गई।

## आंधी-तूफान का कहर, कई पेड़ गिरे, रात 2 बजे बहाल हुई बिजली

**सुसनेर।** देर रात आए तेज आंधी-तूफान और धूलभरी हवाओं ने नगर में व्यापक नुकसान पहुंचाया। तेज हवाओं के कारण नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कई पेड़ धराशायी हो गए, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। कई स्थानों पर पेड़ों की टहनियां टूटकर सड़कों पर गिर गईं, वहीं बिजली के तार और पोल भी क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि इस पूरे घटनाक्रम में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं मिली। कॉन्वेंट स्कूल के पास गिरजाशंकर राठौर की दुकान के समीप एक बड़ा पेड़ गिर गया। इसके अलावा नगर के अन्य क्षेत्रों में भी पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आईं। आंधी के दौरान उड़ रही धूल के कारण दृश्यता कम हो गई, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अचानक बदले मौसम ने भीषण गर्मी से राहत तो दी, लेकिन अपने पीछे नुकसान के कई निशान छोड़ गया। गाडोलिया लोहार बस्ती में तेज हवा के कारण एक झोपड़ी धराशायी हो गई। झोपड़ी गिरने से परिवार को आर्थिक नुकसान हुआ और परिवार के सदस्य भयभीत होकर काफी देर तक सड़क किनारे बैठे रहे। घटना की जानकारी मिलते ही नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी मौके पर पहुंचे और प्रभावित परिवार से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने हरसंभव सहायता का आश्वासन देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

आंधी-तूफान का सबसे अधिक असर विद्युत व्यवस्था पर पड़ा। कई स्थानों पर पेड़ गिरने से बिजली के तार टूट गए तथा कुछ जगह पोल भी क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे पूरे नगर की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। बिजली बंद होने के बाद विद्युत विभाग का अमला तुरंत मैदान में उतर गया और रातभर सुधार कार्य में जुटा रहा। कर्मचारियों ने तेज हवाओं और अंधेरे के बीच विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर फॉल्ट सुधारने का कार्य किया।

## मंडल अध्यक्ष का स्वागत

**महिदपुर रोड।** ग्राम झुटावद में विधायक दिनेश जैन बोस ने नव नियुक्त मंडलम अध्यक्ष श्याम शर्मा का स्वागत किया। इस अवसर पर अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी भारतसिंह पिता रामसिंह जाति राजपूत, निवासी ग्राम पचलानाबिल, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 229/2 रकबा 0.20 हे., 230 रकबा 0.83 हे. कुल किता 02 कुल रकबा 1.03 हे. स्थित ग्राम पचलानाबिल, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.) को कय करने का सौदा उपरोक्त भूमि स्वामी से तय कर बयाना राशि प्रदान कर दी है व भूमि स्वामी द्वारा एक सौदा चिट्ठी मेरे पक्षकार के पक्ष में सम्पादित की है तथा शीघ्र ही अनुबंधित भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित व पंजीकृत होना है यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी संस्था, बैंक, निकाय का ऋण, भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष मे रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भूमि से संबंधित मुख्त्यारनामा आम या मुख्त्यारनामा खास हो अथवा इस सम्पत्ति में उपरोक्त भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित, स्वत्व, अधिकार हो या अन्य कोई आपत्ति हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय मे लिखित रूप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ती दर्ज करावे अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ती मान्य नही होगी। सूचित हो। दिनांक 01/06/2026

**संदीप सोलंकी, एडव्होकेट**
**कोर्ट परिसर बड़नगर, जिला उज्जैन मो.नं. 8103441474**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि हमारे पक्षकार श्री पवनसिंह गुर्जर पिता श्री राजाराम जी गुर्जर जाति गुर्जर निवासी पलसावद सोन तहसील एवं जिला शाजापुर म.प्र. ने विक्रेता श्री अरविन्द कुमार देपुरिया पिता माताप्रसाद जी देपुरिया उर्फ मानाप्रसाद जाति महाजन निवासी बालाजी नगर अटेर रोड बम्बा के आगे दैपुरिया मार्केट भिन्ड जिला भिन्ड म.प्र. के स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम बंजारी तहसील तराना जिला उज्जैन में स्थित सर्वे नंबर 165 रकबा 1.750 हे. जिसकी चतुर्सीमा इस प्रकार है पूर्व दिशा में प्रधानमंत्री डामर रोड उसके बाद हरिसिंह पिता बापूसिंह की भूमि स्थित है पश्चिम दिशा में लखुन्दर नदी स्थित है उत्तर दिशा में बोरदागुर्जर की सीमा का कांकड स्थित है तथा दक्षिण दिशा में शंकरलाल अन्य की भूमि स्थित होकर उक्त कृषि भूमि को क्रय करना तय किया होकर, उन्हे विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि भी अदा कि जा चूकी है । उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था या वित्तीय निकाय अथवा शासकीय / अन्य किसी का ऋण चार्ज गिरवी, दान बक्षिस या किसी भी प्रकार का हित हक स्वत्व अधिकार या आपत्ति हो, तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिन की अवधि में मय लिखित प्रमाण के सूचित करे, अन्यथा अवधि उपरांत हमारे पक्षकार उक्त भूमि के विक्रय - लेख का निष्पादन एवं पंजीयन अपने पक्ष में करवा लेवेगें एवं तत पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा उजर उपरोक्त संपत्ति के विक्रय पर बंधनकारक नही रहेगी, सुचित हो । दिनांकः-01.06.2026

**रजनीश कुमार मालवीय एडव्होकेट उज्जैन म.प्र.**
**कोर्ट परिसर तराना जिला मों.9685555330**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार द्वारा संपत्ति स्वामी 1. गोपी पिता अम्बाराम, 2. सजनबाई पति अम्बाराम, 3. भावना पिता अम्बाराम नि.गण उज्जैन म.प्र. से उनके संयुक्त स्वत्वाधिपत्य की सर्वे नं. 919 रकबा 0.2800 हे., सर्वे नं. 924/1 रकबा 0.0900 हे., सर्वे नं. 925 रकबा 0.0500 हे., सर्वे नं. 958 रकबा 0.7900 हे., सर्वे नं. 959/1 रकबा 0.6400 हे., सर्वे नं. 965 रकबा 0.5300 हे., सर्वे नं. 968/1/2 रकबा 1.0000 हे., सर्वे नं. 973/2 रकबा 0.6700 हे. कुल किता 8 कुल रकबा 4.0500 हेक्टर स्थित ग्राम बकानिया, पटवारी हल्का बकानिया तहसील उज्जैन जिला उज्जैन, म.प्र. में स्थित हैं को मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने का लिखित अनुबंध संपत्ति स्वामी एवं मेरे पक्षकार के मध्य किया गया हैं। यह कि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति के विक्रय मुल्य की धनराशि बाबत बयाना राशि अदा कर दी हैं और उपरोक्त अनुसार मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष विक्रय धनराशि संपत्ति स्वामी को अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री का संपादन संपत्ति स्वामी से उनके हित में करवाई जाना हैं। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त संपत्ति के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित संपत्ति के दस्तावेज विक्रय पत्र/ ई-रजिस्ट्री का संपादन अपने हित में करवा ली जावेगीं व बाद किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक 02-06-2026 उज्जैन

**अभिषेक सिकरवार एडवोकेट**
**कार्यालय डी-3, भरतपुरी कॉम्लेक्स, उज्जैन**
**सिटी ऑफीस 15, कलालसेरी चौक, उज्जैन**
**मो.नं. 98273-80500,**
**70001-92470**




## पुलिस पदोन्नति समारोह में बेटियों ने मां के कंधों पर लगाए स्टार

**देवास।** देवास में पुलिस पदोन्नति अलंकरण समारोह भावुक पलों का गवाह बना। इस दौरान एक बेटे ने अपने पुलिसकर्मी पिता के कंधों पर सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) के स्टार लगाए, वहीं दो बेटियों ने अपनी मां को पदोन्नति के स्टार पहनाकर उनकी उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। यह दृश्य सभागार में मौजूद सभी लोगों के लिए यादगार बन गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार में रविवार शाम को पदोन्नति अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान प्रधान आरक्षकों को सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) पद पर पदोन्नत किया गया। पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोत ने पदोन्नत अधिकारियों की पुरानी फीती हटाकर उन्हें नए दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह में पदोन्नत अधिकारियों के परिजन भी उपस्थित रहे। बेंगलुरु में कॉपोर्रेट क्षेत्र में कार्यरत एक पुत्र ने अपने पिता के कंधों पर एएसआई के स्टार लगाए। वहीं, दो बेटियों ने अपनी मां के कंधों पर स्टार सजाकर उनकी वर्षों की सेवा, संघर्ष और समर्पण को सम्मान दिया। इन भावुक क्षणों ने समारोह को केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे परिवार, सम्मान और उपलब्धि के उत्सव में बदल दिया।

## मक्सी आगमन पर देवास जिले के जिला अध्यक्ष रायसिंह सैधव का



**मक्सी।** देवास जिले के जिला अध्यक्ष रायसिंह सैधव का मक्सी में शाजापुर के यशस्वी जिलाध्यक्ष रवि पांडे के नेतृत्व में स्वागत, वंदन अभिनन्दन किया। इस अवसर पर मक्सी मंडल अध्यक्ष गोविंद पटेल,, टोंकखुर्द मंडल अध्यक्ष जितेंद्र मंडलोई , उज्जैन जिला पंचायत सदस्य ईश्वर पटेल जिगर उपस्थित रहे।

## मन की बात के 134वें संस्करण पर कार्यक्रम नगर में सम्पन्न

**तनोडिया।** मंडल के सभी बूथों पर और नगर के बूथ क्रमांक 247 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 134वें संस्करण पर श्रवण किया।इस अवसर पर पुर्व विधायक लालजीराम मालवीय,वरिष्ठ नेता बहादुरसिंह राठौर, छतरसिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष डॉ राहुल जैन, महेश कुमार मित्तल, दिनेश पाटीदार, महेश शर्मा, पंकज मित्तल, बलराम सिंह टुगंनी, अर्जुन पाटीदार, कालुसिंह राठौर, चंद्रशेखर खमोरा, किसान मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी गिरीश परमार की गरिमामयी उपस्थिति रही।प्रधानमंत्री जी ने अपने संबोधन में राष्ट्र निर्माण, किसान कल्याण, जनभागीदारी, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रेरणादायी विचार साझा किए। उनके संदेश विकसित भारत के निर्माण हेतु प्रत्येक नागरिक को सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित करते हैं। सभी कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री जी के विचारों को आत्मसात करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी श्री रूप सिंह गौड़ पिता राम सिंह जी निवासी उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 54 ए का दक्षिण भाग वर्तमान म्यु.क्रमांक 54/1 जो कि साकेत नगर कॉलोनी सांवेर रोड उज्जैन में स्थित है उक्त भवन के भूखंड का कुल क्षेत्रफल 50.25 वर्गमीटर है, जो तीन मंजिला निर्मित हैं को सर्वभार मुक्त अवस्था में तल भूमि मय हवाई हक क्रय करने का सौदा किया है` जिसके पूर्व में कॉलोनी का रोड, पश्चिम में भवन क्रमांक 55 ए, उत्तर में भवन क्रमांक 54 ए का शेष भाग, दक्षिण मेंः भवन क्रमांक 54 है। उक्त संपत्ति हेतु टोकन राशी का भुगतान मेरे पक्षकार द्वारा कर सौदा चिट्ठी का सम्पादन करवा लिया गया है । उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति / संस्था / बैंक / शासकीय / अर्द्धशासकीय विभाग आदि का कोई ऋण /भार / बोझा / हक / हित एवं भार हो या किसी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधीन हो अथवा इस विक्रय संव्यवहार बाबत कोई आपत्ति हो तो सुचना प्रकाशन की तिथि से 07 दिन के अंदर सप्रमाण मेरे कार्यालय पर आकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे, अन्यथा बाद मियाद मेरे पक्षकार शेष प्रतिफल राशि का भुगतान कर सदर संपत्ति का अनुबंध पत्र या विक्रय पत्र अपने हित में पंजीकृत करवा लेवेगे` तत्पश्चात किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति मान्य नहीं होगी और न ही मेरे पक्षकार के हितो पर बंधन कारक होगी` यह सूचित हो` इति दिनांक 01-6-2026

**हितेश थानी अधिवक्ता**
**कार्या. 50 बी संतराम सिन्धी कॉलोनी, सांवेर रोड**
**(न्यू मारुती प्लाईवुड के पीछे) उज्जैन मो. 8817888422**

### जाहिर सूचना का प्रतिवाद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरा पक्षकार इमरान पिता कालू खाँ मुसलमान निवासी अंजुमन रोड़ बड़नगर के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे नंबर 61 रकबा 0.19 ग्राम शेखपुर तहसील बड़नगर में स्थित है। उक्त भूमि मेरे पक्षकार को अपने दादा श्री मोहम्मद हुसैन पिता कुरबान खां द्वारा निष्पादित एवं पंजीकृत दानपत्र के माध्यम से प्राप्त हुई है तथा मेरा पक्षकार का उक्त भूमि पर आधिपत्य होकर मेरा पक्षकार कृषि कार्य कर रहा है। उक्त भूमि के संबंध में न्यायालय अपर आयुक्त महोदय उज्जैन संभाग उज्जैन के न्यायालय में अपील विचाराधिन है।

यह कि दिनांक 25.05.2026 को श्री दीपक कवाडिया एड्वोकेट बड़नगर के माध्यम से श्री नाहीद जाटू पिता मोहम्मद यूनूस जाटू जाति मुसलमान निवासी 78/12 पाटनी पुरा इन्दौर द्वारा मेरे पक्षकार के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे नंबर 61 रकबा 0.19 मेसे 0.03 हैक्टर को मुख्त्यार हुसैन पिता मोहम्मद हुसैन निवासी बड़नगर से कय करने का सोदा उल्लेखित करते हुए बयाना राशि भुगतान कर अनुबंध पत्र निष्पादित होना उल्लेख करते हुए असत्य जाहिर सूचना का प्रकाशन करवाया गया। भूमि सर्वे नंबर 61 रकबा 0.19 हैक्टर से मुख्त्यार पिता मोहम्मद हुसैन का किसी भी प्रकार से हितस्वत्व नही है न ही किसी भी प्रकार से आधिपत्य है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि सर्वे नंबर 61 रकबा 0.19 स्थित ग्राम शेखपुर तहसील बड़नगर या उसके किसी भी भाग के संबंध में किसी भी व्यक्ति से कोई व्यवहार या बिकी सोदा न करें। उक्त भूमि का एकमात्र स्वामी मेरा पक्षकार इमरान पिता कालू खाँ है यदि किसी भी प्रकार का फर्जी अनुबंध या अन्य कोई फर्जी दस्तावेज मुख्त्यार खॉ से किसी व्यक्ति द्वारा निष्पादित करवाया गया तो उसकी समस्त जवाबदारी संबन्धित पक्ष की होगी।

**अनिल कुमार शर्मा एड्वोकेट बड़नगर**

## चलती ट्रेन पकड़ने में महिला के दोनों पैर कटे, बेटा भी गिरा

**इटारसी।** इटारसी रेलवे जंक्शन पर सोमवार सुबह एक हादसा हो गया। प्लेटफॉर्म नंबर-4 पर चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश के दौरान 25 वर्षीय महिला अपने तीन साल के बेटे के साथ ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच गिर गई। हादसे में महिला के दोनों पैर कट गए, जबकि बच्चे को मामूली चोटें आई हैं। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार, जबलपुर जिले के बिलपुरा मड़ाई निवासी अंजलि कश्यप अपने तीन वर्षीय बेटे के साथ गाड़ी संख्या 22187 रानी कमलापति-अधारताल इंटरसिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस से यात्रा कर रही थीं। सोमवार सुबह ट्रेन के इटारसी स्टेशन से रवाना होने के दौरान उन्होंने चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया। इसी दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वह बच्चे समेत ट्रेन तथा प्लेटफॉर्म के बीच जा गिरीं। घटना होते ही प्लेटफॉर्म पर मौजूद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। सहयात्रियों ने तत्काल अलार्म चेन पुलिंग (एसीपी) कर ट्रेन रुकवाई और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को सूचना दी। सूचना मिलते ही एएसआई विक्रम सिंह, जसवंत सिंह, राजेश कुमार और नवाब सिंह मौके पर पहुंचे रेलवे कर्मचारियों और सफाई कर्मियों की मदद से महिला और बच्चे को ट्रैक से बाहर निकाला गया। महिला की हालत गंभीर होने के कारण एंबुलेंस का इंतजार किए बिना उन्हें निजी ऑटो से शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया।

## छठी पर देवर की गोली से भाभी की मौत

**ग्वालियर।** ग्वालियर में रविवार (31 मई) को दष्टौन (छठी) समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग से पहले चली गोली से बच्चे की मां की मौत हो गई। घटना के बाद परिजन ने शव को डीप फ्रीजर में छिपाकर रात में अंतिम संस्कार की तैयारी कर ली थी, लेकिन इससे पहले खबर पुलिस तक पहुंच गई।थाटीपुर के नदीपार टाल स्थित तृप्ति नगर निवासी मनोज कुशवाह के बेटे का छठी कार्यक्रम था। घर में रिश्तेदार और मेहमान मौजूद थे। सुबह 10 से 11 बजे के बीच मनोज का छोटा भाई योगेश भतीजे के जन्म की खुशी में अवैध कट्टे से हर्ष फायरिंग की तैयारी कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, योगेश कट्टे को बार-बार लोड और अनलोड कर रहा था। उसी दौरान गलती से ट्रिगर दब गया और गोली पास बैठी बच्चे की मां जाह्नवी उर्फ ज्योति कुशवाह (32) के सिर में जा लगी। पुलिस को सूचना देने की बजाय अपराध छिपाया-गोली लगने के बाद ज्योति जमीन पर गिर पड़ी। परिजन उसे संभाल पाते, उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद घर में चीख-पुकार मच गई। पुलिस के मुताबिक घटना के बाद पति मनोज और देवर योगेश ने पुलिस को सूचना देने की बजाय मामला छिपाने की योजना बनाई। दोनों ने बड़ा डीप फ्रीजर मंगवाकर महिला के शव को उसमें रख दिया, ताकि शव खराब न हो और घटना की जानकारी बाहर न पहुंचे। आसपास के लोगों को बीमारी से मौत होना बताया-रविवार रात करीब 11 बजे दोनों आरोपी शव को गुपचुप तरीके से अंतिम संस्कार के लिए ले जाने की तैयारी कर रहे थे। आसपास के लोगों को बीमारी से मौत होने की जानकारी दी गई थी, ताकि किसी को शक न हो।

## किडनैपिंग के बाद 10 वर्षीय मूक-बधिर बच्ची से रेप

**खंडवा।** खंडवा जिले से एक 10 वर्षीय मूक-बधिर (बोलने और सुनने में असमर्थ) बच्ची के साथ रेप का मामला सामने आया है। आरोपी रिश्ते में बच्ची के मामा का साला है। वह बच्ची को सामान दिलाने के बहाने अगवा कर जंगल ले गया। वहां उसके साथ दरिंदगी की। पुलिस ने तीन दिन के सर्च ऑपरेशन के बाद बच्ची को 31 मई को जंगल से सुरक्षित छुड़ा लिया है और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला मूंदी थाना क्षेत्र का है। टीआई राजेंद्र नरवरिया के मुताबिक, एक्सपर्ट और महिला पुलिस अधिकारी की मौजूदगी में मूक-बधिर बच्ची के बयान दर्ज किए गए। पूछताछ के दौरान बच्ची ने इशारों में अपने साथ हुई ज्यादती के बारे में बताया। आरोपी के खिलाफ अपहरण, रेप, पॉक्सो और दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

## ऐप से पता चलेगा जमीन को कितने खाद की जरूरत

**रायसेन।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को रायसेन जिले के रामसिया गांव से राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' का शुभारंभ किया। अभियान का उद्देश्य मिट्टी की सेहत सुधारना, खेती की उर्वरता बनाए रखना और किसानों को वैज्ञानिक एवं प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि धरती मां, खेती और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने का राष्ट्रीय संकल्प है। अभियान 30 जून तक देशभर में चलाया जाएगा। अभियान के शुभारंभ अवसर पर शिवराज सिंह चौहान ने देशभर के कृषि विज्ञान केंद्रों, आईसीएआर संस्थानों, कृषि विश्वविद्यालयों और कृषि विभाग के अधिकारियों से वर्चुअल संवाद किया। उन्होंने कहा कि बढ़ता तापमान, रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का असंतुलित उपयोग तथा मिट्टी की सेहत में गिरावट खेती के सामने गंभीर चुनौती बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि 30 जून तक चलने वाले अभियान के दौरान वैज्ञानिक और कृषि अधिकारी गांव-गांव जाकर किसानों को मिट्टी परीक्षण, सॉयल हेल्थ कार्ड, संतुलित उर्वरक उपयोग, प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण, हरी खाद, कम वर्षा की स्थिति में फसल प्रबंधन तथा नकली खाद, बीज और कीटनाशकों की पहचान की जानकारी देंगे।

## एसपी ऑफिस में युवक ने काटी हाथ की नस

**छतरपुर।** छतरपुर के एसपी ऑफिस परिसर में सोमवार को एक युवक ने हाथ की नस काटकर आत्महत्या का प्रयास किया। युवक हरपालपुर का रहने वाला है और उसकी पहचान शिवप्रताप सिंह राजपूत के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, युवक का मानसिक स्वास्थ्य संबंधी उपचार ग्वालियर में चल रहा है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि वह पूर्व में न्यायालय परिसर में विवाद और हिंसक व्यवहार की घटनाओं में शामिल रहा है।

# सीएम मोहन यादव का पुतला दहन, कांग्रेसियों पर एफआईआर दर्ज

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर



मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के बीच शुरू हुई जुबानी जंग की आंच अब सड़कों तक पहुंच गई है। शुजालपुर में मुख्यमंत्री द्वारा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पर की गई विवादित टिप्पणी से आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रविवार रात शाजापुर में सीएम का पुतला फूंका दिया। बिना अनुमति हुए इस प्रदर्शन को लेकर कोतवाली पुलिस ने एक्शन लेते हुए 9 नामजद और 3-4 अज्ञात कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत एफआईआर दर्ज की है।

**क्या है विवाद की जड़-** यह पूरा विवाद शुजालपुर में हुई एक जनसभा के दौरान शुरू हुआ था। वहां कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री को मोहन लाल अभिनंदन यादव कहकर संबोधित किया था। इसके पलटवार में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पटवारी पर तीखी टिप्पणी करते हुए उन्हें टपोरी लाल और दो कौड़ी का प्रदेशाध्यक्ष कह दिया। मुख्यमंत्री के इसी बयान के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। रविवार रात शाजापुर के बस स्टैंड क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर मुख्यमंत्री के बयान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनका पुतला जलाया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक पुतला दहन हो चुका था। पुलिस को घटनास्थल पर केवल पुतले के अवशेष मिले, जबकि कार्यकर्ता मुख्यमंत्री विरोधी नारे लगा रहे थे।

**कांग्रेस नेताओं पर दर्ज हुआ मामला-** कोतवाली पुलिस ने घटना स्थल के फोटो और वीडियो के आधार पर प्रदर्शनकारियों की पहचान की है। पुलिस ने मामले में 9 कांग्रेसी नेताओं को नामजद किया है, जिनमें मांगीलाल नायक, दीपक तालोदिया, इरशाद नागोरी, नरेश्वर प्रताप सिंह, आशुतोष शर्मा, सीताराम पवैया, इरशाद खान, अकिल वारसी, सरलेश चतुर्वेदी शामिल हैं। इनके अलावा 3-4 अज्ञात कार्यकर्ताओं को भी आरोपी बनाया गया है।

**निषेधाज्ञा के उल्लंघन में हुई कार्रवाई-** पुलिस के अनुसार, कलेक्टर द्वारा 12 मई 2026 को जारी आदेश के तहत जिले में बिना पूर्व अनुमति के धरना, प्रदर्शन और जुलूस निकालने पर पूर्ण प्रतिबंध लागू है। प्रदर्शनकारियों द्वारा इस नियम का सीधा उल्लंघन करते हुए पुतला दहन किया गया। इसी आधार पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सौ एफआईआर भी हो जाएं, हम डरेंगे नहीं

पुलिस की इस कार्रवाई पर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। मामले में नामजद वरिष्ठ कांग्रेस नेता सीताराम पवैया ने कहा कि, कांग्रेस हमेशा सही को सही और गलत को गलत कहने में विश्वास रखती है। मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश अध्यक्ष के अपमान पर आक्रोश जताते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि चाहे एक नहीं, सौ एफआईआर दर्ज हो जाएं, कांग्रेस कार्यकर्ता किसी भी कार्रवाई से डरने वाले नहीं हैं।

# सिंहस्थ 2028 के लिए शाजापुर पुलिस मुस्तैद

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर




आगामी सिंहस्थ 2028 को लेकर पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार शाजापुर जिले में पुलिस बल की तैयारियां अभी से तेज हो गई हैं। मेले के दौरान कानून व्यवस्था, कुशल भीड़ प्रबंधन और पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार, 1 जून को पुलिस बल के विशेष प्रशिक्षण के प्रथम बैच का शुभारंभ किया गया।

शाजापुर पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत ने इस छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन कर जवानों का उत्साहवर्धन किया। विशेष प्रशिक्षण में जिले के समस्त जिला पुलिस बल, विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) और होमगार्ड के जवानों को शामिल किया गया है। अधिकारियों और कर्मचारियों को सिंहस्थ ड्यूटी से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर बारीकी से प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल को शारीरिक और मानसिक रूप से इतना दक्ष बनाना है कि वे मेले के दौरान सामने आने वाली किसी भी चुनौतीपूर्ण परिस्थिति का प्रभावी ढंग से सामना कर सकें। ट्रेनिंग के दौरान जवानों की फिटनेस और मानसिक शांति के लिए नियमित पी.टी. अभ्यास के साथ-साथ योग और मेडिटेशन को भी दिनचर्या में शामिल किया गया है। प्रशिक्षणार्थियों को सिंहस्थ के परिचय के साथ ही उज्जैन के ऐतिहासिक एवं भौगोलिक महत्व से भी अवगत कराया जा रहा है। इसके अलावा, सिंहस्थ 2016 के अनुभवों का पुनर्विलोकन करते हुए जवानों को भीड़ नियंत्रण व प्रबंधन, मेला क्षेत्र में सघन चेकिंग व निगरानी और किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन जैसे अहम विषयों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। ड्यूटी के दौरान जवानों का स्वास्थ्य भी पूरी तरह दुरुस्त रहे, इसे ध्यान में रखते हुए जिला चिकित्सालय की एक विशेष टीम द्वारा प्रशिक्षण में शामिल सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि सिंहस्थ ड्यूटी एक बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को पूरे अनुशासन, सजगता और सच्ची सेवा भावना के साथ इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

## तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश महूपुरा और बेरछा रोड पर गिरे पेड़

**शाजापुर।** शहर में अचानक बदले मौसम के मिजाज ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। तेज आंधी-तूफान के साथ हुई जोरदार बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में भारी नुकसान देखने को मिला। आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि कई स्थानों पर विशाल पेड़ जड़ से उखड़ कर धराशायी हो गए, वहीं शहर की विद्युत व्यवस्था भी पूरी तरह चरमरा गई। जानकारी के अनुसार सोमवार शाम अचानक से तेज हवाओं ने चलना शुरू कर दिया जिससे महूपुरा और बेरछा रोड सहित शहर के कई प्रमुख और व्यस्त मार्गों पर बड़े पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गए। मार्ग के बीचों-बीच पेड़ गिरने से आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया और दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। राहगीरों और वाहन चालकों को निकलने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। आंधी-तूफान का सबसे ज्यादा असर बिजली व्यवस्था पर पड़ा है। पेड़ों और उनकी बड़ी डालियों के बिजली के तारों पर गिरने से कई जगह लाइनें फॉल्ट हो गईं और तार टूट गए। इसके चलते शहर के एक बड़े हिस्से की बिजली गुल रही।

## पुलिस विभाग के 02 अधिकारी हुए सेवानिवृत्त, दी गई भावभीनी विदाई

**शाजापुर।** पुलिस विभाग के दो अधिकारियों को सेवा निवृत्त होने पर विदाई दी गई। 01 जून 2026 को पुलिस विभाग के निरीक्षक मनोहर सिंह जगेत एवं सहायक उप निरीक्षक माला साहू सेवानिवृत्त हुई जिन्हें पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत द्वारा शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। निरीक्षक मनोहर सिंह जगेत द्वारा पुलिस विभाग में लगभग 40 वर्षों तक उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान की गईं, वहीं सहायक उप निरीक्षक माला साहू द्वारा 37 वर्षों की सराहनीय सेवाएं पूर्ण की गईं। उनके कार्यकाल के दौरान विभाग के प्रति समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासन की सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सराहना की गई। विदाई समारोह के दौरान विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दोनों सेवानिवृत्त अधिकारियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई।

## तेज आंधी से टूटा बीएसएनल टॉवर

**शाजापुर।** तेज आंधी के कारण बीएसएनल का टॉवर टूट गया। जानकारी के अनुसार जिले के मक्सी के समीप ग्राम सिरोलिया में तेज आंधी के कारण बीएसएनएल टॉवर का ऊपरी हिस्सा टूट गया। टॉवर का क्षतिग्रस्त हिस्सा अधर में लटक गया, जिससे गांव में दहशत का माहौल बन गया। गनीमत रही कि घटना के समय कोई व्यक्ति इसकी चपेट में नहीं आया और एक बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में लगा यह बीएसएनएल टॉवर काफी समय से बंद पड़ा था। तेज हवाओं के दबाव से टॉवर का ऊपरी हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर झूलने लगा।

## शहर में बढ़ रहा आवारा सांडों का आतंक, लोगों में आक्रोश व्याप्त

**शाजापुर।** शहर में जहां आवारा कुत्ते, गायों के बाद अब सांडों का आतंक गली मोहल्लों और बाजारों में पसरा है, सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की धज्जियां उडाते हुए जहां कुत्तों के खिलाफ अभी तक मुहिम चलाकर उनका बधियाकरण नहीं किया जा रहा है, वहीं सांड भी नगरवासियों के लिए भय तथा आतंक का पर्याय बने हुए हैं। गत 28 मई की शाम 4.30 बजे आदर्श कॉलोनी में दो सांडों के बीच दंगल हो गया। इस दंगल में कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए वहीं दिलीप नागर और उनके पुत्र भी सांडों की चपेट में आकर घायल हो गए। घटना में दिलीप को पैर और उनके बालक को सिर में अंदरूनी गंभीर चोट आगई। बालक इंदौर बॉम्बे हॉस्पिटल में उपचारत था ओर अब स्वस्थ है। ज्ञात रहे कि शहर में इससे पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे आवारा सांडों का आतंक लगातार बड रहा है। आदर्श कॉलोनी निवासी दिलीप नागर का कहना है कि सांड आए दिन कॉलोनी में लड़ते रहते हैं जिससे लोगों का बाहर बैठना भी मुश्किल हो गया है।

## नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 52 मरीजों की जांच

**शुजालपुर।** अखंड सेवा समिति द्वारा आयोजित निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 52 मरीजों की आंखों की जांच की गई। शिविर में मरीजों का शुगर एवं रक्तचाप परीक्षण भी किया गया। नेत्र सहायक नेहा सोनी ने 10 मरीजों की दृष्टि जांच कर उन्हें चश्मा लगाने की सलाह दी तथा गर्मी और धूप से आंखों की सुरक्षा के लिए डार्क चश्मा उपयोग करने की समझाइश दी। शिविर संयोजक दिलीप जैन ने बताया कि समिति पिछले आठ वर्षों से निरंतर प्रत्येक रविवार को अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण कर रही है। इसके साथ ही समिति द्वारा संचालित सात वाटर कूलर प्याऊ के माध्यम से आमजन को ठंडे पानी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पानी और दाना रखने के लिए प्रतिवर्ष लगभग 500 सकोरे निशुल्क वितरित किए जाते हैं। मरीजों और जरूरतमंदों के उपयोग के लिए समिति द्वारा सात एडजेस्टेबल पलंग, सात व्हीलचेयर, पांच कमोड सीट, 30 वॉकर, नेबुलाइजर मशीन, रक्तचाप मापक यंत्र, गर्म पानी से सिकाई की थैली तथा ऑक्सीजन सिलेंडर भी निशुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं। समिति द्वारा शीत ऋतु में कंबल वितरण एवं जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरण का कार्य भी किया जाता है। वहीं पिछले तीन महीनों से प्रत्येक मंगलवार को जटाशंकर परिसर में बंदरों को केले खिलाने का अभियान भी संचालित किया जा रहा है। शिविर में प्रमोद कुमार जैन, प्रवीण जैन, मांगीलाल परिहार, कपिल जैन, मनोहर सिंह यादव, उमेश लेवे, शैलेंद्र गौतम, बाबूलाल यादव, सुरेश कुंभकार, जितेंद्र गुरेनिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सेवा सदन के जिला प्रभारी खुशीराम आचार्य ने सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# विश्व धूम्रमान निषेध दिवस पर बनी मानव श्रृंखला



**शुजालपुर।** विश्व धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में क्रीड़ा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों, खिलाड़ियों एवं स्वयंसेवकों ने मानव श्रृंखला बनाकर धूम्रपान और तंबाकू सेवन के खिलाफ जनजागरूकता का संदेश दिया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने हाथों में जागरूकता तख्तियां लेकर तंबाकू छोड़ो, जीवन जोड़ो, धूम्रपान से दूरी, स्वास्थ्य से दोस्ती और नशामुक्त युवा, सशक्त भारत जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। मानव श्रृंखला के माध्यम से युवाओं ने नशामुक्त समाज निर्माण का संदेश दिया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एवं क्रीड़ा अधिकारी देवेंद्र कुंभकार ने कहा कि तंबाकू और धूम्रपान मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक हैं। इनके सेवन से कैंसर, हृदय रोग तथा फेफड़ों से संबंधित गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने युवाओं से स्वयं नशे से दूर रहने और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान प्रीतम सिंह परमार ने खिलाड़ियों एवं स्वयंसेवकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करेंगे तथा अपने परिवार और समाज को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, खिलाड़ियों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। आयोजन को सफल बनाने में फिटनेस ग्रुप लीडर गजेंद्र चंदेल, हेमंत पाटीदार एवं प्रत्यक्षा परमार का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन नशामुक्त समाज के निर्माण के संकल्प एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। आयोजकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में स्वास्थ्य जागरूकता, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं जनसेवा की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## जैन समाज का मनोहर बाल संस्कार शिविर 1 जून से

**गुना।** वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली और आधुनिकता के दौर में बच्चों एवं युवाओं को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और धार्मिक संस्कारों से जोड़ने के उद्देश्य से जैन समाज द्वारा मनोहर बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह दस दिवसीय शिविर 1 जून से 10 जून 2026 तक मणिधारी मेंसन दादाबाड़ी पर आयोजित होगा। शिविर को छत्तीसगढ़ रत्न शिरोमणि महतरा पद विभूषिता प.पू. मनोहर श्रीजी म.सा. के सान्निध्य तथा माँ सरस्वती आराधिका प.पू. लयस्मिता श्रीजी म.सा. की पावन प्रेरणा प्राप्त होगी।

आयोजकों ने बताया कि शिविर में 8 वर्ष से 30 वर्ष तक के बालक-बालिकाएं एवं युवा भाग ले सकेंगे। शिविर का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी में धर्म के प्रति आस्था, नैतिकता, अनुशासन, सदाचार और संस्कारों का विकास करना है। इसके साथ ही प्रतिभागियों को जैन धर्म के मूल सिद्धांतों, आध्यात्मिक जीवन, अहिंसा, संयम, करुणा और सेवा जैसे मूल्यों की जानकारी भी दी जाएगी। शिविर के दौरान धार्मिक ज्ञानवर्धक सत्र, प्रेरणादायी प्रवचन, संस्कार शिक्षा, व्यक्तित्व विकास, स्मरण शक्ति बढ़ाने के उपाय, मंच संचालन, सांस्कृतिक गतिविधियां, प्रतियोगिताएं एवं समूह चर्चा जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। बच्चों और युवाओं को जीवन में सकारात्मक सोच विकसित करने तथा समाज और परिवार के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने का अवसर मिलेगा। आयोजकों का मानना है कि आज के समय में बच्चों को केवल शैक्षणिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा की भी आवश्यकता है। ऐसे संस्कार शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर के माध्यम से प्रतिभागियों को धर्म के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें आत्मविश्वासी, जिम्मेदार और संस्कारित नागरिक बनाने का प्रयास किया जाएगा। इस आयोजन का दायित्व आनंद लोढ़ा परिवार, गुना एवं गुरु भक्त परिवार द्वारा संभाला जा रहा है। आयोजन समिति ने जैन समाज के सभी परिवारों से अपने बच्चों और युवाओं को शिविर से जोड़ने का आग्रह किया है, ताकि वे अवकाश के समय का सदुपयोग करते हुए धर्म, संस्कृति और संस्कारों की अमूल्य सीख प्राप्त कर सकें। समिति के अनुसार शिविर में सहभागी बनने वाले बच्चों और युवाओं को अनुभवी प्रशिक्षकों एवं संतों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा, जिससे वे अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाकर आदर्श जीवन मूल्यों को आत्मसात कर सकेंगे।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री जसवंतसिंह पिता श्री तेजसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम खेड़ाखजुरिया तहसील महिदपुर जिला उज्जैन से उनके निजी स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 399 रकबा 0.80 हैक्टर भूमि में से रकबा 0.33 हैक्टर भूमि बरूख पश्चिम दिशा व सर्वे नम्बर 400/1 रकबा 0.67 हैक्टर भूमि कुल किता 02 कुल रकबा 1.00 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम खेड़ाखजुरिया तहसील महिदपुर जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

दिनांक- 01-06-2026

**अश्विन पलोड़ (सर्विस प्रोवाईडर)**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन**
**मो.99265-32350**



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने नारायण सिंह पाटीदार पिता नाथूलाल जी पाटीदारए निवासी. 01 ग्राम पिपल्याराघो तहसील व जिला उज्जैन से इनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की राजस्व अभिलेख में दर्ज कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 353/2 रकबा 1.1500 हेक्टेयर में की 0.3000 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम पिपल्याराघो, तहसील व जिला उज्जैनए को क्रय करने का सौदा कर आंशिक प्रतिफल राशि अदा कर दी हैए शेष प्रतिफल राशि अदा कर विक्रय-पत्र का निष्पादन व पंजीयन कराना शेष है। उक्त वर्णित कृषि भूमि में किसी अन्य व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार हो, भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था या बैंक का कोई ऋण, भार बकाया हो, भूमि अन्यत्र कहीं रहन, बय, दान या विक्रय अनुबंधित की हुई हो और भूमि के विक्रय में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस की समयावधि में मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज लेखी प्रमाण के लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि व्यतीत होने के बाद विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करा ली जायेगी और बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी और न ही मेरे पक्षकार के स्वत्व, हित व आधिपत्य को प्रभावित करेगी। सूचित हो। दिनांक 02.06.2026

**प्रमोद कुमार जैन एडवोकेट**
**4 ए महावीर नगर सावेंर रोड उज्जैन**
**मो. 94068.86383**

# रतलाम जिले को मिले सौ नव चयनित आरक्षक, पुलिस अधीक्षक ने नियुक्ति पत्र देकर किया स्वागत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निदेर्शानुसार एवं पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश श्री कैलाश मकवाना के नेतृत्व में मध्यप्रदेश पुलिस को अधिक सक्षम, तकनीकी रूप से दक्ष एवं जनोन्मुखी बनाने की दिशा में सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस विभाग में रिक्त पदों की पूर्ति हेतु मिशन मोड पर आरक्षक भर्ती प्रक्रिया संचालित की जा रही है।



वर्ष 2025 की पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत जिला पुलिस रतलाम को कुल 100 नव चयनित आरक्षक प्राप्त हुए हैं। नव चयनित आरक्षकों के स्वागत एवं नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय रतलाम में किया गया।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री अमित कुमार (भा.पु.से.) द्वारा नव चयनित आरक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर मध्यप्रदेश पुलिस परिवार में उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी नव आरक्षकों को पुलिस सेवा की गरिमा, दायित्वों एवं कर्तव्यों से अवगत कराते हुए देशभक्ति, जनसेवा, अनुशासन, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाने का संदेश दिया।

पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार ने कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि समाज एवं राष्ट्र की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। आमजन की सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाए रखना तथा नागरिकों के विश्वास को सुदृढ़ करना प्रत्येक पुलिसकर्मी का सर्वोच्च दायित्व है। उन्होंने नव नियुक्त आरक्षकों से अपेक्षा की कि वे पूरी निष्ठा, संवेदनशीलता एवं समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे तथा मध्यप्रदेश पुलिस की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाएंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में पुलिसिंग का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और आधुनिक तकनीक, साइबर अपराधों की चुनौतियों तथा जन अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक पुलिसकर्मी को निरंतर सीखने एवं स्वयं को अद्यतन रखने की आवश्यकता है।

उल्लेखनीय है कि चयनित अभ्यर्थियों में अनेक ऐसे युवा शामिल हैं जिन्होंने सीमित संसाधनों एवं कठिन परिस्थितियों के बावजूद अथक परिश्रम, लगन एवं दृढ़ संकल्प के बल पर सफलता प्राप्त की है। इन युवाओं की उपलब्धि अन्य अभ्यर्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत है तथा यह सिद्ध करती है कि कठिन परिश्रम एवं समर्पण से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। मध्यप्रदेश पुलिस में शामिल होकर ये नव चयनित आरक्षक प्रदेश की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा नागरिकों की सुरक्षा एवं सेवा के दायित्व का निर्वहन करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा नव नियुक्त आरक्षकों को उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफल सेवा जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रदान की गईं।

## अधिकारों की बात करने से पहले देश के प्रति अपने कर्तव्यों को प्राथमिकता- डॉ. शास्त्री



### आरएसएस के शिक्षा वर्ग का हुआ समापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मालवा प्रांत के संघ शिक्षा वर्ग (विद्यार्थी) का प्रकट एवं समापन समारोह मंदसौर में संपन्न हुआ। इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में मालवा प्रांत के 28 जिलों के 215 स्थानों से आए 297 शिक्षार्थियों ने सहभागिता की। समापन कार्यक्रम के अवसर पर स्वयंसेवकों ने समता, योग, आसन, घोष और दंड संचालन जैसी शारीरिक कुशलताओं का प्रदर्शन कर उपस्थित समाज का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में वर्ग के सर्वाधिकारी जिनेंद्र जैन, मुख्य अतिथि व समाजसेवी डॉ. समरथमल जैन, जिला संघचालक दशरथसिंह झाला और मुख्य वक्ता के रूप में मालवा प्रांत के संघचालक डॉ. प्रकाश शास्त्री उपस्थित रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. समरथमल जैन ने कहा कि 100 वर्षों से राष्ट्र प्रथम के मंत्र पर चलने वाले संघ के कारण आज देश का भविष्य सुरक्षित हाथों में दिखाई दे रहा है। मुख्य वक्ता डॉ. प्रकाश शास्त्री ने अपने बौद्धिक संबोधन में कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष को समाज ने व्यापक रूप से अपनाया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल अच्छी सरकार या अच्छे नेता व्यवस्था में सहायक हो सकते हैं, लेकिन वास्तविक समाज परिवर्तन नागरिकों के मन और आचरण बदलने से ही संभव है। उन्होंने आधुनिक दौर में अधिकारों की बात करने से पहले देश के प्रति अपने कर्तव्यों को प्राथमिकता देने तथा समरस समाज के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। शास्त्री जी ने ग्रीष्मकालीन अवकाश में युवाओं द्वारा अपनी सुख-सुविधाएं छोड़कर किसी प्राचीन गुरुकुल की भांति कड़े परिश्रम के साथ व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र चिंतन का प्रशिक्षण लेने की सराहना की।



## रणजीत सिंह ने गांव कनघट्टी के लोगों की समस्या का किया समाधान

**पिपलिया मंडी।** असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत मुंदेड़ी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव कनघट्टी में श्री कालभैरव मंदिर एवं गांव में इस भीषण तप तपाती धूप में आ रही पेयजल की समस्या हेतु ग्रामवासियों के आग्रह पर विगत दिनों वाटर टैंक दान देने हेतु घोषणा की थी जिसे पूरा करते हुए आज वाटर टैंक दान करने के साथ ही साथ वॉटर टैंक को फिटिंग करवाने एवं नल चालू करवाने का काम किया,शक्तावत के इस सराहनीय कार्य पर गांव के वयोवृद्ध लोगों ने आशीर्वाद दिया उनके दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की ईश्वर से कामना की,उपस्थित समस्त ग्राम वासियों से कुंवर शक्तावत ने अपील करते हुए निवेदन किया की जब कभी इस प्रकार की कोई समस्या गांव में निर्मित होती हैं तो वे उन्हें याद करें निश्चित ही समस्या का समाधान होगा और गांव के लोगों में खुशहाली,अमन,चैन की भावना का संचार होगा इस अवसर पर असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश उपाध्यक्ष कन्हैयालाल पाटीदार,प्रदेश सचिव नन्द किशोर सोलंकी,कांग्रेस नेता प्रतापसिंह सोनिगरा,अजय नागरिया,धनराज हिंदल, शंभुलाल वर्मा,प्रहलाद पाटीदार,कांतिलाल आर्य,रमेश सरलतिया,रमेश आर्य,चांदमल आर्य,आदि अनेक गांव के गणमान्य नागरिक एवं धर्मावलंबी उपस्थित थे।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाएगी भाजपा

### कार्ययोजना को लेकर जिला कार्यशाला सम्पन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर




जिला भाजपा कार्यालय पर शीर्ष नेतृत्व के निदेर्शानुसार केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक महत्वपूर्ण जिला कार्यशाला संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि दिलीप सकलेचा ने बताया कि मोदी सरकार के १२ वर्ष सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को समर्पित रहे हैं। इसके तहत आगामी 5 जून से 21 जून तक जिले में विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसकी शुरूआत विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण से होगी। इस दौरान स्वच्छता अभियान, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, जनकल्याण शिविर और प्रबुद्धजन बैठकें आयोजित की जाएंगी। जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने इस 17 दिवसीय अभियान को ऐतिहासिक बनाने के लिए जिला टोली के गठन की घोषणा की, जिसमें जिला महामंत्री विजय सुराना को जिला संयोजक, अर्जुन सोनी को सह संयोजक तथा नरेंद्र पाटीदार, रानू भावसार व राजकुमार गौड़ को सदस्य मनोनीत किया गया है। कार्यशाला में शिवराजसिंह घटावदा और विनय दुबेला ने आगामी मंडल बैठकों की जानकारी दी। कार्यशाला में पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसोदिया, भाजपा पदाधिकारी अनिल कियावत, सुषमा आर्य, कारुलाल सोनी, नानालाल अटोलिया, मदनलाल राठोर, शिवराजसिंह घटावदा, विजय सुराना और महेश जुनवाल भी मंचस्थ थे। कार्यक्रम का संचालन विजय सुराणा ने किया और आभार प्रदर्शन अर्जुन सोनी द्वारा किया गया।

## सुश्री अंकिता पण्डया को कलेक्टर ने दिया उप संचालक सामाजिक न्याय का अतिरिक्त प्रभार

**नीमच।** कलेक्टर, श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा कार्यालयीन आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, जिला नीमच एवं रेडक्रास का प्रभार परिवर्तित किया गया है।कलेक्टर द्वारा कार्यालयीन आदेश दिनांक 23 सितंबर. 2025 द्वारा डिप्टी कलेक्टर श्री पराग जैन, को उप संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, जिला नीमच एवं रेडक्रास का प्रभार सौंपा गया था। अब उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए यह प्रभार सुश्री अंकिता पण्डया, प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास, नीमच को अपने वर्तमान कार्य के साथ-साथ आगामी अन्य आदेश होने तक सौंपा गया है यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। उल्लेखनीय है कि सुश्री अंकिता पण्डया वर्तमान में जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास के रूप में कार्यरत हैं। अब वे सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा रेडक्रास का अतिरिक्त दायित्व भी संभालेंगी।

## वाल्मिकी समाज के मुक्तिधाम की दुर्दशा कांग्रेस करेगी वृक्षारोपण एवं जीर्णोद्धार

**पिपलीया मंडी।** नगर के खात्याखेड़ी रोड़ स्थित वाल्मीकि समाज के मुक्तिधाम की दुर्दशा पर वाल्मीकि समाज आक्रोशित है।सोमवार को मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,कांग्रेसनेता मुकेश पोरवाल,अनिल बोराना आदि वार्ड 14 वाल्मीकि मोहल्ले में समाज के ललित राठौड़ के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने गए थे।वहां शोकाकुल परिजनों ने बताया कि हमारे मुक्तिधाम पर किसी प्रकार की कोई व्यवस्था नही है।अंतिम संस्कार के लिए आये व्यक्ति गर्मी, बारिश में मैदान में ही खड़े रहते है उनके लिए बैठने की या बारिश एवं धूप से बचने के लिए कोई शेड भी नही है नही अंतिम संस्कार के लिए लकड़ियों के रखने की कोई व्यवस्था है इस कारण हमें अंतिम संस्कार करने में भी लंबे समय से काफी असुविधाओ का सामना करना पड़ रहा है।

## सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

**रतलाम ।** श्री शेष नारायण मंदिर भरावा की कुई पर पुरूषोत्तम मास के उपलक्ष्य में श्रीमद् भागवत गीता पर्व सप्ताह ट्रस्ट बोर्ड श्री मेढ़ क्षत्रिय मारवाड़ी स्वर्ण समाज रतलाम द्वारा चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा श्रीमद् भागवत गीता पर्व सप्ताह ट्रस्ट बोर्ड श्री मेढ़ क्षत्रिय मारवाड़ी स्वर्ण समाज रतलाम द्वारा में आज विश्रांति दिवस पर भागवताचार्य पं. योगेश्वर शास्त्री द्वारा ने श्रीकृष्ण सुदामा मित्रता का वर्णन करते हुए श्रीकृष्ण द्वारा मित्रता जिस तरह प्रेम, अपनापन और भावनाओं की मिसाल पेश की का बहुत ही मार्मिक वर्णन किया है ।

## जागनाथ मंदिर का विधायक ने निरीक्षण कर कार्य योजना के निर्देश दिए

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

प्राचीन जागनाथ महादेव मंदिर (शंकर मंदिर) जीर्णोद्धार के लिए दो प्रकार की कार्ययोजना बनाई जाए।एक कार्ययोजना को श्रावण माह के पूर्व क्रियान्वित की जाए, दूसरी योजना बना कर मंदिर का स्वरूप चिर स्थाई रखा जाए।।



विधायक डॉ राजेंद्र पाण्डेय ने सोमवार को जागनाथ मंदिर क्षेत्र का स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए।इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी सुनील जायसवाल ,सीएमओ चन्द्र शेखर सोनेश,नगर पालिका उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा,पूर्व अध्यक्ष यूसुफ कडपा ,युवा नेता प्रांजल पांडेय सहित विभिन्न अधिकारीगण उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि विगत दिवस सर्व हिंदू समाज ने शंकर मंदिर में बैठक आयोजित कर मंदिर परिसर के प्रांगण एवं जीर्णशीर्ण हो रहे मंदिर के स्थान को चिन्हित कर उनकी मजबूती एवं मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु एक आवेदन विधायक डॉ पांडेय को प्रस्तुत किया था। जिस पर डॉ पांडेय ने एक प्रशासनिक टीम बनाकर विधिवत सर्वे कर पूरी कार्य योजना बनाने का आश्वासन दिया था। विधायक डॉ पांडेय ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूरे अमले के साथ स्वयं उपस्थित होकर मंदिर के सभी स्थानों का निरीक्षण किया और आगामी वर्षा काल एवं पवित्र सावन महीने के शुभ आगमन को दृष्टिगत रखते हुए, जिसमें अधिक समय शेष नहीं है इसीलिए अभी तत्काल में मंदिर के उन सभी स्थानों की रिपेयरिंग व मजबूती करने के निर्देश दिए, ताकि वर्षा काल और सावन महीने में भक्तों को एवं मंदिर परिसर को कोई परेशानी ना हो ।साथ ही पवित्र सावन महीने के बाद मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु आगामी कार्य योजना बनाने के दिशा निर्देश भी दिए।

## पीजी कॉलेज में एमसीए एवं एमबीए पाठ्यक्रम की मिली स्वीकृति

**मन्दसौर ।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर के प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने बताया कि नवीन सत्र 2026-27 से महाविद्यालय में स्थानीय प्रबंधन समिति के अन्तर्गत एमसीए एवं एमबीए के लिये एआईसीटीई नई दिल्ली द्वारा प्रारम्भ करने की तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर दी है । इस आशय का पत्र महाविद्यालय को प्राप्त हुआ है, जिसके अनुसार महाविद्यालय में महाविद्यालय में एमसीए एवं एमबीए दोनों पाठ्यक्रमों में 30-30 सीट आवंटित की गई है।

## संभागीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मंदसौर की बेटियों ने मारी बाजी

**मंदसौर।** जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में नूतन स्टेडियम स्केटिंग ग्राउंड के पीछे आयोजित दो दिवसीय संभागीय स्तरीय बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न हुई, जिसमें मंदसौर की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए खिताबी जीत दर्ज की। टूनामेंट में उज्जैन संभाग की मंदसौर, दलौदा, पिपलौदा और देवास सहित कुल ८ टीमों ने नॉकआउट पद्धति से हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन और यूनिक अकादमी पिपलौदा के बीच खेला गया, जिसमें मंदसौर विजेता और पिपलौदा उपविजेता रही। व्यक्तिगत पुरस्कारों में रंजना कैथवास को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, खुशी ग्वाला को बेस्ट सेटर, भूमिका परिहार को बेस्ट लिब्रो और प्रार्थना वाघेला को बेस्ट अटैकर का खिताब दिया गया। विजेता टीम को 7100 रुपये व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 5100 रुपये व ट्रॉफी प्रदान की। यह ट्रॉफियां स्व. लक्ष्मी नारायण व्यास की स्मृति में दी गईं। कार्यक्रम का संचालन त्रिभुवन कवीश्वर ने किया और आभार विनय दुबेला ने व्यक्त किया।

## सीतामऊ में 4 जून को युवा संगम रोजगार मेला

**मन्दसौर।** मध्य प्रदेश शासन के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, रोजगार विभाग तथा तकनीकी शिक्षा कौशल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 4 जून, गुरुवार सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक को सीतामऊ के लदुना रोड स्थित शासकीय आई.टी.आई. परिसर में च्युवा संगमज रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। मेले में देश-प्रदेश की आठ प्रमुख कंपनियां जैसे केस स्कील डेवलपमेंट सेंटर, गेल इंस्टीट्यूट, पुशकल एग्रो, प्रारेश इंटरप्राइजेस, कृषि दर्पण एग्रो, एलआईसी, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस और एआईएम मल्टीस्किल जॉब्स प्राइवेट लिमिटेड साक्षात्कार के लिए उपस्थित रहेंगी। जिला रोजगार अधिकारी के अनुसार इस मेले में भाग लेने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता ८वीं से लेकर स्नातकोत्तर तथा किसी भी प्रकार के डिप्लोमाधारी युवा पात्र हैं, जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इच्छुक आवेदकों को अपने साथ समग्र आईडी, दो पासपोर्ट फोटो, बायोडाटा, रोजगार पंजीयन, आधार कार्ड और अपनी अंकसूचियों की फोटोकॉपी लाना अनिवार्य है। रोजगार के साथ-साथ मेले में शासकीय ऋण योजनाओं के स्टॉल भी लगाए जाएंगे ताकि स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं को तुरंत मार्गदर्शन मिल सके।

**पिपलिया स्टेशन पर ट्रेन ठहराव की मांग**

**पिपलिया मंडी ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं युवा नेता संदीपसिंह राठौड़ ने नई दिल्ली में केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से भेंट कर क्षेत्र की महत्वपूर्ण रेल एवं यात्री सुविधाओं से जुड़ी मांगों को प्रमुखता से उठाया।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबंधक ( एस एण्ड टी ), पश्चिम रेल्वे रतलाम, **निविदा संख्या: SnT_RTM_26_14_SIGNAL दिनांक: 29.05.2026** आमंत्रित करता है। **कार्य का नाम:** देवास-मक्सी खंड में बचे हुये स्टेशन रनायाला जसनिया स्टेशन पर पीआई से ईआई प्रणाली का प्रावधान के संबंध में सिग्नलिंग सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 3,38,57,486.66. **बयाना राशि:** रु. 6,77,200/-. **निविदा बंद करने का समय एवं दिनांक:** 22.06.2026 समय 15:00 बजे तक। **निविदा खुलने का समय एवं दिनांक:** 22.06.2026 समय 15:30 बजे के बाद। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 माह। **निविदा अनुभाग कार्यालय प्रभारी और बोली खोलने का स्थान:** सीनियर डीएसटीई रतलाम, डीआरएम कार्यालय रतलाम म.प्र.। निविदा सिर्फ अनलाइन ई-निविदा पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर देखा व जमा किया जा सकता है।

SPAN/6/1/80

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## न्यूज कालम



## पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों के विरोध में जिला युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

**मंदसौर।** पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों एवं बढ़ती महंगाई के विरोध में जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेशसिंह पटेल के नेतृत्व में स्थानीय गांधी चौराहा पर केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है तथा सरकार को तत्काल राहत देने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए। बढ़ती महंगाई और पेट्रोल-डीजल के लगातार बढ़ते दामों से आमजन परेशान है। यदि सरकार ने शीघ्र ही राहत प्रदान नहीं की तो युवा कांग्रेस जनहित में अपने आंदोलन को और व्यापक रूप देगी। कार्यक्रम में संभाग प्रभारी जावेद पटेल, जिला सहप्रभारी जीतू पाटीदार, मुश्तकीम कुरैशी, प्रदेश सचिव शिबू गुज, जिला महासचिव जीवन चौहान, नेहा जैन, विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह, उपाध्यक्ष राहुल यादव अहीर, समीर खान, कुमकुम सिसोदिया, ब्लॉक अध्यक्ष सम्यक जैन, संदीप दास, नितिन शर्मा, जयंतीलाल चौधरी, जीतू बैरागी, आदर्श जोशी, एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश रारोटिया आदि उपस्थित रहे।

## दिल्ली से नीमच जा रही कार ट्रक में जा घुसी, बच्ची की मौत, चार गंभीर



**मंदसौर।** जिले की सुवासरा तहसील के अंतर्गत अंत्रालिया फंटा के पास सोमवार सुबह करीब १० बजे दिल्ली से नीमच की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर ट्रक में पीछे से जा घूसी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार में सवार ढाई वर्षीय मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिवार के चार अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुर्घटना का शिकार हुई कार में एक ही परिवार के पांच लोग सवार थे। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और राहगीरों ने कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला और तुरंत नजदीकी अस्पताल भिजवाया, जहां फिलहाल उनका उपचार जारी है।इस हादसे में जान गंवाने वाली ढाई वर्षीय मासूम बच्ची की पहचान आश्वी पिता राहुल जैन निवासी दिल्ली है। वहीं राहुल (41) पिता पदमचंद जैन और नीमच निवासी निर्मला अग्रवाल (72) पति अनिल अग्रवाल सहित अन्य दो शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए पीड़ित परिवार के अन्य रिश्तेदारों को हादसे की सूचना दे दी है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

## मुख्यमंत्री के बयान पर कांग्रेस का प्रदर्शन, जुबान को धोकर जताया विरोध



**मंदसौर।** मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ दिये बयान के विरोध में शहर एवं ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस मंदसौर द्वारा स्थानीय गाँधी चौराहा पर प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री की जुबान को धोकर अपना विरोध दर्ज कराया तथा मुख्यमंत्री से सार्वजनिक रूप से अपने बयान पर माफी मांगने की मांग की। शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत व ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दशौरा ने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन सार्वजनिक जीवन में मर्यादित एवं सम्मानजनक भाषा का प्रयोग किया जाना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला कांग्रेस प्रभारी सदाशिव यादव, मन्दसौर विधायक विपिन जैन, मो. हनीफ शेख, रफत पयामी,शैलेन्द्र गोस्वामी, कमलेश सोनी लाला, अशोक रैकवार, बल्लु चौहान, दुर्गेश पटेल,मनजीतसिंह टूटेजा, तरूण शर्मा, विजय सिसौदिया, सुनील बसेर, मनोहर नाहटा, दीपक सिंह गुर्जर, वकार खान, विजय मारू, विजय जैन, युनुस मैव, कमल नकुम, राजु पाटीदार, संदीप सलोद आदि उपस्थित थे।

## वेतन भुगतान और विसंगतियों के विरोध में आशा व पर्यवेक्षकों का प्रदर्शन कल

**मन्दसौर।** मध्यप्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत आशा एवं आशा पर्यवेक्षक कार्यकताओं को नियमित वेतन (प्रोत्साहन राशि) न मिलने और उसमें की जा रही अनुचित कटौती के विरोध में आशा, उषा पर्यवेक्षक एकता यूनियन मध्यप्रदेश (सीटू) ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। मंदसौर जिला अध्यक्ष माधुरी सोलंकी, उपाध्यक्षद्वय संगीता चौहान (नारायणगढ़) व कोमल जैन (शामगढ़), तथा महासचिव हुर बानो ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रदेश के कई हिस्सों में फरवरी 2926 से और कुछ क्षेत्रों में अगस्त 2025 से ही मानदेय का पूरा भुगतान नहीं हुआ है। अधिकारी केंद्र या राज्य के किसी एक हिस्से का भुगतान कर गुमराह कर रहे हैं और जबरन पूर्ण भुगतान के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, सरकार द्वारा घोषित एक हजार रुपये की वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ भी जमीनी कार्यकताओं को नहीं दिया जा रहा है। 3 जून को सुबह 11 बजे बस स्टैंड स्थित महाराणा प्रताप प्रतिमा के पास एकत्रित होंगी। वहाँ से सभी कार्यकर्ता गांधी चौराहे पहुंचकर अपनी मांगों के समर्थन में एक दिवसीय प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगी।



## कांग्रेस सेवादल के शहर अध्यक्ष नियुक्त हुए बाबूलाल नागर

**खाचरौद।** उज्जैन जिले की ग्रामीण कांग्रेस सेवादल ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। जिला ग्रामीण कांग्रेस सेवादल, उज्जैन के जिलाध्यक्ष डॉ. चैनसिंह चौधरी ने श्री बाबूलाल नागरजी को खाचरोद शहर का अध्यक्ष मनोनीत किया है। यह नियुक्ति श्री नागर के कांग्रेस संगठन के प्रति सक्रिय निष्ठा और उनके द्वारा किए गए कार्यों को देखते हुए की गई है। यह नियुक्ति मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष माननीय श्री अवनीश भार्गव जी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक श्री महेश परमार की सहमति और पूर्व विधायक/वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री दिलीप सिंह गुर्जर की अनुशंसा पर की गई है। डॉ. चौधरी ने आशा व्यक्त की है कि नए शहर अध्यक्ष संगठन के निर्देशों का पालन करते हुए सक्रियता से कार्य करेंगे और अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करेंगे। बाबूलाल नागर जी के नियुक्त होने से खाचरोद क्षेत्र में कांग्रेस सेवादल की गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।नागर की नियुक्ति पर नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा, जनपद अध्यक्ष कुं पृथ्वीराज सिंह पंवार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जीवनसिंह जी ढोला, नपा उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना, शहर मण्डलम अध्यक्ष विकास पोरवाल, नमित वनवट, अनोखीलाल सोलंकी, नपा पार्षद दशरथ वाकतारिया, प्रकाश डाबी, नारायण मंडावलिया, पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र धाकड़, राहुल मेहता, संजय नंदेड़ा, जितेन्द्र पांचाल, लखन गौहर आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

## अजाक्स का कार्यकर्ता सम्मेलन एवं प्रतिभाओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित



**बड़नगर।** म.प्र. अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) का कार्यकर्ता सम्मेलन एवं प्रतिभाओं का सम्मान कार्यक्रम संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष मुकेश मौर्य जन संपर्क अधिकारी के मुख्य आतिथ्य एवं प्रांतीय महासचिव संयुक्त संचालक वन विभाग एल गुआटिया के विशिष्ट आतिथ्य तथा संभाग अध्यक्ष अंबाराम बएस, रतलाम जिलाध्यक्ष कैलाश चंद पग्गी, देवास जिला अध्यक्ष नंदराम हरियाले, संभाग उपाध्यक्ष कविता डामोर, जिला संभागीय कोषाध्यक्ष कुणाल वर्मा, संभागीय महासचिव जगन्नाथ सूर्यवंशी, जिला सचिव राकेश भगोरा, पिपलोदा तहसील अध्यक्ष अमरुलाल सोलंकी, मोतीलाल मालवीय मोहनलाल सोनारतीय, भेरूलाल वर्मा, गिरधारी लाल सोलंकी, विशेष आतिथ्य और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विसालय बड़नगर के प्राचार्य आरएस परमार की अध्यक्षता में 30 मई को रविदास समाज मांगलिक भवन में मनाया गया। अजाक्स जे के मालवीय ने बताया कि प्रांतीय अध्यक्ष द्वारा सर्वप्रथम बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तत पश्चात जय भीम प्याऊ पहुंचकर सेवा दे रहे दिव्यांग उमेश भाई का पुष्पमाला पहनाकर व नगद राशि देकर सम्मान किया। पदाधिकारियों ने प्रांतीय अध्यक्ष के प्रथम बार शहर आगमन परजोरदार ढोल धमाको से स्वागत किया। कार्यकर्ता सम्मेलन व सम्मान कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब और गौतम बुद्ध के चित्रों पर माल्यार्पण पश्चात भारत के संविधान की उद्देशिका के सामूहिक वाचन के साथ हुई। जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने संगठन हित में विचार व्यक्त किए। इसी दौरान कक्षा 10 वीं और 12 वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले विधार्थियों का अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया। साथ ही कार्यकम संयोजक पवन कुमार वर्मा को प्रांतीय सचिव नियुक्त कर नियुक्ति पत्र दिया गया। अजाक्स कार्यकर्ता सम्मेलन का संचालन संतोष बारोड़ और रवि कटारिया ने किया।

## अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश पदाधिकारियों का बड़नगर में हुआ प्रवास



**बड़नगर।** संगठन में युवाओं की भागीदारी और वैश्य बंधुओं की राजनीति में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर वैश्य समाज को मजबूत और संगठित करना ही हमारा मुख्य लक्ष्य है। यह विचार अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप धारिया ने शनिवार को अपने बड़नगर प्रवास के दौरान श्री कुंज, व्यास कॉलोनी पर व्यक्त किए। धारिया ने वैश्य व्यवसायियों को आपस में जुड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय से न केवल सामाजिक एकता बढ़ेगी, बल्कि व्यापार व्यवसाय में भी अभूतपूर्व वृद्धि होगी। उन्होंने उपस्थित समाजजनों के साथ नई ऊर्जा के साथ सामाजिक संगठन को मजबूत बनाने संबंधी विचारों को साझा किया। महासम्मेलन की बड़नगर इकाई द्वारा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलदीप धारिया कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष , अरविंद जैन प्रदेश संगठन मंत्री, संजय मेहता संभागीय कार्यकारी अध्यक्ष का दुपट्टा पहनाकर एवं पुष्पमाला अर्पित कर स्वागत-सत्कार किया गया। साथ ही वैश्य समाज को प्रदेश एवं संभाग स्तर पर अधिक सक्रिय बनाने के उद्देश्य से संगठन में नवीन नियुक्तियाँ की गई। जिसमे प्रदेश मंत्री डॉ. वासुदेव काबरा , संभागीय महामंत्री मनीष पोरवाल , संभागीय उपाध्यक्ष मनोज बाकलीवाल , संभागीय संगठन मंत्री गजेंद्र सकलेचा को नियुक्त किया गया। समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्प माला से स्वागत किया गया। साथ ही अतिथियों द्वारा संस्था के अध्यक्ष वनीषराज कटारिया का कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष नियुक्त होने पर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन संस्था अध्यक्ष वनीषराज कटारिया ने दिया। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ समाजसेवी विष्णु पोरवाल, राजकुमार पोरवाल, अंकित खाबिया, संजय पोरवाल, अर्पित पोरवाल, निलेश काला आदि उपस्थित रहे।

### 1.61 हेक्टेयर भूमि पर नामांतरण विवाद:

# एसडीएम कोर्ट ने तहसीलदार का आदेश पलटा, बेशकीमती सरकारी जमीन में गड़बड़झाला

## हक त्याग प्रक्रिया, नामांतरण, साझेदारी फर्म और संभावित राजस्व शुल्क को लेकर उठ रहे सवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



शहर की करोड़ों रुपए कीमत वाली 1.618 हेक्टेयर भूमि का नामांतरण प्रकरण उजागर हुआ है। जिसमें हक त्याग प्रक्रिया, नामांतरण, साझेदारी फर्म और संभावित राजस्व शुल्क को लेकर कई सवाल उठ रहे है। आकोदिया रोड स्थित बालाजी इंडस्ट्रीज की जमीन से जुड़े इस मामले में तहसीलदार न्यायालय द्वारा साक्ष्यों के अभाव में निरस्त किए गए नामांतरण प्रकरण को एसडीएम न्यायालय ने अपील में पलट दिया। लेकिन अब पूरे मामले में नामांतरण प्रक्रिया, साझेदारी फर्म और संभावित राजस्व शुल्क को लेकर सवाल उठ रहे हैं। दरअसल इस विवादित भूमि आकोदिया रोड किनारे रानी रूपमती के ऐतिहासिक मकबरा, आवासीय बस्ती और एबी रोड नेशनल हाईवे क्षेत्र होने से भूमि की बाजार कीमत करोडों रुपए है। स्थानीय स्तर पर रोड साइड भूमि के दाम अनुमानित 1 करोड़ रुपए बीघा तक बताया जा रहा है।

### पहले तहसीलदार ने निरस्त किया था प्रकरण

प्राप्त जानकारी के अनुसार मामले सर्वे नंबर 2119/2, 2120/3, 300 और 2124/2/3 कुल रकबा 1.618 हेक्टेयर भूमि से जुड़ा है। दस्तावेजों के अनुसार ये जमीन बालाजी इंडस्ट्रीज साझेदारी फर्म के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज थी। इस प्रकरण में सुरेशचंद्र मंगल द्वारा तहसीलदार न्यायालय में दावा प्रस्तुत किया गया था। तहसीलदार न्यायालय ने प्रकरण क्रमांक 0379/अ-6/2024-25 में साक्ष्यों के अभाव का हवाला देते हुए नामांतरण प्रकरण निरस्त कर दिया था। तत्कालीन तहसीलदार ने उपलब्ध दस्तावेजों और साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण निरस्त किया गया था।

### अपील में एसडीएम कोर्ट ने पलट दिया आदेश

मामले में तत्कालीन तहसीलदार के न्यायालय के आदेश के खिलाफ एसडीएम न्यायालय में अपील दायर की गई। एसडीएम न्यायालय सारंगपुर ने प्रकरण क्रमांक 0092/अपील/2024-25 में तहसीलदार का आदेश निरस्त करते हुए रामनिवास मंगल के नाम नामांतरण दर्ज किए जाने के आदेश पारित किए। एसडीएम न्यायालय के आदेश में साझेदारी फर्म के गठन, विघटन, पुराने दस्तावेजों और राजस्व रिकॉर्ड का उल्लेख किया गया है। आदेश में ये भी कहा गया कि वर्ष 1979 से साझेदारी फर्म विघटित मानी गई थी और फर्म की संपत्ति का स्वामित्व बाद में रामनिवास मंगल के हिस्से में आया।

### बेशकीमती जमीन का नामांतरण

एसडीएम न्यायालय के आदेश के बाद संबंधित पूरे मामले ने नया मोड़ ले लिया। सवाल यही है कि जिस प्रकरण को तत्कालीन तहसीलदार के न्यायालय ने साक्ष्यों के अभाव में निरस्त किया था, उसी मामले में अपीलीय न्यायालय ने किन आधारों पर नामांतरण बहाल किया, इसका प्रमाण देने जरूरी है। क्योंकि दस्तावेजों में ये भी उल्लेख सामने आया है कि नामांतरण आदेश जिस व्यक्ति के नाम पारित हुआ, उन्हें लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

> **बोले कलेक्टर**
> यह न्यायिक प्रक्रिया है। अपील का प्रावधान है, अगर कोई असंतुष्ट है तो अपील की जा सकती है।
> **डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, कलेक्टर, राजगढ़।**

### परिवर्तन में दस्तावेजी सहमति जरूरी

पूरे मामले में अब नामांतरण और हक त्याग प्रक्रिया को लेकर सवाल उठ रहे है। राजस्व मामलों से जुड़े जानकारों का कहना है कि यदि एक खाते में एक से अधिक खातेदार दर्ज हों, तो नामांतरण और हिस्सेदारी परिवर्तन की प्रक्रिया में दस्तावेजी सहमति और अन्य राजस्व औपचारिकताएं महत्वपूर्ण मानी जाती हैं।

### हक लाभ त्याग की रजिस्ट्री जरूरी

सारंगपुर न्यायालय के अधिवक्ता एवं कानूनी जानकार दिलीप जाधव ने बताया कि एक खाते में एक से अधिक खातेदार दर्ज हों और किसी एक व्यक्ति के नाम स्वामित्व दर्ज किया जाना हो, तो हक त्याग की रजिस्ट्री या डिग्री होना जरूरी मानी जाती है। वही साझेदारी एक्ट के तहत साझेदारी की भूमि किसी एक व्यक्ति के नाम पर की जाती है और हक त्याग की रजिस्ट्री नहीं कराई जाती, तो ऐसी स्थिति सिविल न्यायालय को ही नामांतरण का अधिकार है।

### प्रांतीय प्राचार्य / प्रधानाचार्य योजना बैठक संपन्न

# वर्तमान में अनेक चुनौतियां लेकिन समा- धान बुद्धिमत्ता से करना चाहिए - मिश्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडनगर




विद्या भारती मालवा प्रांत की योजना बैठक के समापन दिवस में अतिथि के रूप में अखिलेश जी मिश्र (क्षेत्रीय संगठन मंत्री) , ब्रह्मानंद पाराशर (सचिव), गोपाल कांकाणी (सचिव), योगेश शर्मा (संगठन मंत्री, विद्या भारती मालवा) तथा भगवानसिंह पंवार (अध्यक्ष, डोंगला प्रकल्प) की गरिमामयी उपस्थिति रही ।

क्षेत्रीय संगठन मंत्री अखिलेश मिश्र ने कहा की हम जिस परम्परा के वाहक है उस परम्परा को प्रणाम करते हैं , सरस्वती शिशु मंदिर एक संस्था हैं मन खराब करना यह सबसे बड़ा पाप है इसलिए स्वस्थ मन रखने हेतु पंच कोष में मनोनयन कोष का विकास आवश्यक है इसलिए, मन ओर बुद्धि के विकास की कल्पना हमारे संस्थान में है व्यक्ति के बारे में चिंतन करना चाहिए इसलिए हमारे व्यवहार को सहनशीलता से रखना चाहिऐ हमारे सामने अनेक चुनौतियां आती उसका बुद्धिमत्ता से समाधान करना चाहिए आप ने कहा की` हम अपने जीवन को जेष्ट से श्रेष्ठ बनाते जाएं इस अवसर पर संगठन मंत्री की सम्मुख मालवा प्रांत के प्रधानाचार्यों एवं प्राचार्यों ने अपने सेवाकाल के अनुभव को साझा किया । उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य में समाज का सहयोग हमारे साथ रहता है तथा हमारा कार्य ईश्वरीय कार्य है, जिसका प्रत्यक्ष अनुभव समय-समय पर होता है । इसके पूर्व प्रातः वंदना सत्र में मा. योगेश जी शर्मा ने विद्या भारती के वैशिष्ट्य विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि हमें अपने वैशिष्ट्य का सदैव ध्यान रखना चाहिए। जिन वृक्षों की जड़ें कमजोर होती हैं, वे शीघ्र उखड़ जाते` तीन दिवसीय यौजना बैठक में दस बार सामूहिक दो बार विभाग ओर जिलाशः तथा एक बार छात्र संख्या आधार पर सत्रों का आयोजन किया इस प्रकार कुल 12 सत्र लगे जिसमे 234 प्रधानआचार्य/ प्राचार्य ने सह भागिता की` तृतीय दिवस का प्रारंभ प्रातः समरण योगासन व्यायाम कर-के किया गया समापन सत्र का प्रारंभ अतिथि द्वारा किया गया।

अतिथियों का परिचय सत्यनारायण लववंशी (विभाग समन्वयक) द्वारा ,स्वागत संगीता चौहान दीदी एवं सपना दीदी द्वारा किया गया। आभार त्रिलोक तिरोले प्रान्त प्रमुख ग्रामीण शिक्षा विद्या भारती मालवा ने किया उक्त आशय की जानकारी प्रान्त प्रचार प्रमुख महेश विश्वकर्मा ने दी।

### महंगाई का मीठा विरोध

## पेट्रोल पंप पर कांग्रेसियों ने बांटी मेलोडी चॉकलेट, केंद्र और प्रदेश सरकार को घेरा

**सारंगपुर।** देश भर में पेट्रोल और डीजल की बढती कीमतों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने विरोध का एक अनोखा और चर्चा का विषय बनने वाला तरीका अपनाया है। स्थानीय पेट्रोल पंपों पर पहुंचकर कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने ईंधन डलवाने आए आम उपभोक्ताओं और वाहन चालकों को मेलोडी चॉकलेट बांटी। इस मीठे विरोध के जरिए कांग्रेस ने भाजपा की केंद्र एवं प्रदेश सरकार की आर्थिक नीतियों पर तीखा हमला बोला और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी, जिला महासचिव समीर मेव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओपी विजयवर्गीय, प्रदीप सदानी, मोहम्मद अली, मोहन पाल, राधे श्याम काका, शोएब हसन राही, सुनील पाल, अभय सिसोदिया, लखन राजपूत, लखन धनगर, कैलाश ठाकुर, फरमान मंसूरी, मुश्ताक अंसारी मौजूद रहे। दरअसल सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को मेलोडी चॉकलेट भेंट किए जाने के बाद से यह विषय काफी चर्चा में है। पेट्रोल पंप पर प्रदर्शन कर रहे युकां ब्लाक अध्यक्ष अभय सिसोदिया ने बताया कि यह आंदोलन सिर्फ एक सांकेतिक विरोध नहीं है, बल्कि सरकार की प्राथमिकताओं पर एक बडा कटाक्ष है। उन्होंने कहा कि जनता पेट्रोल-डीजल के बढते दामों, रसोई गैस और आम राशन की महंगाई से त्रस्त है। मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों का बजट पूरी तरह बिगड चुका है, लेकिन सरकार जनता को राहत देने के बजाय सिर्फ प्रचार और विदेश दौरों में व्यस्त है।

### मुखौटा कला मंच का ग्रीष्मकालीन शिविर सम्पन्न

# पर्यावरण प्रेमियों व कला के क्षेत्र में कार्य करने वाले संगठनों को किया सम्मानित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना



मुखौटा कला मंच के 14वे ग्रीष्मकालीन शिविर उल्लास 2026 का समापन समारोह मानस भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेमनारायण राठौर भजनसेठजी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में आनंद मिश्रा मध्य प्रदेश नाटक विद्यालय भोपाल उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में शिखर सम्मान से सम्मानित श्रीमती वैशाली गुप्ता अर्घ्य कला समिति भोपाल, प्रेम गुप्ता चिल्ड्रन थिएटर अकादमी भोपाल, श्रीमती रचना मिश्रा वरिष्ठ निदेशक भोपाल एवं कमल सिंह मंडेलिया तहसीलदार कुंभराज उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में बच्चों द्वारा जन गीतों की शानदार प्रस्तुति राजेश शर्मा दिनेश औद्योच्य के संगीत के साथ प्रस्तुत की मालवी लोक नृत्य की प्रस्तुति विशाखा धाकड़ के निर्देशन में तथा बच्चों द्वारा थीम डांस की प्रस्तुति प्रियांशु ओझा के निर्देशन में प्रस्तुत की गई। इस मौके पर जल समस्या को रेखांकित करता हुआ राजकमल नायक द्वारा लिखित नाटक जल चक्कर की शानदार प्रस्तुति विष्णु झा के निर्देशन में की गई। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण एवं कला के क्षेत्र में कार्य करने वाले संगठनों को सम्मानित किया गया। जिसमें पितृ स्मृति समिति वन से अनूप सिंह सोढ़ी एवं उनके साथियों को सम्मानित किया गया। वहीं गुनिया बचाओ समिति से राजोरिया एवं उनके साथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। इसके साथ ही स्मृति वन कैंट की टीम को भी सम्मानित किया गया। इसी प्रकार इस क्षेत्र में कार्य कर रहे विनर समिति से मधुर जैन एवं अभिव्यक्ति कला मंच से अनिल दुबे को कला के क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। नाटक जल चक्कर में कुल 36 बाल कलाकारों ने अभिनय किया एवं नाटक के माध्यम से पानी बचाने की अपील की। नाटक का सार इस प्रकार है कि धरती वासी परेशान है पानी के लिए, जिससे इंद्र का सिंहासन डोलता है और वह नारद मुनि को पृथ्वी पर जल संकट का हल खोजने के लिए भेजते हैं जहां पृथ्वी पर आकर नारद मुनि देखते हैं कि पृथ्वी वासी आधी रात से उठकर नल की लाइन में लगते हैं। थोड़ी देर के लिए नल आता है और जल्दी चला जाता है। दूसरी ओर महिलाए तीन कोश दूर से पानी लाती हैं पानी के अभाव में मिट्टी की उपजाऊ क्षमता भी काम हो जाती है तो किसान अपने खेतों में डालने के लिए मिट्टी भी खरीद कर लाते हैं कुछ लोग पानी के अभाव में गांव से पलायन कर रहे होते हैं। इस समस्या पर कुछ लोग चुनावी हथियार के रूप में इस्तेमाल करते हैं कुछ लोग अपने आपको हाईलाइट करने के लिए नदियों की सफाई का दिखावा करते हैं, लेकिन जो लोग वाकई में जमीनी स्तर पर काम करते हैं उनके परिश्रम को भी नाटक में दिखाया गया है। नाटक के अंत में कुछ लोग नदियों पर स्टाफ डेम बनाकर पानी रोकने का काम करते हैं ताकि बरसात के पानी को ज्यादा से ज्यादा रोका जा सके। अंत में नारद के द्वारा यही संदेश दिया जाता है की श्रम और संगठन से किसी भी समस्या को हल किया जा सकता है। कार्यक्रम में वरिष्ठ अभिभाषक वरुण सूद ने भी संबोधित कर समस्त कलाकारों के अभिनय पर उत्सवर्धन करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। मुखौटा कला मंच के अध्यक्ष तरुण सूद ने भी कार्यक्रम को संबोधित कर सभी का आभार व्यक्त किया।



## शिवधाम कॉलोनी में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

**ब्यावरा।** शहर की शिवधाम कॉलोनी में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का चतुर्थ दिवस भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के नाम रहा। कथा पांडाल ह्लनंद के भयो आनंद, जय कन्हैयालाल कीह्व के जयघोष से देर रात तक गुंजायमान रहा। आचार्य प्रमोद नागर द्वारा किए जा रहे कथा-वाचन में श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर जन्मोत्सव मनाया। महिलाओं ने पारंपरिक पीत वस्त्र धारण कर झूमते हुए भगवान श्रीकृष्ण के आगमन का उत्सव मनाया। आतिशबाजी और पुष्पवर्षा के बीच श्रद्धालुओं में खास उत्साह देखने को मिला। कथा के दौरान आचार्य ने भक्त प्रहलाद की कथा, भगवान नृसिंह अवतार और हिरण्यकश्यप वध प्रसंग का वर्णन किया। इससे पहले भगवान वामन अवतार और ध्रुव की कथा सुनाई गई। उन्होंने कलयुग में घर-घर किए जाने वाले पांच यज्ञ-गौ को पहली रोटी देना, अतिथि का सम्मान, चीटियों को आटा डालना, बुजुर्गों की सेवा और भगवान के प्रति समर्पण को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। साथ ही कहा कि मनुष्य चार ऋण लेकर जन्म लेता है- देव ऋण, ऋषि ऋण, मातृ-पितृ ऋण और राष्ट्र ऋण जिन्हें चुकाना ही जीवन का वास्तविक कल्याण है। फोटो ब्यावरा 17, 18

## बड़नगर में अज्ञात कारणों से कबाड़ा गोदाम में लगी आग



**बड़नगर।** शहर के भगवती माता मंदिर मार्ग पर स्थित कबाड़ा गोदाम में शनिवार रात्रि अज्ञात कारणों से भीषण आग गई। आग पर नगर पालिका के फायर बिग्रेड एवं आसपास के लोगो की मदद से काबू पाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भगवती माता मंदिर मार्ग पर शोएब निवासी अडान मोहल्ला का कबाड़ा गोदाम है। जिसमें शनिवार रात्रि को अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने की जानकारी पर मौके पर आस पास के रहने वाले एवं नगर पालिका के एक-एक कर चार बार फायर फाइटर पहुंचा और आग पर काबू पाया। आस पास वालो के मुताबिक आग से लाखों रुपए का नुकसान हुआ लेकिन गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया।

### पाल बघेल समाज ने मनाई अहिल्यादेवी जयंती

## लोकमाता अहिल्याबाई न्याय, धर्म और जनकल्याण को सर्वोच्च स्थान दिया- सिसोदिया



**गुना।** पाल बघेल समाज द्वारा गुना में लोकमाता अहिल्यादेवी होलकर की 301 वी जयंती के उपलक्ष्य में विशाल चल समारोह निकाला गया एवं सभा आयोजित की गई जिसमें पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया, नपा अध्यक्ष श्रीमती सविता गुप्ता, उपाध्यक्ष धरम सोनी, भाजपा महामंत्री संतोष धाकड़,समाज के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र पाल, जिलाध्यक्ष शिवचरण पाल,युवा अध्यक्ष प्रदीप बघेल दिनेश शर्मा, बृजेश राठौर, अंकुर श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे। इस मौके पर सभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने कहा कि आज मैं भारत की महान वीरांगना, कुशल प्रशासक और जनसेवा की प्रतिमूर्ति अहिल्याबाई होलकर ने अपने शासनकाल में न्याय, धर्म और जनकल्याण को सर्वोच्च महत्व दिया।वे एक ऐसी शासक थीं जिन्होंने जनता को अपने परिवार की तरह माना। उन्होंने सडकों, कुओं, धर्मशालाओं और मंदिरों का निर्माण करवाया। काशी विश्वनाथ मंदिर सहित भारत के अनेक धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा।उनकी न्यायप्रियता और सरल जीवनशैली के कारण उन्हें लोकमाता कहा जाता है। वे केवल एक शासक नहीं थीं, बल्कि महिलाओं के लिए प्रेरणा और नेतृत्व का प्रतीक भी थीं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि सच्ची शक्ति सेवा, करुणा और ईमानदारी में होती है। हम सभी को उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लेते हुए समाज की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहें। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी रतिराम पाल इंजीनियर डालचंद पंडा, कृपाल सिंह पाल पिपरिया, सरदार सिंह पाल, महामंत्री पप्पू पाल, रघुवीर सिंह पाल, कन्हैया पाल उपस्थित रहे।

## राज्यमंत्री टेटवाल से मिला सरपंचों का प्रतिनिधि मंडल

**सारंगपुर।** मप्र शासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल के सारंगपुर स्थित सेवा सदन कार्यालय पर सरपंचों प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री से मुलाकात की और विभिन्न मांगें रखी। इस दौरान श्रीटेटवाल ने मऊ सरपंच रईस मंसूरी का पंचायत में उत्कृष्ट कार्य करने पर स्वागत किया और कहा कि गांवो में विकास कार्यो में राशि के लिए कोई कमी नहीं आएगी। मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने सरपंच संघ सारंगपुर अध्यक्ष महेश गुर्जर सहित सभी सरपंचों, जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र के विकास और आपसी समन्वय को लेकर भी सकारात्मक चर्चा हुई।



शरीर की गर्मी और एसिडिटी को कम करने के लिए गुलकंद का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है। ऐसे में इसका सेवन नियमित रूप से किया जा सकता है।

# गर्मी और एसिडिटी से राहत के लिए रोज एक चम्मच गुलकंद खाने के फायदे

**गर्मियों** में तापमान बढ़ने के कारण शरीर की गर्मी बढ़ जाती है। इसके कारण पेट में गर्मी होने, पेट खराब होने, एसिडिटी, थकान होने और कब्ज होने जैसी समस्याएं होती हैं। इस स्थिति में गुलकंद का सेवन किया जा सकता है। औषधीय गुणों से भरपूर गुलकंद का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है। इसकी तासीर ठंडी होती है, साथ ही इसमें आयरन, कैल्शियम, डायटरी फाइबर, विटामिन, ए, सी, ई और बी जैसे पोषक तत्व और एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीइंफ्लेमेटरी के गुण होते हैं। इससे पाचन को कई लाभ मिल सकते हैं। आइए आयुवेर्दा की डायरेक्टर और स्त्री रोग विशेषज्ञ और आयुर्वेदिक डॉक्टर से जानें पेट के लिए गुलकंद खाने के क्या फायदे हैं?

खून में अच्छी मात्रा में आयरन होता है। इसका सेवन करने से शरीर में खून की कमी को दूर करने में मदद मिलती है। इससे स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद मिलती है।

गुलकंद में अच्छी मात्रा में विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट्स के गुण होते हैं। इसका सेवन करने से शरीर की इम्यूनिटी को बूस्ट करने और बीमारियों से बचाव करने में मदद मिलती है।

## शरीर को एनर्जी दे

गर्मियों में अधिक पसीना निकलने के कारण व्यक्ति को कमजोरी और थकान होने जैसी समस्याएं होती हैं। ऐसे में गुलकंद का सेवन करने से शरीर को ठंडक देने के साथ-साथ एनर्जी देने में भी मदद मिलती है।

## स्किन को हेल्दी रखे

गुलकंद में अच्छी मात्रा में विटामिन्स और एंटीऑक्सीडेंट्स के गुण होते हैं। रोज 1 चम्मच गुलकंद खाने से स्किन को हेल्दी रखने और गर्मी के कारण होने वाले त्वचा के रैशेज और मुंहासों को कम करने में मदद मिलती है।



## गर्मी में रोज गुलकंद खाने के फायदे

गुलकंद में बहुत से औषधीय गुण होते हैं, साथ ही इसका तासीर ठंडी होती है। ऐसे में गर्मियों में इसका सेवन करने से पाचन को दुरुस्त करने और शरीर की गर्मी को कम करने में मदद मिलती है।

## पेट की गर्मी को कम करे

गुलकंद की तासीर ठंडी होती है। ऐसे में गर्मियों में रोज 1 चम्मच गुलकंद का सेवन करने से शरीर के तापमान को बैलेंस करने, पेट को ठंडक देने, पेट की गर्मी को कम करने और लू से बचने में मदद मिलती है।

## एसिडिटी से राहत दे

गुलकंद में अच्छी मात्रा में डायटरी फाइबर होता है। इसका सेवन करने से पेट की जलन, गैस, एसिडिटी, अपच और खट्टी डकार को कम करने में मदद मिलती है। इससे पाचन तंत्र को दुरुस्त करने में मदद मिलती है।

# हमेशा ठंडे रहते हैं हाथ-पैर? जानें इसके पीछे छिपे कारण

सर्दियों के मौसम में हाथ-पैर ठंडे होना आम बात मानी जाती है, लेकिन अगर गर्म मौसम में भी आपके हाथ और पैर लगातार ठंडे रहते हैं, तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

कई लोगों के हाथ और पैर हमेशा ठंडे रहते हैं, चाहे मौसम सर्दी का हो या गर्मी का। आमतौर पर लोग इसे सामान्य समस्या मानकर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन बार-बार या लगातार ठंडे हाथ-पैर शरीर में किसी अंदरूनी बीमारी का संकेत भी हो सकते हैं। शरीर का ब्लड सकुर्लेशन, मेटाबॉलिज्म और नसों का फंक्शन सही तरीके से काम न करे तो हाथ और पैरों तक पर्याप्त गर्माहट नहीं पहुंच पाती। यही कारण है कि व्यक्ति को हर समय ठंडापन महसूस होता है।

## हाथ-पैर हमेशा ठंडे रहने के कारण

लगातार ठंडे हाथ-पैर शरीर में ब्लड सकुर्लेशन या मेटाबॉलिज्म से जुड़ी समस्याओं की ओर इशारा कर सकते हैं।

1. **एनीमिया और थायराइड की समस्या-** एनीमिया यानी शरीर में खून की कमी होने पर टिश्यू तक पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती। इससे शरीर में कमजोरी, थकान और हाथ-पैरों में ठंडापन महसूस हो सकता है। वहीं हाइपोथायरायडिज्म यानी थायराइड हार्मोन कम होने पर शरीर का मेटाबॉलिज्म धीमा पड़ जाता है। इससे शरीर कम गर्मी पैदा करता है और व्यक्ति को सामान्य तापमान में भी ज्यादा ठंड लग सकती है।
2. **डायबिटीज और नसों की समस्या-** डायबिटीज से पीड़ित लोगों में नसों को नुकसान पहुंचने और ब्लड सकुर्लेशन खराब होने का खतरा ज्यादा होता है। इसी कारण कई मरीजों को पैरों में लगातार ठंडापन महसूस होता है। कुछ मामलों में झनझनाहट, सुन्नपन और जलन जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। इसके अलावा तनाव और एंग्जायटी भी ब्लड वेसल्स को संकुचित कर देते हैं, जिससे हाथ-पैरों तक ब्लड का फ्लो कम हो सकता है।

# Sport

आईसीसी ने गुलाबी गेंद के ट्रायल की मंजूरी दी; वनडे में हेड कोच मैदान पर जा सकेंगे

# खराब रोशनी से टेस्ट मैच नहीं रुकेगा

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद



टेस्ट क्रिकेट में खराब रोशनी की वजह से खेल रुकने की समस्या जल्द ही खत्म हो सकती है। दिन में होने वाले टेस्ट मैच में लाल गेंद से खेल होता है। अगर खराब रोशनी से खेल रुकता है तो दोनों की कप्तानों की सहमति से गुलाबी गेंद का इस्तेमाल हो सकेगा। गुलाबी गेंद फ्लड लाइट्स में देखी जा सकती है। लाल गेंद से फ्लड लाइट्स में खेल नहीं हो पाता है।

अहमदाबाद में सोमवार को हुई आईसीसी की सालाना बैठक में इसके ट्रायल को मंजूरी दे दी गई है। शुरूआत में यह ट्रायल कुछ ही मैचों तक सीमित रहेगा। अच्छे नतीजे मिलने पर इसे सभी टेस्ट मैचों पर लागू किया जाएगा।

आईसीसी ने इंटरनेशनल क्रिकेट से जुड़े कुछ और प्लेइंग कंडीशंस में बदलावों को मंजूरी दे दी है। सभी बदलाव 1 अक्टूबर से लागू होंगे।

आईसीसी ने अंपायर को अवैध गेंदबाजी एक्शन की रिपोर्ट पर विचार करते समय हॉक-आई डेटा देखने की अनुमति भी दी है। हॉक-आई कैमरा-आधारित ट्रैकिंग तकनीक है, जो कई हाई-स्पीड कैमरों की मदद से गेंद की गति और उसके रास्ते का 3ऊ मॉडल तैयार करती है। क्रिकेट में इसका सबसे ज्यादा उपयोग ऊफ्र के तहत छइह फैसलों में होता है, जहां यह अनुमान लगाया जाता है कि बल्लेबाज के पैड से टकराने के बाद गेंद स्टंप्स को लगती या नहीं। इससे अंपायरों को अधिक सटीक निर्णय लेने में मदद मिलती है। आईसीसी महिला चैंपियंस ट्रॉफी 2027 की विंडो बदल दी गई है। यह टूर्नामेंट अब जून-जुलाई की जगह 14 से 28 फरवरी 2027 के बीच खेला जाएगा।

## नई लाइटिंग टेक्नोलॉजी पर रिसर्च की अनुमति

खराब रोशनी के कारण खेल रुकने की समस्या कम करने के लिए नई लाइटिंग टेक्नोलॉजी पर रिसर्च करने की अनुमति भी बैठक में दी गई। क्उउ और मेरिलबोर्न क्रिकेट क्लब (टउउ) मिलकर नइस प्रोजेक्ट्स को फंड करेंगे। अब वनडे मैचों में किसी टीम का हेड कोच ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान मैदान पर जाकर खिलाड़ियों से बातचीत कर सकेगा। पहले यह अनुमति सिर्फ टी-20 मैचों में ही थी।

# पाटीदार ने धोनी और रोहित की बराबरी की

## सूर्यवंशी ने सीजन में सबसे ज्यादा 72 सिक्स लगाए

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद




आईपीएल 2026 रिकॉर्ड्स वाला सीजन साबित हुआ। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लगातार दूसरी बार ट्रॉफी जीतकर इतिहास रचा। कप्तान रजत पाटीदार ने महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा के खास क्लब में जगह बना ली। वे लगातार दो ट्रॉफी जीतने वाले तीसरे कप्तान बने।

फाइनल में विराट कोहली ने अपने क्धछ करियर की सबसे तेज फिफ्टी लगाकर जीत दिलाई। दूसरी ओर, 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने एक सीजन में 72 सिक्स लगाकर क्रिस गेल का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया और एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। सूर्यवंशी सबसे कम उम्र में ऑरेंज कैप जीतने वाले खिलाड़ी भी बने। इस सीजन बल्लेबाजों ने मिलकर रन बनाने का नया इतिहास भी रच दिया। पूरे सीजन में 27,450 रन बने, जो आईपीएल के किसी भी सीजन में सबसे ज्यादा हैं। बेंगलुरु ने लगातार दूसरी बार आईपीएल ट्रॉफी जीतकर इतिहास रच दिया। टीम लगातार दो सीजन (2025, 2026) चैंपियन बनने वाली सिर्फ तीसरी फ्रेंचाइजी बनी। इससे पहले केवल चेन्नई सुपर किंग्स (2010, 2011) और मुंबई इंडियंस (2019, 2020) ही यह उपलब्धि हासिल कर सके थे। बेंगलुरु सबसे ज्यादा ट्रॉफी जीतने वाली टीमों की लिस्ट में कोलकाता (3), मुंबई (5) और चेन्नई (5) के बाद चौथे स्थान पर पहुंच गई।

## नेपाल ने टी20 में दूसरी बार बनाया 300+ स्कोर

**नई दिल्ली।** नेपाल ने टी-20 क्रिकेट में दूसरी बार 300 रन से ज्यादा का स्कोर बनाया है। टीम ने रविवार को एशियन गेम्स के क्वालिफायर में चीन के खिलाफ यह कारनामा किया है। इस मुकाबले में नेपाल को 221 रन की जीत मिली। सिंगापुर के नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में चीन ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

**ए-वन मेरिज ब्यूरो**
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें।
पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931
पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 9054036759

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गैस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### मायके में रह रही महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में मायके में रह रही एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, स्कीम नंबर-136 निवासी दीपिका वाघला (32) पत्नी दिलीप वाघला ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। परिजनों ने बताया कि दीपिका दोपहर में कमरे में आराम करने गई थी। रविवार देर शाम तक वह बाहर नहीं आई तो उसकी मां ने आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद पिता और छोटी बहन कमरे के पास पहुंचे। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर उन्होंने दरवाजे का लॉक तोड़ा। अंदर जाकर देखा तो दीपिका फंदे पर लटकी हुई थी। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। परिजनों के मुताबिक दीपिका की शादी करीब 12 साल पहले अलीराजपुर में हुई थी। उसके पति एक एनजीओ में काम करते हैं। गर्मी की छुट्टियों के चलते वह करीब एक महीने पहले अपने तीन बच्चों के साथ इंदौर स्थित मायके आई थी। घटना के समय उसके बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे। परिजनों ने किसी भी प्रकार का सुसाइड नोट मिलने से इनकार किया है। शुरूआती स्तर पर आत्महत्या के पीछे पारिवारिक कलह की आशंका जताई जा रही है, हालांकि परिजनों ने इस संबंध में खुलकर कुछ नहीं कहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद अलीराजपुर से ससुराल पक्ष के लोग भी इंदौर पहुंच गए हैं। पुलिस का कहना है कि मृतका के मोबाइल फोन की जांच और परिजनों के बयान दर्ज करने के बाद ही आत्महत्या के कारणों की स्पष्ट जानकारी सामने आ सकेगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### शादी का झांसा देकर शिक्षिका से दुष्कर्म, इंस्ट्राग्राम पर हुई थी दोस्ती

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक निजी स्कूल की शिक्षिका ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। लसूड़िया पुलिस के अनुसार एक युवती की शिकायत पर विभूम मिश्रा निवासी वृंदावन हीराबाग के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज किया गया है। शिकायत में युवती ने बताया कि जुलाई 2025 में उसकी पहचान इंस्टाग्राम के माध्यम से विभूम मिश्रा से हुई थी। दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और धीरे-धीरे दोस्ती हो गई। जनवरी 2026 में दोनों की इंदौर में पहली मुलाकात हुई। इस दौरान आरोपी ने युवती से कहा कि वे दोनों एक ही समाज से हैं और वह उससे प्रेम करता है तथा शादी करना चाहता है। पीड़िता के अनुसार आरोपी के विवाह प्रस्ताव को स्वीकार करने के बाद दोनों के बीच मुलाकातों का सिलसिला शुरू हो गया। फरवरी 2026 में आरोपी उसे वृंदावन हीराबाग स्थित अपने फ्लैट पर ले गया, जहां शादी का भरोसा दिलाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। युवती का आरोप है कि इसके बाद भी आरोपी ने कई बार शादी का आश्वासन देकर उसके साथ संबंध बनाए। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि कुछ समय बाद जब उसने आरोपी से शादी की बात आगे बढ़ाने और परिवार से चर्चा करने के लिए कहा, तो उसका व्यवहार बदल गया। एक रेस्टोरेंट में मुलाकात के दौरान आरोपी ने कथित तौर पर कहा कि उनके बीच जो कुछ हुआ उसे भूल जाना चाहिए, क्योंकि वह अब शादी नहीं कर सकता। इसके बाद आरोपी अपने गृह नगर पिपरिया चला गया और वापस नहीं लौटा। पीड़िता का कहना है कि उसने कई बार फोन और अन्य माध्यमों से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन आरोपी ने बातचीत बंद कर दी। आखिरकार युवती रविवार को लसूड़िया थाने पहुंची और पूरे घटनाक्रम की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम रवाना कर दी गई है और मामले की जांच जारी है।

### मोबाइल अपडेट के बाद खाते से निकले 1.93 लाख, पुलिस कर रही जांच

**इंदौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र में एक लॉजिस्टिक कंपनी के कर्मचारी के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। मोबाइल पर सिस्टम अपडेट का मैसेज आने के बाद तकनीकी समस्या शुरू हुई और कुछ दिनों बाद उसके बैंक खाते से करीब 1 लाख 93 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हीरानगर पुलिस के अनुसार सुखलिया निवासी अंकित गुप्ता की शिकायत पर रविवार को धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया। अंकित ने पुलिस को बताया कि उसने जनवरी 2026 में नया मोबाइल फोन खरीदा था। 15 मई को उसके मोबाइल पर सिस्टम अपडेट का मैसेज आया, जिसके बाद उसने फोन अपडेट कर लिया। अपडेट के बाद मोबाइल की कुछ एप्लीकेशन ठीक से काम नहीं कर रही थीं। समस्या दूर करने के लिए उसने एक एप डाउनलोड किया, जिसके बाद दो दिन तक मोबाइल सामान्य रूप से चलता रहा। हालांकि 18 मई को फिर से मोबाइल में तकनीकी दिक्कत आने लगी और फोन पूरी तरह से बंद हो गया। अंकित ने बताया कि 19 मई को वह मोबाइल को सर्विस सेंटर पर रिपेयरिंग के लिए देकर आया था। शाम को जब उसने मोबाइल वापस लिया और बैंक खाते का बैलेंस चेक किया तो उसके होश उड़ गए। खाते से करीब 1 लाख 94 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर हो चुके थे।

### सड़क पर शराब पीने से रोका तो मारा चाकू, दोनों पक्षों के कई लोग घायल

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने से रोकने को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने हथियार निकाल लिए और जमकर चाकूबाजी हुई। घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार जनता क्वार्टर निवासी विनोद उर्फ पन्नू सिंह जादौन (48) ने शिकायत दर्ज कराई है कि 31 मई की रात करीब 11 बजे वह सांची पॉइंट के सामने टहल रहा था। इसी दौरान उसने मंगू सरदार उर्फ राजदीप, जयेश संकट तथा उनके साथियों राहुल और नितिन को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते देखा। विनोद ने उन्हें समझाइश देते हुए कहा कि यह रिहायशी इलाका है और यहां महिलाओं का आना-जाना रहता है, इसलिए सड़क पर शराब न पिएं। विनोद के मुताबिक उसकी बात सुनकर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जयेश संकट ने उसके साथ मारपीट की, जबकि मंगू सरदार ने चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया। चाकू का वार विनोद के गले के बाईं ओर लगा, जिससे वह घायल हो गया।

## जमीन अधिग्रहण के खिलाफ राशन-पानी लेकर हजारों किसान जुटे

# दिव्यांग ने कलेक्टोरेट के बाहर अर्द्धनग्न होकर गर्म सड़क पर लोट लगाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) के पूर्वी बायपास प्रोजेक्ट और इंदौर-मनमाड़ रेलवे लाइन के लिए जमीन अधिग्रहण का विरोध कर रहे किसानों ने इंदौर कलेक्टोरेट के बाहर गंजी कंपाउंड में प्रदर्शन किया। इस दौरान दिव्यांग किसान ने अर्द्धनग्न होकर गर्म सड़क पर लोट लगाई तो गर्मी के कारण दो किसानों की तबीयत बिगड़ गई, जिन्हें अस्पताल भेजा गया।

खंडवा रोड और आसपास के गांवों के किसान प्रदर्शन में शामिल हैं। उनका कहना है कि जब तक दोनों प्रोजेक्ट निरस्त नहीं किए जाते हैं, वे प्रदर्शन करते रहेंगे। किसान परिवार अपने साथ आटा-सामान लेकर आए हैं, ताकि मांग पूरी होने में कुछ दिन भी लगे तो उनका धरना-प्रदर्शन प्रभावित न हो। प्रदर्शन में महिलाओं के साथ बच्चे भी हैं।





धरने में मुख्य रूप से सिमरोल, तिल्लौर खुर्द, फरसपुर, खुड़ैल आदि गांव के किसान शामिल हैं। किसानों का कहना है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी जाती हैं तो वे यहीं भोजन बनाएंगे और करेंगे। उधर, प्रदर्शन के दौरान किसान हजारीलाल को चक्कर आने से तबीयत खराब हो गई। हालांकि कुछ देर बाद वे ठीक हो गए।

मालूम हो कि हाई कोर्ट ने पिछले महीने एक याचिका पर इस योजना को लेकर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश जारी किया था। यह आदेश भारतीय किसान यूनियन की ओर से हाई कोर्ट में लगाई गई एक जनहित याचिका की सुनवाई में जारी किया गया। साथ ही एनएचएआई और प्रशासन को नोटिस भी जारी हुए हैं।

**सुबह से प्रदर्शन कर रहे किसान**

पूर्वी रिंग रोड को लेकर किसान सुबह से प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान सड़कों पर बड़ी संख्या में किसान बैठे हैं। किसानों का कहना है कि इससे पहले भी कई बार प्रदर्शन कर चुके हैं, पर मांग पूरी नहीं हुई, इसलिए इस बार अनिश्चितकालीन धरना देने आए हैं।

**अधिकारियों की बातों का असर नहीं**

प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी किसानों को समझाने का प्रयत्न कर रहे हैं, पर वे मानने को तैयार नहीं हैं। उनका कहना है कि इससे पहले भी कई बार ऐसा ही हो चुका है। प्रदर्शन खत्म होते ही सब भूल जाते हैं। इसलिए इस बार स्थायी समाधान होने तक बैठे रहेंगे।

## एडवोकेट का पैराग्लाइडिंग करते आस्था और साहस का अनूठा संगम देखने को मिला

# 10 हजार फीट की ऊंचाई पर हनुमान चालीसा का पाठ किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

आस्था और साहस का अनूठा संगम उस समय देखने को मिला जब इंदौर हाई कोर्ट के एडवोकेट दिलीप नागर ने हिमाचल प्रदेश के मनाली में पैराग्लाइडिंग के दौरान करीब 10 हजार फीट की ऊंचाई पर हनुमान चालीसा का पाठ किया। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

वायरल वीडियो में दिलीप नागर खुले आसमान में पैराग्लाइडिंग करते हुए हनुमान चालीसा का पाठ करते नजर आ रहे हैं। तेज हवा और ऊंचाई के बीच उनके द्वारा किए गए पाठ को लेकर लोग उनके साहस की सराहना कर रहे हैं।



**बोले-हनुमानजी का स्मरण करना स्वाभाविक था-** दिलीप नागर पिछले चार वर्षों से इंदौर हाई कोर्ट में वकालत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पैराग्लाइडिंग के दौरान इतनी ऊंचाई पर पहुंचकर उन्हें ईश्वर के बेहद करीब होने का एहसास हुआ। उस आध्यात्मिक अनुभव के बीच हनुमानजी का स्मरण करना उनके लिए स्वाभाविक था, इसलिए उन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया। नागर ने बताया कि वे हनुमानजी के भक्त हैं और नियमित रूप से उनका स्मरण करते हैं। मनाली में पैराग्लाइडिंग के दौरान टीम के सदस्यों ने ही उनका यह वीडियो रिकॉर्ड किया, जो अब सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा किया जा रहा है। हालांकि इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन माना जा रहा है कि संभवतः यह पहला अवसर है जब किसी एडवोकेट ने पैराग्लाइडिंग के दौरान इतनी ऊंचाई पर हनुमान चालीसा का पाठ किया हो। रविवार को रिकॉर्ड किया गया यह वीडियो अब लोगों के बीच आस्था, रोमांच और आत्मविश्वास का प्रतीक बनकर उभर रहा है।

## दोषी छात्रों को 25 हजार पेनाल्टी भरने पर ही मिलेगा रिजल्ट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के आईईटी डिपार्टमेंट के हॉस्टल में अर्धनग्न होकर डांस करने और तोड़फोड़ करने के मामले में दोषी स्टूडेंट्स के पेरेंट्स को बुलवाया जा रहा है। अब तक 5 स्टूडेंट्स के पेरेंट्स आ चुके है, इसमें एक ही स्टूडेंट ने 25 हजार रुपए की पेनाल्टी भरी है।

आईईटी डायरेक्टर डॉ.प्रतोष बंसल का कहना है कि मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है। इसलिए मामले में दोषी स्टूडेंट्स का रिजल्ट रोक लिया गया है। उनका रिजल्ट उन्हें तभी दिया जाएगा जब वे 25 हजार रुपए पेनाल्टी जमा करेंगे। बिना पेनाल्टी के किसी भी दोषी स्टूडेंट को रिजल्ट नहीं दिया जाएगा। हालांकि अभी एक ही स्टूडेंट ने 25 हजार रुपए की पेनाल्टी जमा की है। मामले में दोषी 17 स्टूडेंट्स के पेरेंट्स को भी बुलाया गया है। अब तक 5 स्टूडेंट्स के पेरेंट्स मिलने आ चुके हैं।

हॉस्टल में उत्पात मचाने वाले फाइनल इयर के स्टूडेंट्स के एग्जाम के कुछ पेपर बचे थे। उत्पात मचाने के बाद उन्हें एग्जाम भी नहीं देने दी गई थी। अब इन स्टूडेंट्स की एग्जाम 15 जून के आसपास कराई जा सकती है।

एग्जाम को लेकर भी प्रबंधन तैयारी में जुटा है। बता दें कि पेनाल्टी लगाने, रिजल्ट रोकने, एग्जाम नहीं देने का निर्णय कमेटी द्वारा लिया गया था। डिपार्टमेंट के रामानुजन छात्र छात्रावास में रहने वाले फाइनल इयर के स्टूडेंट्स ने जमकर उत्पात मचाया था। उन्होंने हॉस्टल परिसर में अर्धनग्न होकर डांस किया था साथ ही हॉस्टल की संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया था।

## बस के जरिए लगाए जाएंगे कैंप, जांच व इलाज होगा फ्री

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

महिलाओं को कैंसर के प्रति जागरूक करने और शुरूआती स्टेज में ही पहचान कर इसे जड़ से खत्म करने के लिए गली-गली स्क्रीनिंग वैन पहुंचेगी। वैन में मौजूद डॉक्टर ओरल, ब्रेस्ट और सर्विक्स कैंसर की मशीन के जरिए जांच करेंगे। किसी भी तरह की बीमारी मिलने पर इलाज भी करेंगे। सभी जांचें और इलाज मुफ्त होगा। दरअसल, कैंसर के प्रति जागरूकता के लिए संस्था उम्मीद ने एक मुहिम की शुरूआत की है। प्रोजेक्ट मां के तहत करीब डेढ़ करोड़ की लागत से हाईटेक बस तैयार की गई है, जो चलते-फिरते आधुनिक क्लिनिक की तरह काम करेगी। यह वैन गांव-गांव और गलियों में जाकर महिलाओं की कैंसर जांच करेगी। इंदौर के साथ ही प्रदेशभर के अन्य शहरों और ग्रामीण इलाकों में भी बस के जरिए कैंप लगाए जाएंगे। बस में मिलेंगी अत्याधुनिक सुविधाएं बस के अंदर कैंसर क्लिनिक की तरह ही अत्याधुनिक जांचों के लिए मशीनें और सैंपल लेने के लिए सुविधा रहेगी।

## तीसरी मंजिल से गिरकर टाइल्स कारीगर की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक टाइल्स कारीगर की तीसरी मंजिल से गिरने के बाद मौत हो गई। घटना रविवार रात की बताई जा रही है। परिजनों ने मामले में साथियों पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं, जबकि पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार गोलू बड़ोले (32) पुत्र राजाराम बड़ोले निवासी वृंदावन कॉलोनी देवास नाका को रविवार देर रात उसका भाई अजय एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचा था। अजय ने बताया कि गोलू टाइल्स लगाने का काम करता था और लसूड़िया क्षेत्र की एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि रविवार रात काम के दौरान गोलू तीसरी मंजिल से सीढ़ियों के बीच बनी खाली जगह से नीचे गिर गया। घटना के बाद उसके साथ काम करने वाले मजदूरों ने परिजनों को इसकी सूचना दी।

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

श्री मद भागवत महापुराण पितृकथा
पितृ शांति एवं पुण्य लाभ का अवसर
अधिक मास के पावन अवसर पर, अपने पितरों की आत्मिक शांति और मोक्ष की कामना हेतु हम श्री मद भागवत महापुराण पितृ कथा का आयोजन करने जा रहे हैं।
पतित पावनी नगरी उज्जैन की पवित्र धरा पर, भागवत आचार्य डॉ. पं. नलिन शर्मा जी के मुखारविंद से अमृतमयी कथा का श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त करें।
तिथि: 1 जून से 7 जून 2026
अपने पितरों की मोक्ष प्राप्ति हेतु इस पितृ भागवत में यजमान बनने का सौभाग्य प्राप्त करें।
कथा स्थल : श्री राम मंदिर गढ़कालिका चौराहा उज्जैन
भगवताचार्य डॉ. पं. नलिन शर्मा (मोबा.9179271166)

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com